शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 131 | गुवाहाटी | गुरुवार, 7 दिसंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

आप्पू ने सांगी लादेन स्पोर्ट्स अकादमी के छात्रावास में हुई घटना की कड़ी निंदा की पेज 3
राज्यपाल ने की प्रदेश की कानून और शांति व्यवस्था की समीक्षा पेज 4
भारतीयता का अपमान करने वाले आम्बेडकर विरोधी : योगी पेज 5
इस्तीफा देने वाले सांसदों ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात, दीया कुमारी नड्डा से मिलीं पेज 8

# राज्य में अपराध दर में भारी गिरावट का कारण समझौता न करने वाली पुलिसिंग : सीएम

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि *मजबूत और समझौताहीन पुलिसिंग* अपराध की घटनाओं में गिरावट की कुंजी रही है, उन्होंने कहा कि अगर कानून और व्यवस्था ठीक रही तो राज्य तीन साल के भीतर *स्वर्ग* बन जाएगा। इसी प्रकार बनाए रखा गया है। शर्मा की टिप्पणी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें पता चला है कि असम में संज्ञेय अपराधों की कुल संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 2022 में 48.26 प्रतिशत गिरकर लगभग 69,000 मामले हो गई। शर्मा ने कहा कि अपराध दर में इस गिरावट का कारण मजबूत और समझौताहीन पुलिस व्यवस्था है; मजबूत पुलिसिंग का कोई विकल्प नहीं है। अगर हम तीन साल तक इस मजबूत पुलिस व्यवस्था को बनाए रख सकें, तो असम स्वर्ग बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहली बार है जब असम में 1979 के बाद से कुल अपराधों में गिरावट देखी गई है और सरकार को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि अपराधों की संख्या के मामले में असम 2021 में भारत में नौवें स्थान पर था। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, हम अब 20वें स्थान पर हैं और यह वास्तव में अच्छी खबर है। शर्मा ने कहा कि विकासात्मक गतिविधियों और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने से भी राज्य के अपराध ग्राफ को कम करने में मदद मिली है। हालांकि, उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं और बाल विवाह से संबंधित मामलों के पंजीकरण में वृद्धि होगी, क्योंकि राज्य इस समस्या के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है। सीएम ने बिना विस्तार के आगे कहा कि 2026 तक, हम असम से बाल विवाह का सफाया कर देंगे। अगले विधानसभा सत्र के बाद, हम बहुविवाह भी समाप्त कर देंगे कि। असम में सजा की कम दर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसका एक मुख्य कारण आईपीसी 498 (ए) के तहत वैवाहिक कलह के मामले दर्ज करना है, जिसे अंतत: कई शिकायतकर्ता निपटान के बाद वापस ले लेते हैं। शर्मा ने कहा कि असम में, इस धारा के तहत सबसे अधिक मामले दर्ज किए जाते हैं और ये वर्षों तक जारी रहते हैं। जब तक मामला अदालत में जाता है, तब तक पत्नी और पति अपने मतभेद सुलझा लेते हैं। 2022 में सजा की दर पिछले वर्ष के 6.13 प्रतिशत के मुकाबले 13.56 प्रतिशत रही। हम अभियोजन निदेशालय और नियमित अभियोजन सेवा कैडर के निर्माण सहित कई उपाय कर रहे हैं। हमें जल्द ही बड़े सुधार की उम्मीद है। उन्होंने कहा, वर्तमान में लगभग 32,000 मामले बिना आरोप पत्र दाखिल किए पुलिस स्टेशनों में लंबित हैं। मुख्यमंत्री ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत दर्ज मामलों में गिरावट के लिए विभिन्न आतंकवादी समूहों के हजारों कैडरों के आत्मसमर्पण को जिम्मेदार ठहराया। शर्मा ने यह भी कहा कि राज्य पुलिस ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के साथ मिलकर हाल ही में एक गिरोह का -शेष पृष्ठ दो पर



## 2026 तक राज्य से बाल विवाह का होगा सफाया : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने आज कहा कि राज्य में बाल विवाह 2026 तक पूरी तरह खत्म हो जाएगा। आज मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2026 के बाद राज्य में बाल विवाह का कोई उदाहरण नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा सत्र में बहुविवाह के खिलाफ कानून भी लाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल की शुरुआत में अक्तूबर में, असम पुलिस ने कुल 1,039 पुरुषों को कानून द्वारा अनुमत उम्र से कम उम्र में लड़कियों से शादी करने या बाल विवाह को प्रोत्साहित करने या अनुमति देने के आरोप में गिरफ्तार किया था। -शेष पृष्ठ दो पर

## अब रिश्वत देकर नौकरी करने का दिन नहीं रहा : डॉ. शर्मा



**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि अब पैसे देकर नौकरी करने का दिन नहीं रहा। उनके अनुसार, मीडिया और विपक्ष असम में नौकरी के बाजार को दिखा रहे हैं। जितना अधिक मीडिया इसके बारे में लिखता रहेगा, उतना ही यह मुद्दा सुर्खियों में रहेगा। एपीएससी घोटाले पर एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस बारे में कुछ नहीं कहूंगा। युवा पीढ़ी इस तरह की चर्चाओं से निराश -शेष पृष्ठ दो पर

## लालदुहोमा कल लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**एजल।** जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के नेता लालदुहोमा शुक्रवार को मिजोरम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राजभवन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि लालदुहोमा के अलावा उनकी मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों को भी शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे राजभवन में एक समारोह में शपथ दिलाई जाएगी। इससे पहले, लालदुहोमा ने राज्यपाल हरी बाबू कंभमपति से मुलाकात कर सरकार बनाने -शेष पृष्ठ दो पर

## पुलिस ने हिरासत से भागने की कोशिश कर रहे व्यक्ति को गोली मारी



**नगांव।** असम के नगांव जिले में बुधवार को पुलिस ने हिरासत से भागने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि व्यक्ति को कथित आपराधिक गतिविधियों में उसकी संलिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया था। रूपहीहाट में पुलिस ने डकैती और लूटपाट के विभिन्न मामलों में कथित संलिप्तता को लेकर व्यक्ति को मंगलवार को गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस उसे हथियार बरामद करने के लिए कालियाबोर में स्थान पर ले गई थी, वहां से पिस्तौल बरामद होने के बाद -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## रोजगार के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली सौ से ज्यादा वेबसाइट ब्लॉक



**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने संगठित अवैध निवेश और कार्य आधारित अंशकालिक रोजगार के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली 100 से अधिक वेबसाइटों को ब्लॉक कर दिया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गृह मंत्रालय की सिफारिश पर बुधवार को यह कार्रवाई की। दरअसल इन वेबसाइट का संचालन विदेश में बैठे लोग कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक इकाई भारतीय *साइबर अपराध समन्वय केंद्र* ने अपनी *राष्ट्रीय साइबर अपराध जोखिम विश्लेषण इकाई* (एनसीटीएयू) के जरिए पिछले साल संगठित निवेश और कार्य आधारित अंशकालिक नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली 100 से ज्यादा वेबसाइट की पहचान की थी और उन्हें बंद करने की सिफारिश की थी। आधिकारिक बयान के मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून-2000 के तहत इन वेबसाइट्स को -शेष पृष्ठ दो पर

## पीओके के लिए 24 सीटें आरक्षित : अमित शाह



**नई दिल्ली।** लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर पर लोकसभा में मंजूरी के लिए लाए गए दो विधेयक उन लोगों को अधिकार प्रदान करने से संबंधित हैं जिन्होंने अन्याय का सामना किया और अपमानित और नजरअंदाज किए गए। चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर से विस्थापित हुए लोगों के लिए सहानुभूति जताई। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि पीओके हमारा है और सारा का सारा है। उन्होंने ये भी कहा कि हर प्रताड़ित कश्मीरी याद रखेगा कि पीएम मोदी ने उनके लिए क्या किया है। उन्होंने कहा कि पहले जम्मू में 37 सीटें थीं, अब 43 हैं। कश्मीर में पहले 46 थीं, अब 47 हैं और पीओके में 24 सीटें आरक्षित की गई हैं क्योंकि पीओके हमारा है। जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 पर बहस का जवाब देते हुए, गृह मंत्री ने कहा कि विधेयक उन लोगों को न्याय देने का प्रयास करते हैं जिन्हें अपने ही देश में शरणार्थी बनने के लिए मजबूर किया गया था। उन्होंने कहा कि जो विधेयक मैं यहां लाया हूं वह उन लोगों को न्याय दिलाने और उनके अधिकार प्रदान करने से संबंधित है जिनके खिलाफ अन्याय हुआ, जिनका अपमान किया गया और जिनकी उपेक्षा की गई। किसी भी समाज में, जो वंचित हैं उन्हें आगे लाना चाहिए। यही मूल बात है भारत के संविधान की। लेकिन उन्हें इस तरह से आगे लाना होगा जिससे उनका सम्मान कम न हो। अधिकार देना और सम्मानपूर्वक अधिकार देना दोनों में बहुत बड़ा अंतर है। -शेष पृष्ठ दो पर

Door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*जब क्रोध में हों, तो दस बार सोचकर बोलिए, जब ज्यादा क्रोधित अवस्था में हों, तो हजार बार सोचिए।*

– **जेफरसन**

## विस चुनाव जीतने के बाद भाजपा के दस सांसदों ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 12 सांसदों में से 10 ने बुधवार को संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों ने बताया कि दो अन्य सांसद भी जल्द इस्तीफा देंगे। अधिकारियों ने बताया कि इस्तीफा देने वाले 10 सांसदों में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्राह्लाद पटेल सहित नौ लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सदस्य शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि दो अन्य सांसद केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह और महंत बालकनाथ -शेष पृष्ठ दो पर

## चेन्नई में अब भी बाढ़, कई क्षेत्रों में बिजली गुल, सैकड़ों लोग राहत शिविरों में



**चेन्नई।** चेन्नई चक्रवात मिचौंग के बाद से जूझ रहा है। स्थानीय लोगों को बुधवार को शहर और पड़ोसी इलाकों के कई हिस्सों में जलभराव और बिजली व्यवधान से जूझना पड़ा। तमिलनाडु सरकार ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में *एहतियाती उपाय* के रूप में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई है क्योंकि केबल पानी में डूबे हुए हैं और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। चक्रवात के कारण हुई भारी बारिश के कारण वेलाचेरी और तांबरम सहित इलाकों में बाढ़ आ गई थी। बुधवार को, लोगों को अपने घरों को -शेष पृष्ठ दो पर

*पीएम के लिए असंसदीय भाषा*

## भाजपा ने तृणमूल के 60 विधायकों के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिक




**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल भाजपा ने मौजूदा विधानसभा सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के लिए कथित तौर पर असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने के लिए 60 तृणमूल कांग्रेस विधायकों के खिलाफ दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। सदन में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसके पहले राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य द्वारा सोमवार शाम ममता बनर्जी -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### दैनिक समाचार पत्र का संवाददाता अल्फा में शामिल

**गुवाहाटी (हि.स.)।** एक सनसनीखेज घटनाक्रम में डिब्रूगढ़ जिले के नाहरकटिया का एक पत्रकार कथित तौर पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम-स्वाधीन (उल्फा-स्व) में शामिल हो गया है। बिद्युत महंत नामक एक स्थानीय दैनिक के संवाददाता ने फेसबुक पर असमिया में एक लंबा पोस्ट लिखकर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। पत्रकार के अल्फा (स्वा.) में शामिल होने के बाद इलाके -शेष पृष्ठ दो पर

## बाल रूप में अयोध्या में विराजमान होंगे रामलला, 90 प्रतिशत तैयार हुई मूर्ति



22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से पहले श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बुधवार को कहा कि भगवान राम के बाल रूप को दर्शाने वाली मूर्ति 90 प्रतिशत तैयार है। उन्होंने बताया कि कि राम जन्मभूमि मंदिर में, भगवान राम के 5 वर्षीय बाल रूप को दर्शाने वाली मूर्ति का निर्माण अयोध्या में तीन स्थानों पर किया जा रहा है। तीन कारीगर पत्थर के तीन अलग-अलग टुकड़ों पर मूर्ति का निर्माण कर रहे हैं, इनमें से श्रेष्ठतम कृति को चुना जाएगा। चंपत राय ने कहा कि ये मूर्तियां 90 प्रतिशत तैयार हैं और परिष्करण कार्य पूरा होने में लगभग एक सप्ताह लगेगा। उन्होंने कहा कि मूर्ति को भूतल पर *गर्भगृह* में स्थापित किया जाएगा। मंदिर का भूतल लगभग तैयार है। इसलिए, प्राण-प्रतिष्ठा (अभिषेक समारोह) में कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने बताया कि -शेष पृष्ठ दो पर

## गरबा यूनेस्को के अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल

*सदियों पुरानी विरासत और संस्कृति को वैश्विक मंच पर जगह : मुख्यमंत्री*



**गांधीनगर (हि.स.)।** गुजरात की विशिष्ट पहचान गरबा को यूनेस्को ने अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है। गरबा को वैश्विक पहचान मिलने पर आम गुजराती से लेकर मुख्यमंत्री समेत लोगों ने गर्व की अनुभूति के साथ प्रसन्नता जाहिर की है। गरबा को सांस्कृतिक विरासत में स्थान मिलने पर बुधवार रात को अंबाजी और पावागढ़ में इसकी उत्सव मनाया जा रहा है। यूनेस्को की घोषणा के बाद से ही गुजरात में आनंद का वातावरण है। छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक में इसके प्रति ललक देखने को मिलती है। खासकर जब नवरात्र का त्योहार आता है तो पूरा गुजरात 09 दिनों तक माता की आराधना करते हुए गरबा कर उन्हें रिझाने की -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# हमें गोमाता वाले देश की संतान होने पर गर्व : हिमंत



**नई दिल्ली।** द्रमुक के सांसद सेंथिल कुमार ने भाजपा का जनाधार बताने के लिए की गई अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी को भले ही वापस लेते हुए माफी मांग ली हो, लेकिन भाजपा उन्हें नसीहत देने और इस तरह अपने राजनीतिक एजेंडे को भी आगे बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ रही। सेंथिलकुमार ने भाजपा को गोमूत्र वाले राज्यों की पार्टी बताते हुए कहा था कि वह केवल इन्हीं राज्यों में चुनावी सफलता हासिल कर सकती है। इसका जवाब देते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि गोमाता तो गर्व की बात है। सेंथिलकुमार को गोमाता वाले प्रदेश बोलना चाहिए था। शर्मा ने सेंथिल को नसीहत दी कि उन्हें गोमूत्र वाले राज्य नहीं कहना चाहिए था, क्योंकि यह अपमानजनक है। यह सारा देश गोमाता वाला है। हाल के समय में यह दूसरा अवसर है जब द्रमुक के किसी नेता ने हिंदू संस्कृति अथवा उसके प्रतीक के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है। इसके पहले तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन सनातन धर्म को ही महामारी बता चुके हैं। इस कारण कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा है। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों-मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जबरदस्त चुनावी सफलता के बाद उत्साहित भाजपा के कई नेताओं ने सेंथिलकुमार की भी उनके आपत्तिजनक बयान के लिए जमकर खिंचाई की है।

## असम में भाजपा को नहीं जिता सकते सीएम : भूपेन बोरा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पांच राज्यों के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने कहा है कि इस चुनाव परिणाम का असम पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कल खुद कहा था कि असम के लोग उन्हें वोट नहीं देंगे। अगर लोग वोट देंगे तो मोदी को देंगे। अगर भाजपा जीतती है, तो मोदी जीतेंगे, अगर वह हारते हैं, तो मोदी हारेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया है कि वे भाजपा असम में नहीं जीता सकते हैं।

# सूखाग्रस्त कर्नाटक की आर्थिक मदद करे केंद्र सरकार : खड़गे



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कर्नाटक में किसान सूखे से परेशान हैं। ऐसे में किसानों को वहां आर्थिक सहयोग की जरूरत है। खड़गे ने आज सदन में आसन के माध्यम से केंद्र से कर्नाटक को आर्थिक मदद देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक पिछले 123 वर्षों में सबसे भीषण सूखे से जूझ रहा है। वहां 223 तालुका सूखे से प्रभावित हुए हैं जबकि 196 तालुका गंभीर परिणाम झेल रहे हैं। आगे चलकर राज्य में पीने के पानी की भी कमी हो सकती। इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को गौर करने की जरूरत है। खड़गे ने कहा कि राज्य में क्षतिग्रस्त फसलों के कारण कुल अनुमानित नुकसान रु. 35,162 करोड़ रुपए का है। ऐसे में कर्नाटक राज्य ने केंद्र सरकार से सूखा राहत उपायों के लिए केंद्र से 18,171 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मांगी है। खड़गे ने कहा कि यह राशि राज्य को जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

# हम सेमीफाइनल जीते तो फाइनल भी जीतेंगे : फडणवीस



**मुंबई ( हि.स. )।** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में बुधवार को कहा कि हम पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के सेमीफाइनल में तीन राज्यों चुनाव जीते हैं। इसलिए लोकसभा चुनाव का फाइनल भी हम ही जीतेंगे। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में पत्रकारों को बताया कि इससे पहले भी भाजपा लोकसभा का चुनाव जीतती आई है, इसके आगे भी भाजपा लोकसभा चुनाव भारी अंतर से जीतने वाली है। जिस तरह से तीन राज्यों में विपक्ष सो गया है, उसी तरह लोकसभा चुनाव में भी विपक्ष सो जाने वाला है। तीन राज्यों में भाजपा को मिली बड़ी जीत ने उन लोगों का मुंह बंद कर दिया, जो लोग कहते थे कि प्रधानमंत्री मोदी का करिश्मा खत्म हो गया है। नागपुर में आयोजित विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर विपक्ष ने सरकारी चायपान का बहिष्कार किया था। देवेंद्र फडणवीस ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि अब अगली बार सरकार विपक्ष के लिए सिर्फ पान सुपारी का ही आयोजन करेगी। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि चाय पान का आयोजन राज्य के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के लिए किया जाता है और विपक्ष को राज्य की समस्याओं से दूर-दूर तक लेना -देना नहीं रह गया है। विपक्ष ने जो मुद्दे उपस्थित किए हैं, उनपर सरकार कार्रवाई कर चुकी है।

# किम जोंग ने महिलाओं से अधिक बच्चे पैदा करने की मांगी भीख

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन को उस समय रोते हुए देखा गया जब उन्होंने देश की घटती जन्म दर से निपटने के लिए महिलाओं से अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान किया। 39 वर्षीय किम जोंग ने कहा कि राष्ट्रीय शक्ति को मजबूत करना उनका कर्तव्य है। रविवार को प्योंगयांग में माताओं के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह बयान दिया। सोशल मीडिया पर कोरियोग्राफ की गई भावनात्मक दलील के रूप में इसकी आलोचना की गई, जिसमें किम जोंग उन को महिलाओं को संबोधित करते समय रूमाल से अपनी आंखें दबाते देखा गया। नेशनल मदर्स मीटिंग कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जन्म दर में गिरावट को रोकना और बच्चों की अच्छी देखभाल करना हमारी सभी हाउसकीपिंग जिम्मेदारियां हैं जिन्हें हमें माताओं के साथ काम करते समय संभालना है। सर्वोच्च नेता की टिप्पणियां तब आई हैं जब संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष का अनुमान है कि 2023 तक प्रजनन दर 1.8 थी, जो पिछले वर्षों की तुलना में भारी गिरावट है। उत्तर कोरिया इस क्षेत्र का एकमात्र देश नहीं है, जहां गिरावट देखी गई है। इसके पड़ोसी दक्षिण कोरिया की प्रजनन दर पिछले साल गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर 0.78 पर आ गई, जबकि जापान में यह आंकड़ा गिरकर 1.26 पर आ गया। प्रजनन दर महिलाओं द्वारा उनके प्रजनन वर्षों के दौरान जन्म लेने वाले बच्चों की औसत संख्या है। केवल किम ही नहीं, नेता के बोलने पर दर्शकों में मौजूद कई महिलाएं रोती नजर आईं। बाद में उन्होंने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया। हमारे सामने बहुत सारे सामाजिक कार्य हैं जिनसे निपटने के लिए हमारी माताओं को शामिल होना चाहिए। इन कार्यों में अपने बच्चों का पालन-पोषण करना शामिल है ताकि वे हमारी क्रांति को दृढ़ता से आगे बढ़ा सकें, हाल ही में बढ़ती गैर-समाजवादी प्रथाओं को समाप्त करना, पारिवारिक सद्भाव और सामाजिकता को बढ़ावा देना किम ने कहा कि एकता, सांस्कृतिक और नैतिक जीवन का एक अच्छा तरीका स्थापित करना, एक-दूसरे की मदद करने और आगे बढ़ने के साम्यवादी गुणों और गुणों को हमारे समाज पर हावी बनाना, घटती जन्म दर को रोकना और बच्चों की अच्छी देखभाल करना और उन्हें प्रभावी ढंग से शिक्षित करना।



# देश में पिछले साल के मुकाबले इस साल दोगुना भूकंप आए



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** देश में पिछले वर्ष के मुकाबले इस साल दोगुना भूकंप के झटके महसूस किए गए। साल 2022 में 65 बार धरती हिली जबकि साल 2023 में 124 भूकंप की घटनाएं दर्ज की गई। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। इस जानकारी के अनुसार, भूकंप के ज्यादा झटकों का मुख्य कारण पश्चिमी नेपाल में अल्मोड़ा फॉल्ट का सक्रिय होना है। इस सक्रियता के कारण 24 जनवरी, 2023 को 5.8 तीव्रता, 3 अक्तूबर को 6.2 तीव्रता और 3 नवंबर को 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। इन मुख्य झटकों के साथ-साथ बाद के झटकों के कारण वर्ष 2023 में भूकंपों की आवृत्ति में वृद्धि हुई है। हालांकि, इस अवधि के दौरान भूकंपीय हलचल में कोई बदलाव नहीं आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तरी भारत और नेपाल में कभी-कभी मध्यम भूकंप और भूकंपीय गतिविधि में उतार-चढ़ाव का अनुभव होना आम बात है। नेपाल और भारत का पड़ोसी उत्तरी भाग, हिमालय क्षेत्र की सक्रिय दरारों के पास स्थित अत्यधिक भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र हैं, जहां टेक्टोनिक्स प्लेटों के टकराने के कारण अक्सर भूकंप आते हैं। यहां भारतीय प्लेट यूरेशियन प्लेट के नीचे दब जाती है।

## फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई

**सिरसा ( हिंस )।** 5 साल के मासूम बच्चे के साथ कुकर्म करने वाले 18 वर्षीय युवक को फास्टट्रैक कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 20 साल कैद और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। दोषी युवक के खिलाफ एलनाबाद थाना पुलिस ने पीड़ित मासूम की मां की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की थी। मां ने पुलिस को दिए बयान में बताया था कि 16 सितंबर 2021 को घर के पास मंदिर में हवन यज्ञ था। उसका 5 साल का बेटा सुबह मंदिर चला गया। मां ने पुलिस को बताया कि उसका पति खेत में काम करने गया था। सुबह करीब 10 बजे जब वह घर में काम कर रही थी तो उसे अपने बेटे की चीख-पुकार की आवाज सुनाइदी। वह इधर-उधर देखने लगी, जब वह मकान के पीछे गई तो गांव में रहने वाला धर्मपाल उसके बेटे के साथ कुकर्म कर रहा था। धर्मपाल ने उसे देख लिया और भाग खड़ा हुआ। उसने उसका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वह फरार हो गया।

# साइबर सुरक्षित भारत हमारी प्राथमिकता : राय



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि *साइबर सुरक्षित भारत* हमारी प्राथमिकता है। इस दिशा में केंद्र सरकार की ओर से कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राय ने बुधवार को राज्यसभा में पूछे गए एक लिखित सवाल के जवाब में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षित भारत का निर्माण करना गृह मंत्रालय की एक सर्वोच्च प्राथमिकता है। देश में किसी भी ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत गृह मंत्रालय की ओर से जारी नंबर *1930* पर की जा सकती है। राय ने कहा कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) देश में साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए गृह मंत्रालय की एक पहल है। आई4सी, गृह मंत्रालय ने अपने वर्टिकल नेशनल साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट (एनसीटीएयू) के माध्यम से पिछले सप्ताह संगठित निवेश/कार्य आधारित पार्ट टाइम नौकरी देने की धोखाधड़ी में शामिल 100 से अधिक वेबसाइटों की पहचान की और उन पर अंकुश लगाने की सिफारिश की थी। उसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए इन वेबसाइटों को अवरुद्ध कर दिया था। ऐसे कई तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी पर आई4सी नजर रखती है और कार्रवाई करता है।

# फतेहाबाद में महिलाओं को चूल्हा और सिलेंडर दिया गया

**फतेहाबाद ( हिंस )।** केंद्र और हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने का सरल माध्यम बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव अकांवाली और कुलां में ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। इन कार्यक्रमों में विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर, चूल्हा और रेगुलेटर वितरित किए। उन्होंने नागरिकों को विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलाई। किसानों और विद्यार्थियों को कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पंचायत मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना के तहत गरीब महिलाओं को सरकार द्वारा मुफ्त में गैस सिलेंडर, चूल्हा और रेगुलेटर दिए जा रहे है। गैस सिलेंडर मिलने से महिलाओं को परंपरागत चूल्हों पर भोजन पकाने से राहत मिली है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को लकड़ी के धुएं से छुटकारा मिला है।

# पृष्ठ एक का शेष

## राज्य में अपराध...

भंडाफोड़ किया है, जो अवैध रोहिंग्या प्रवासियों को शेष भारत में भेजने के लिए पारगमन मार्ग के रूप में त्रिपुरा और असम का उपयोग कर रहा था। एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार, असम में पिछले साल कुल 68,937 अपराध मामले दर्ज किए गए, जो 2021 में 1,33,239 से कम है। असम पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के अतिरिक्त डीजीपी मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इस साल अक्तूबर तक कुल मिलाकर 56,202 मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 2023 के पहले 10 महीनों में बाल विवाह के 5,370 मामलों सहित बच्चों के खिलाफ अपराध के कुल 6,171 मामले दर्ज किए गए।

## 2026 तक राज्य ...

इससे पहले, बाल विवाह के खिलाफ पहला अभियान फरवरी में चलाया गया था, जब लगभग तीन हजार लोगों को एफआईआर में नामित किया गया था। सितंबर में मुख्यमंत्री ने राज्य विधानसभा को बताया था कि पिछले पांच वर्षों में बाल विवाह से संबंधित मामलों में कुल तीन हजार 907 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार किए गए लोगों में से तीन हजार से अधिक लोगों पर पोस्को अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं।

## अब रिश्वत देकर...

हो जाती है। डीजीपी इस मुद्दे पर टिप्पणी करेंगे। उन्होंने कहा कि असम में धोखाधड़ी करने वालों की कोई कमी नहीं है। असम में रोजगार का कोई बाजार नहीं है। हालांकि, कुछ लोग अभी भी पैसे लेने के लिए इंतजार कर रहे हैं, अभ्यर्थी भुगतान करने के लिए तैयार हैं। लेकिन, एक बात स्पष्ट है, अब वह दिन नहीं है। रुपए दलाल ले लेंगे और नौकरी भी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि असम में मीडिया और विपक्ष रोजगार बाजार दिखाते हैं। जितना अधिक मीडिया लिखना जारी रखेगा, उतना ही विषय पर चर्चा की जाएगी। पुलिस अपना काम करती रहेगी। अब, जबकि एपीएससी की मौखिक परीक्षा चल रही है, ऐसे समय में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करें। जिन्हें जो पूछना हो डीजीपी से पूछ लें।

## लालदुहोमा कल लेंगे...

का दावा पेश किया था। राज्यपाल ने उन्हें सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। जेडपीएम ने सात नवंबर को मिजोरम में हुए विधानसभा चुनाव में 40 में से 27 सीटों पर जीत हासिल की। पार्टी ने सोमवार को आए मतगणना परिणाम में जोरमथांगा के नेतृत्व वाले मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को हरा जीत हासिल की। जेडपीएम के मीडिया प्रकोष्ठ के महासचिव एड्डी जोसांगलियाना कोलनी ने कहा कि पार्टी की सलाहकार इकाई नई सरकार के गठन के संबंध में बृहस्पतिवार को लालदुहोमा से मुलाकात करेगी। उन्होंने कहा कि बैठक में मंत्रिपरिषद के गठन और अन्य मुद्दों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी लालदुहोमा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सुरक्षा प्रभारी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। लालदुहोमा को मंगलवार शाम को नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में सर्वसम्मति से जेडपीएम विधायक दल का नेता चुना गया। कोलनी ने कहा कि पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के. सपडांगा को उपनेता चुना गया।

## पुलिस ने हिरासत ...

आरोपी ने बरामद हथियार से पुलिस पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और आरोपी के दोनों पैरों में गोली लग गई। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान उमर फारुक के रूप में हुई है। घायल आरोपी को पहले नगांव सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था और बाद में आगे के इलाज के लिए गौहाटी मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया गया।

## रोजगार के नाम ...

ब्लॉक किया है। आर्थिक अपराध से संबंधित कार्य आधारित संगठित अवैध निवेश से जुड़ी इन वेबसाइट का संचालन विदेश में बैठे लोग कर रहे थे। साथ ही ये डिजिटल विज्ञापन, चैट मेसेंजर और फर्जी खातों का इस्तेमाल कर रहे थे। बड़े पैमाने पर आर्थिक धोखाधड़ी से मिली रकम का कार्ड नेटवर्क, क्रिप्टो करेंसी, विदेशी एटीएम निकासी और अंतर्राष्ट्रीय फिनटेक कंपनियों के जरिए भारत से बाहर धनशोधन भी किया जा रहा था। उल्लेखनीय है कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र देश में साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए गृह मंत्रालय की एक पहल है।

## पीओके के लिए ...

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कुछ लोगों ने इस विधेयक को कम आंकने की भी कोशिश की। किसी ने कहा कि सिर्फ नाम बदल रहा है। मैं उन सभी से कहना चाहूंगा कि अगर हमारे अंदर थोड़ी सी भी सहानुभूति है तो हमें देखना होगा कि नाम के साथ उनका सम्मान जुड़ा है। ये वही लोग देख सकते हैं जो इन्हें अपने भाई की तरह समझकर आगे लाना चाहते हैं, वे इसे नहीं समझ सकते जो इसे अपने राजनीतिक फायदे के लिए वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी एक ऐसे नेता हैं जिनका जन्म एक गरीब परिवार में हुआ और आज देश के प्रधानमंत्री बन गए। वह गरीबों का दर्द जानते हैं।

## विस चुनाव जीतने ...

भी लोकसभा से इस्तीफा देंगे। यह कदम मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में नए मुख्यमंत्रियों के चयन की पार्टी नेतृत्व की प्रक्रिया का हिस्सा है। इस्तीफा देने वाले अन्य सांसदों में दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और राकेश सिंह शामिल हैं। बता दें कि, भाजपा ने तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाई है जबकि तेलंगाना में आठ सीटें जीती हैं। भाजपा ने चार राज्यों में विधानसभा चुनाव में 21 सांसदों को टिकट दिया था। राजस्थान और मध्य प्रदेश में सात-सात सांसदों को चुनाव लड़ाया था। वहीं, छत्तीसगढ़ में चार और तेलंगाना में तीन सांसदों को विधानसभा में टिकट दिया था।

## चेन्नई में अब भी ...

छोड़कर सुरक्षित क्षेत्रों में, अपने बच्चों को लेकर और रुके हुए पानी से गुजरते देखा गया। चेन्नई के कोलाथुर में एक दुकान के मालिक राजाराम ने कहा कि 30 से अधिक दुकानों में पानी घुस गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से बिजली की आपूर्ति नहीं है। चीन से आयातित 1,000 से अधिक मछलियां मर गई हैं। इससे हमें लगभग 3-5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इस समय एक राहत शिविर में मौजूद व्यक्ति ने कहा कि प्रशासन बुनियादी जरूरतें मुहैया करा रहा है। लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए और अधिक नौकाएं भेजने सहित अन्य मदद के लिए गुहार लगायी। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बारिश से प्रभावित कई इलाकों का दौरा किया और शहर के एक राहत केंद्र में आश्रय ले रहे लोगों को भोजन और आवश्यक सामग्री वितरित कीं। उन्होंने शहर के स्थानीय निकाय द्वारा जल निकासी के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी जायजा लिया। उन्होंने केंद्र को पत्र लिखकर हालात से निपटने के लिए 5,060 करोड़ रुपए की अंतरिम राहत राशि जारी करने मांग की है। ग्रेटर चेन्नई पुलिस ने बचाव और राहत कार्यों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। शहर की पुलिस ने बुधवार को बताया था कि बारिश से संबंधित घटनाओं में छह लोगों की मौत की सूचना मिली है जबकि शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस ने कई लोगों को सुरक्षित निकाला है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि जिन लोगों को बचाया गया उनमें वरिष्ठ नागरिक, गर्भवती महिलाएं और एक महिला तथा उसका नवजात शिशु भी शामिल हैं। हवाई अड्डे पर विमानों के संचालन में कोई रुकावट नहीं आयी, जबकि दक्षिण रेलवे ने कई रेल सेवाओं को रद्द करने और कई के मार्ग में परिवर्तन करने की घोषणा की।

## भाजपा ने तृणमूल ...

को लेकर आपत्तिजनक भाषा में लिखी टी-शर्ट पहनने के लिए विपक्ष के नेता और कुछ अन्य भाजपा विधायकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। भाजपा के इस कदम को जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दोनों प्राथमिकी मध्य कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में दर्ज की गई हैं। अधिकारी के अनुसार, उन्होंने यह जानते हुए कि मामले में कोई पुलिस कार्रवाई नहीं होगी, रिकॉर्ड के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का विकल्प चुना है। उन्होंने कहा कि मैं इन सभी अपराधियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि एक दिन आप सभी को इस अपमानजनक व्यवहार के लिए दंडित किया जाएगा। बस उस दिन का इंतजार करें। भाजपा ने जिन दिग्गज मंत्रियों के नाम प्राथमिकी में शामिल कराए हैं उनमें फिरहाद हकीम, अरूप विश्वस, चंद्रिमा भट्टाचार्य, सुजीत बोस, बीरबाहा हांसदा, पुलक रॉय और ब्रात्य बसु शामिल हैं।

## बाल रूप में ...

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में कम से कम 4000 साधुओं को आमंत्रित किया जा रहा है। आगे आमंत्रित लोगों की सूची भी तैयार है। पीएम नरेंद्र मोदी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के पदाधिकारी धार्मिक नेताओं के साथ प्रधानमंत्री को निमंत्रण देने गए थे। अयोध्या में राम मंदिर में राम लला (शिशु भगवान राम) के प्राण-प्रतिष्ठा (प्रतिष्ठा) समारोह के लिए वैदिक अनुष्ठान मुख्य समारोह से एक सप्ताह पहले 16 जनवरी, 2024 को शुरू होंगे। वाराणसी के एक वैदिक पुजारी लक्ष्मी कांत दीक्षित 22 जनवरी को राम लला के अभिषेक समारोह का मुख्य अनुष्ठान करेंगे। 14 जनवरी से 22 जनवरी तक अयोध्या में अमृत महाउत्सव मनाया जाएगा। 1008 हुंडी महायज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों लोगों को भोजन कराया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीरथ क्षेत्र ट्रस्ट ने उस दिन दोपहर 12 बजे से 12:45 बजे के बीच राम मंदिर के गर्भगृह में राम लला को विराजमान करने का निर्णय लिया है। ट्रस्ट ने समारोह के लिए सभी संप्रदायों के 4,000 संतों को आमंत्रित किया है। अयोध्या में राम मंदिर की आधारशिला पीएम मोदी ने 5 अगस्त 2020 को रखी थी। गौरतलब है कि 2019 में अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने भव्य राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। शीर्ष अदालत के फैसले के बाद, केंद्र ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के संबंध में सभी निर्णय लेने के लिए श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की स्थापना की। ट्रस्ट की देखरेख में मंदिर का निर्माण कार्य निरंतर गति से चल रहा है। रामलला की मूर्ति मंदिर के गर्भगृह में होगी। इससे पहले श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में चल रहे फर्श के काम और मंदिर के अंदर जटिल नक्काशी की तस्वीरें साझा कीं।

## गरबा यूनेस्को के ...

कोशिश करता है। परंपरागत शेरी गरबा से लेकर आधुनिक भक्ति गीतों पर भी गुजरात में गरबा की सदियों पुरानी परंपरा है। गरबा को यूनेस्को द्वारा वैश्विक पहचान देते हुए अमूर्त विरासत घोषित किए जाने पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद। उनकी अगुवाई में भारत की सदियों पुरानी विरासत और संस्कृति को वैश्विक मंच पर जगह मिल रही है। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर अपनी भावना प्रकट की है। वहीं केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने एक्स अकाउंट पर लिखा है कि *गुजरात के गरबा* को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) की सूची में अंकित किया गया है। यह देश की तरफ से 15वीं विरासत हैं, जिसे यह गौरव हासिल हुआ है। रेड्डी ने लिखा है कि गरबा उत्सव, भक्ति, सामाजिक समानता का बड़ा प्रतीक एक परंपरा का प्रतीक है। गुजरात के वडोदरा समेत अहमदाबाद, राजकोट और सूरत में विशाल गरबों का आयोजन होता है। सबसे बड़े गरबा आयोजनों का केंद्र वडोदरा है। कुछ महीने पहले यूएनडब्ल्यूटीओ ने गुजरात के कच्छ जिले के धोरडो गांव को बेस्ट टूरिज्म विलेज की सूची में शामिल किया था।

## दैनिक समाचार पत्र...

में काफी प्रतिक्रिया हुई है। उल्लेखनीय है कि अक्तूबर में डिब्रूगढ़ के बरपथार का एक युवक उग्रवादी संगठन अल्फा (स्वा.) में शामिल हो गया था, जिसकी पहचान डिब्रूगढ़ के दमोईखाती निवासी पलाश कोंवर के रूप में हुई है।

# आप्सू ने सांगी लादेन स्पोर्ट्स अकादमी के छात्रावास में हुई घटना की कड़ी निंदा की

**इटानगर (हिंस)।** अखिल अरुणाचल प्रदेश छात्र संघ (आपसू) ने इटानगर के चिम्पू स्थित सांगी लादेन स्पोर्ट्स अकादमी के लड़कों के छात्रावास में हुई घटना की कड़ी निंदा की है। आपसू के सहायक शिक्षा सचिव लिंगडोम केम ने आज मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की खेल अकादमी में यह अमानवीय कृत्य हुआ। यह वहां के स्कूल प्राधिकार की विफलता के कारण हुआ है, हमने तत्काल कार्रवाई के लिए स्कूल के प्रिंसिपल और हॉस्टल वार्डन को बर्खास्त करने सहित 5 सूत्री ज्ञापन राज्य सरकार को सौंपा है। 28 नवंबर को हुई हिंसक घटना की रिपोर्ट के बाद आपसू का एक दल स्कूल का दौरा किया और अभिभावकों, छात्रों और स्कूल प्राधिकरण से बातचीत की और यह पाया गया कि जूनियर छात्रों, ज्यादातर कक्षा छह और सात के छात्रों को गंभीर उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है। क्योंकि दसवीं कक्षा के कुछ वरिष्ठ छात्रों द्वारा लड़कों के छात्रावास परिसर में शारीरिक शोषण और पिटाई की गई थी। घटना की जांच के बाद आपसू और अभिभावक समूह ने घटना पर एक संयुक्त शिकायत सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। जिसमें हॉस्टल वार्डन और स्कूल प्रिंसिपल को बर्खास्त करना भी शामिल है। छात्रों के अनुसार जूनियर छात्र पिछले कई महीनों से सीनियर छात्रों द्वारा बदमाशी, मारपीट और रैगिंग का शिकार हो रहे थे और जूनियर छात्रों ने रैगिंग के संबंध में कई बार स्कूल प्रिंसिपल से मौखिक शिकायत भी की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आपसू ने घटनाओं की उचित जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की. बालक एवं बालिका छात्रावास हेतु चार-चार छात्रावास वार्डन की तत्काल नियुक्ति, दोनों छात्रावास परिसर में सीसीटीवी की स्थापना की मांग की गई है। उन्होंने राज्य सरकार से सभी घायल छात्रों का चिकित्सा खर्च उठाने की भी अपील की है। इसके अलावा उन्होंने अभिभावकों से छात्रावास में भेजे जाने के बाद अपने बच्चों से पूछताछ करने और उन पर निगरानी रखने की भी अपील की। उन्होंने आवासीय अधिकारियों को भी सलाह दी कि वे अपने संबंधित छात्रावासों में इस प्रकार की रैगिंग की घटनाओं पर सतर्क रहें।

## पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी घायल

**नगांव (हिंस)।** नगांव के रुपहीहाट में पुलिस मुठभेड़ में पुलिस की गोली से एक कुख्यात अपराधी घायल हो गया। पुलिस ने आज बताया कि घायल अपराधी की पहचान उमर फारूक के रूप में हुई है। बीती रात में ऑपरेशन के समय अपराधी द्वारा भागने की कोशिश के दौरान फायरिंग की गई। गोली लगने से घायल उमर फारूक को जीएमसीएच में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार उमर कई आपराधिक मामलों में शामिल था।

## त्रिपुरा : 280 लोगों को पुलिस ने लिया हिरासत में

**अगरतला (हिंस)।** त्रिपुरा पुलिस ने गुरुवार को अलग-अलग आपराधिक मामलों में 280 लोगों को हिरासत में लिया। त्रिपुरा पुलिस द्वारा आज दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार पुलिस ने 24 किलोग्राम गांजा जब्त किया। जबकि, पुलिस द्वारा चलाए गए अलग-अलग अभियानों के दौरान 28.04 ग्राम हेरोइन जब्त किया गया।

## ट्रेन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत

**कामरूप (हिंस)।** कामरूप जिले में बोको के निकटवर्ती आठकुपाड़ा में आज ट्रेन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। लोगों ने व्यक्ति का शव रेल लाइन के किनारे देखकर इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। इस सिलसिले में पुलिस द्वारा आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद




**इंफाल (हिंस)।** मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया है। पुलिस ने आज बताया कि मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में व्यापक सफलता मिली है। काकचिंग, इंफाल पश्चिम और काकचिंग जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चुराचांदपुर जिले के डी हावलेनजंग गांव से तीन स्थानीय निर्मित सिंगल बैरल गन, एक स्थानीय निर्मित पिस्तौल, दो स्थानीय निर्मित मोर्टार, एक आंसू गैस गन (सीडब्ल्यूएस 892205), दो 9 एमएम गोला-बारूद, तीन आंसू गैस के गोले, 12 सौ रुपए की नकली भारतीय मुद्रा और एक बैग बरामद किया गया। इस सिलसिले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

## नकली सोना के साथ तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गुवाहाटी (हिंस)।** राजधानी के भंगागढ़ इलाके से असम पुलिस की विशेष स्पेशल टास्क फोर्स एसटीएफ द्वारा एक अभियान के दौरान नकली सोने के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आज बताया कि भंगागढ़ स्थित टीवी टावर के पास गुप्त सूचना के आधार पर एक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 1.485 किलोग्राम नकली सोना बरामद किया गया। तस्कर के पास से 770 रुपए नगद भी बरामद किए गए। गिरफ्तार तस्कर की पहचान दिलबर हुसैन (30) के रूप में की गई है। तस्कर लखीमपुर जिले के बिहपुरिया थाना अंतर्गत नादिका गांव का निवासी बताया गया है। इस सिलसिले में आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।

## अवैध प्लाइवुड लकड़ी समेत वाहन व चालक गिरफ्तार



**कोकराझाड़ (विभास)।** छठी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रानीगुली के कमांडिंग अधिकारी के मार्गदर्शन में कल सीमा चौकी दादगिरी की एक टीम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय भारत-भूटान सीमा स्तंभ 169 /5 के नजदीक वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन (रजिस्ट्रेशन नं-एएस 19 एसी 4520) को संदेहात्मक तौर पर रोक कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से अवैध रूप ले लदे भारी मात्रा में प्लाइवुड लकड़ी बरामद की गई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त प्लाइवुड लकड़ी को भूटान ले जाया जा रहा था। वाहन चालक को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ जारी है। चालक की पहचान मजीदुल मियां (28) पिता-स्व. अबदुल मियां, जिला- बोगाईगाव का रहने वाला बताया जाता है। जब्त की गई अवैध प्लाईवुड वाहन को कस्टम ऑफिस हातीसार को सौंप दी गई है। जहां आगे की कार्रवाई चल रही है।

## पूसी रेलवे कुछ और वन-वे स्पेशल ट्रेनें चलाएगी

**गुवाहाटी (हिंस)।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसी रेलवे) ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कुछ और वन-वे स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने बताया कि ये स्पेशल ट्रेनें सिलचर-गोमती नगर, अलीपुरद्वार जंक्शन-कानपुर सेंट्रल, गुवाहाटी-एसएमवीटी बेंगलुरु और रंगापाड़ा नॉर्थ-रानी कमलापति रेलवे स्टेशनों के बीच चलेंगी। ये स्पेशल ट्रेनें 08 दिसंबर से 10 दिसंबर तक एक ट्रिप के लिए चलेंगी। तदनुसार, स्पेशल ट्रेन संख्या 05612 (सिलचर-गोमती नगर) वन-वे स्पेशल 08 दिसंबर (शुक्रवार) को सिलचर से 18:45 बजे रवाना होकर 10 दिसंबर (रविवार) को गोमती नगर 12 बजे पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन वाया बदरपुर जंक्शन, न्यू हाफलंग, लामडिंग जं., गुवाहाटी, गोवालपारा टाउन, न्यू बंगाईगांव, न्यू जलपाईगुड़ी, कटिहार जंक्शन, बरौनी जं., हाजीपुर, गोरखपुर जंक्शन आदि होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 05458 (अलीपुरद्वार जंक्शन-कानपुर सेंट्रल) वन-वे स्पेशल 09 दिसंबर (शनिवार) को अलीपुरद्वार जंक्शन से 23 बजे रवाना होकर 11 दिसंबर (सोमवार) को कानपुर सेंट्रल 04:05 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन दलगांव, न्यू जलपाईगुड़ी जं., किशनगंज, कटिहार जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., हाजीपुर, गोरखपुर जं., अयोध्या छावनी आदि होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 05670 (गुवाहाटी-एसएमवीटी बेंगलुरु) वन-वे स्पेशल 09 दिसंबर (शनिवार) को गुवाहाटी से 06 बजे रवाना होकर 11 दिसंबर (सोमवार) को एसएमवीटी बेंगलुरु 09:10 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन वाया गोवालपारा टाउन, न्यू बंगाईगांव, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, मालदा टाउन, बर्द्धमान, खड़गपुर जं., भुवनेश्वर, विजयनगरम जं., विजयवाड़ा जं., काटपाडी जंक्शन आदि होकर चलेगी। अन्य एक स्पेशल ट्रेन संख्या 05866 (रंगापाड़ा नॉर्थ-रानी कमलापति) 10 दिसंबर (रविवार) को रंगापाड़ा नॉर्थ से 08 बजे रवाना होकर 12 दिसंबर (मंगलवार) को रानी कमलापति 04:30 बजे पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन रंगिया जं., बंगाईगांव, न्यू कोचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी जं., किशनगंज, बरौनी जं., गोरखपुर जं., कानपुर सेंट्रल, भोपाल आदि होकर चलेगी। इन मार्गों पर चलने वाली अन्य ट्रेनों के प्रतीक्षा-सूची वाले यात्री आराम से यात्रा करने के अवसर का लाभ उठा सकते हैं। इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण पूसी रेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर भी अधिसूचित की जा रही है। यात्रियों से अपनी यात्रा शुरू करने से पहले इन विवरणों पर ध्यान देने का अनुरोध किया जाता है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 22 को

**गुवाहाटी।(विभास)।** ड्रीमलाइट अस्पताल, बाईहाटा चाराली द्वारा तथा डॉ. बी बरुवा कैंसर संस्थान, गुवाहाटी के सहयोग से आगामी 22 दिसंबर को एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। बताया गया है कि बाईहाटा चाराली स्थित ड्रीमलाइट अस्पताल प्रांगण में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में अभिज्ञ विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति रहेगी जिसमें महिलाएं मुख से स्तन एवं गर्भाशय की बीमारी की जांच नि:शुल्क करवा सकेगी। यह शिविर उक्त दिन सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा जोकि दोपहर 3 बजे तक चलेगा। रोगी अपने पंजीकरण के लिए फोन नं- 03621-291245/291246, 81338-49283 या ड्रीमलाइट अस्पताल परिसर में आकर संपर्क कर सकता है। यह जानकारी आयोजकों द्वारा प्राप्त हुई है।

## नगांव : विभिन्न आपराधिक कार्यों में लिप्त व्यक्ति गिरफ्तार

**नगांव (निसं)।** जिले के रुपहीहाट थाना अंतर्गत दक्षिण खाटुवाल ताराबाडी पुलिस चौकी में नामजद अपराधी उमर फारूक को बिती रात लगभग तीन बजे रुपहीहाट पुलिस थाना द्वारा चलाए गए आपरेशन में बेलोगुड़ी नामक स्थान से गिरफ्तार कर लिए गया। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उमर फारूक कई डकैती व अन्य अपराधिक घटनाओं का नामजद आरोपी था जिसे पुलिस को उसकी तलाश थी। उक्त आरोपी पर ताराबाडी पुलिस चौकी



में केश नंबर 435/23 के अंतर्गत कई धाराओं में मामला दर्ज है। पुलिस अभियान में उमर फारूक को दोनो पांव में गोली लगने से वो घायल हो गया है। जिसे तुरंत नगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया जहां से उन्नत चिकित्सा हेतु गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेज दिया गया। पुलिस अभियान में उमर फारूक के पास से पुलिस ने एक पिस्तौल व दो राउंड कारतूस बरामद की है

## जिला आयुक्त कार्यालय में मना अंबेडकर स्मृति दिवस




**रंगिया (विभास)।** कामरूप जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर का स्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर भारतीय संविधान के प्रणेता डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। कार्यक्रम में जिला विकास आयुक्त नरसिंह बे, अतिरिक्त आयुक्त जीवन कृष्ण गोस्वामी, चुनाव अधिकारी मानसज्योति बोरा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी विकास शर्मा, एकीकृत जिला आयुक्त कार्यालय के सहायक आयुक्त और विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। उन्होंने डॉ. बीआर अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला विकास आयुक्त ने डॉ. अंबेडकर के समृद्ध जीवन के बारे में संक्षेप में भाषण दिया ।

## इग्यारह दिवसीय तोरोनी रास महोत्सव संपन्न

### मुखपत्र *मुरुली* का उन्मोचन



**रंगिया (विभास)।** रंगिया के तोरोनी श्री श्री हरिमंदिर प्रांगण में इग्यारह दिवसीय भव्य कार्यक्रमों के साथ आयोजित रास महोत्सव का बुधवार को सफल समापन हुआ। बता दे कि अपनी अनूठी तकनीकी और सजावट के लिए तोरोनी रास महोत्सव हमेशा चर्चा में रहा है। इस वर्ष इसके के 89वें महोत्सव में आकर्षक विद्युत सज्जा ने भक्तों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। महोत्सव के दौरान मंदिर प्रांगण में 300 से भी अधिक भगवान की मनोरम मूर्तियां सजाई गई जिसके द्वारा आयोजकों ने भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं को दिखाया। रास महोत्सव में हर दिन, हजारों भक्तों का आवागमन देखा गया। मालूम होकि तोरोनी श्री श्री हरिमंदिर रास महोत्सव समूचे राज्यभर में अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है। इस दौरान प्रतिदिन लाखों दर्शनार्थी इस महोत्सव का हिस्सा बनते है। इसवर्ष तोरोनी रास महोत्सव गत 26 नवंबर से प्रारंभ होकर इसका समापन 6 दिसंबर को किया गया।

## कामरूप में पीएम आवास योजना के तहत 81,680 घरों का निर्माण-कार्य संपन्न

### कुल 61,550 परिवारों का सपना हुआ साकार

**रंगिया (विभास)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कामरूप जिले में पिछले 30 महीनों के भीतर अभिलेख स्थापित हुआ है। योजना के अंतर्गत पिछले 30 महिनों में कामरूप जिले में कुल 61,550 घरों का निर्माण संपूर्ण हो गया है। इस योजना के प्रारंभ होने के बाद जिले में 93,199 परिवारों को आवास आवंटित किए जा चुके हैं जबकि अब तक 81,680 आवास पूर्ण हो चुके हैं। गौरतलब है कि इनमें से 75 फीसदी पिछले 30 महीनों में पूरे हो चुके हैं। ये आंकड़े आज एक संवाददाता सम्मेलन में कामरूप जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पराग कुमार काकोती ने जारी किए। उन्होंने कहा कि शेष 11,519 लाभ्यर्थियो का आवास दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कामरूप जिले के कुल 14 विकास क्षेत्रों में से, सामरिया विकास क्षेत्र में सबसे अधिक 21,262 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के घर स्वीकृत किए गए हैं और 19,584 घर पहले ही पूरे हो चुके हैं। जिन गरीब लोगों के पास अपना पक्का मकान नहीं है, उन्हें बेहतर आवास उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत चयनित लाभार्थियों को तीन किस्तों में कुल 1,30,000 रुपए मिले। उन्हें अपने स्वयं के श्रम के लिए महात्मा गांधी एनरेगा योजना के तहत 95 दिनों की मजदूरी के रूप में कुल 22,610 रुपए भी मिले। इसके अलावा, ऐसे आवास के लाभार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान के तहत मुफ्त बिजली आपूर्ति, रसोई गैस कनेक्शन, जल जीवन जल आपूर्ति और शौचालय की सुविधा भी मिलती है। देश में अमीर-गरीब की परवाह किए बिना सभी को बेहतर आवास उपलब्ध कराने की योजना में पिछले ढाई साल में तेजी लाई गई है। संवाददाता सम्मेलन में जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता अपूर्ब बरुआ, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिप्लब देउरी बरुवा और जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी विकास शर्मा भी उपस्थित थे।

## बरपेटारोड में श्री राणी सती दादी का मंगल पाठ आयोजित

**बरपेटारोड (विभास)।** श्री नारायणी प्राकट्य दिवस मिंगसर बदी नवमी को हर वर्ष की भांति भक्ति भावना से औत-प्रोत बरपेटा रोड स्थानीय श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी में शानदार स्वरूप लिए तुलस्यान परिवार की कुलदेवी श्री रानी सती दादी का दरबार की आभा अवर्णित है। ममतामयी मां जैसे अपने आंचल मै सभी भक्तों को समाहित किए साक्षात विराजित बैठी हो। धार्मिक अनुष्ठान का आरंभ हुआ ओमप्रकाश तुलस्यान द्वारा सपत्नीक दादी की विधी विधान के साथ पुजा अर्चना से। बरपेटा रोड वासी तुलस्यान परिवार द्वारा आहुत मंगलपाठ का शुभारंभ किया बंगाईगांव से पधारे सुप्रसिद्ध मंगलपाठ वाचक कलाकार श्री नवीन अग्रवाल ने कथा अमृत बर्षा एवं भजनों से तथा कोलकाता से आमंत्रीत नृत्य नाटिका ग्रुप ने नृत्य नाटिका से सब में भावना जागृत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय श्री राणी सती समिति के सदस्यों, माता एवं बहनों के अलावा गुवाहाटी, सिलीगुड़ी, धुबड़ी, मानकचर, डिब्रूगड़, गोलाघाट, खारुपेटिया, नलबाड़ी, दुधनै के आमंत्रित अतिथियों ने मंगलपाठ में बढ़-चढ़कर अंश



ग्रहण किया। दादी जी को बड़े ही धुमधाम से चुनड़ी एवं गजरा अर्पण किया गया। मंगल पाठ के बाद आरती व प्रसाद का आयोजन भी किया गया। भक्ति भावना से भरी इस यादगार शाम के पुनरावर्ती का सभी बरपेटारोडवासियों को इंतजार रहेगा।

## तोलाराम बाफना कामरूप जिला सिविल अस्पताल के नवनिर्मित मुख्य द्वार का उद्घाटन

**गुवाहाटी।** समाज में अधिकांश लोग ऐसे हैं, जो समाज के लिए कुछ दान करते हैं, मगर जल्द ही उसे भूल जाते हैं। लेकिन शुभकरण बाफना न सिर्फ दान करते हैं, बल्कि उस संस्थान के विकास के लिए अर्हनिश सक्रिय रहते हैं। ये उद्गार कामरुप जिला उपायुक्त श्रीमती कीर्ति जल्ली ने आज तोलाराम बाफना कामरुप जिला सिविल अस्पताल के नवनिर्मित मुख्य द्वार का उद्घाटन करते हुए ये उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि श्री बाफना ने सिविल अस्पताल के निर्माण के लिए अपनी जमीन व मकान ही दान नहीं दिया, अपितु अहर्निश इसके विकास के लिए सक्रिय रहते हैं। हमने जब उनसे सिविल अस्पताल के मुख्य द्वार के निर्माण का मुद्दा उनके समक्ष रखा तो उन्होंने तत्काल इसका निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान कर दी। इस अवसर पर अपने संबोधन में विशिष्ट समाजसेवी शुभकरण बाफना ने कहा कि सिविल अस्पताल के निर्माण हेतु सन 2007 में सरकार के साथ समझौता हुआ था और 2009 में इसका शुभारंभ हो गया और तब से इस अस्पताल के जरिए




समाज के हर वर्ग के लोग काफी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में स्वास्थ्य सेवा उत्सव पर इस अस्पताल को प्रदत्त सुविधाओं के लिए प्रथम श्रेणी प्राप्त हुई है, जो हम सभी के लिए काफी गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार इसी अस्पताल का विकास कर 110 बेड के अत्याधुनिक अस्पताल का शुभारंभ करने जा रही है, जिसके प्रारंभ होने से लोगों को यहां अत्याधुनिक चिकित्सा सुलभ हो सकेगी। अतिरिक्त उपायुक्त कमल बरुवा ने अपने संबोधन में कहा कि मानवता के प्रति शुभकरण बाफना के मन में जो दर्द है, वह अत्यंत ही सराहनीय है। इससे उनके व्यक्तित्व की महानता प्रतिफलित होती है। उन्होंने कहा कि तोलाराम बाफना सिविल अस्पताल के निर्माण से लेकर वर्तमान अवस्था तक पहुंचने में बाफना जी के अवदानों को कभी भूलाया नहीं जा सकता। उनकी सदिच्छा से ही आज सिविल अस्पताल के मुख्य द्वार का निर्माण संभव हुआ है। हम आशा करते हैं कि वे भविष्य में इसी भांति मानवता की सेवा के लिए काम करते रहेंगे। संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक ने कहा कि शुभकरण बाफना अत्यंत ही सुहृदय व मानवता के लिए सर्वोच्च त्याग करने वाले व्यक्ति हैं, उन सरीखे व्यक्तियों के चलते ही आज हमारा समाज विकास के पथ पर अग्रसर है। तोलाराम बाफना कामरुप जिला सिविल अस्पताल के मुख्य द्वार के उद्घाटन कार्यक्रम का शुभकरण बाफना ने श्रीफल फोड़कर शुभारंभ किया। कामरुप जिला उपायुक्त श्रीमती कीर्ति जल्ली तथा शुभकरण बाफना ने वृक्षारोपण कर तथा फीता काटकर मुख्य द्वार का उद्घाटन किया। श्रीमती निभा बोरा ने कामरुप जिला सिविल अस्पताल से संबंधित कविता प्रस्तुत की।

# राज्यपाल ने की प्रदेश की कानून और शांति व्यवस्था की समीक्षा



**जयपुर, (हि.स.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और पुलिस आयुक्त, जयपुर को राजभवन बुलाकर प्रदेश की कानून एवं शांति व्यवस्था की विशेष समीक्षा की। मिश्र ने कहा कि प्रदेश में शूटरों द्वारा दिन दहाड़े हत्या गंभीर मामला है। उन्होंने इस संगठित अपराध से उपजे हालात पर निरंतर निगरानी रखे जाने की हिदायत दी। विशेष रूप से उन्होंने अपराधियों को पकड़े जाने के लिए पुख्ता कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून एवं शांति व्यवस्था किसी भी स्तर पर नहीं बिगड़े, इसके लिए पुलिस और प्रशासन सभी स्तरों पर प्रभावी कदम उठाए। राज्यपाल ने पुलिस और प्रशासन के स्तर पर निरंतर सभी स्थानों पर अलर्ट रहते हुए कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी स्तर पर कोताही और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि कानून व्यवस्था सर्वोपरि है। सभी स्तरों पर यह सुनिश्चित किया जाए कि आम जन को प्रदेश में किसी भी स्थान पर परेशानी की स्थिति नहीं पैदा हो। उन्होंने इस संबंध में उत्पन्न स्थितियों की निरंतर मॉनिटरिंग किए जाने की भी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा शांति और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संगठित अपराधों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और अपराध से जुड़ी किसी भी घटन पर सख्त और प्रभावी कार्यवाही की जाए। बैठक में मुख्य सचिव उषा शर्मा ने बताया कि प्रदेश भर में जिला कलेक्टर स्तर पर हालात की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। केंद्र सरकार के स्तर पर भी तीन कंपनियां तैनात की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रकरण में पोस्टमार्टम और एफआईआर दर्ज कर अपराधियों को पकड़े जाने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा और गृह सचिव आनंद कुमार ने घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अपराधियों को गिरफ्तार करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था राजीव शर्मा, राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल एवं पुलिस आयुक्त, जयपुर बीजू जॉर्ज जोसफ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**राज्यपाल की अपील** – राज्यपाल मिश्र ने आम जन से शांति और कानून व्यवस्था में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा है कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कानून एवं शांति व्यवस्था में सभी के सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि हालात पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

# अनुराग ठाकुर का विपक्ष के तानों पर निशाना, कहा- सनातन धर्म, हिन्दुओं और हिन्दी से विपक्ष को नफरत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीयमंत्री अनुराग ठाकुर ने आईएनडीए गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि इनके नेताओं का सनातन धर्म, हिन्दुओं और हिन्दी भाषी लोगों के खिलाफ बयान सुनियोजित साजिश है। उन्होंने बुधवार को संवाददाताओं से चर्चा में ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया में 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास' के मूलमंत्र के साथ सरकार चला रहे हैं और विपक्ष हिन्दू और सनातन धर्म से नफरत करते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हार के बाद दुर्व्यवहार पर उतर आई है। ईवीएम की आलोचना कर रही है। देश की संस्कृति और पहचान को मिटाने की साजिश रच रही है। कुछ लोग 'टुक-ड़े-टुकड़े' गैंग के साथ खड़े हैं, लेकिन भाजपा देश को बंटने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके घमंडिया गठबंधन की सोच हिंदुत्व और सनातन धर्म का अपमान करने की है। दिग्विजय सिंह समेत विपक्षी नेताओं के ईवीएम पर सवाल उठाने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस को संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। हार स्वीकार करने के बाद वे कभी पराजय के कारण पर विचार नहीं करते। कांग्रेस नेता ईवीएम को दोष देते रहते हैं और सनातन धर्म और हिंदुओं की आलोचना करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को बांटने का बीज बोने का काम कांग्रेस और उनके सहयोगी दल कर रहे हैं। यह अहंकार नहीं तो और क्या है। यह विभाजन की साजिश और क्षेत्रवाद की राजनीति है। कांग्रेस की सोच दशार्ती है कि बांटों और राज करो। उन्होंने सोनिया गांधी और राहुल गांधी से सवाल किया कि क्या उनका समर्थन अपने सहयोगी दलों पर नहीं है, जो हिन्दू के खिलाफ ऐसी सोच रखते हैं। क्या मजबूरी है कि घमंडिया गठबंधन भारत के टुकड़े टुकड़े देखना चाहती है। ऐसी क्या मजबूरी है कि देश को बांटना जरूरी है। ईवीएम पर ठीकरा फोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन सारे सवालों के जवाब कांग्रेस नेताओं को देना चाहिए।

# भारत के दो आईआईटी संस्थान विदेश में अपने कैंपस खोल रहे हैं : धर्मेंद्र प्रधान




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि वैश्विक पहुंच की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति में दो प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) विदेशों में अपने कैंपस स्थापित करने के लिए तैयार हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि आईआईटी दिल्ली अबू धाबी में एक परिसर का उद्घाटन करने वाला है जबकि आईआईटी मद्रास ने अफ्रीकी देशों की शैक्षिक आवश्यकताओं को हल करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए जांजीबार में अपनी उपस्थिति स्थापित की है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य भारतीय शैक्षिक उत्कृष्टता की पहुंच को राष्ट्रीय सीमाओं से परे बढ़ाना है। यह कदम भारतीय शिक्षा क्षेत्र के भीतर अंतरराष्ट्रीयकरण की पहल को रेखांकित करता है। प्रधान ने भारत में कैंपस स्थापित करने के लिए विदेशी संस्थानों को आकर्षित करने के सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा, "कई विदेशी संस्थानों को भारत में आमंत्रित किया गया है। गुणवत्तायुक्त संस्थान देश में आयें, ये हमारी प्राथमिकता है। आज हमारे छात्र बाहर जाने के लिए विवश होते हैं। अब न केवल विदेशी संस्थान भारत आएंगे बल्कि दो ने गुजरात गिफ्ट सिटी में अपने संस्थान खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।"

# वन विभाग के वाक विद वाइल्डलाइफ पर होईकोर्ट ने जताई आपत्ति




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने वन विभाग के वाक विद वाइल्डलाइफ कार्यक्रम पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पहले अदालत के सामने इस मसले पर सुनवाई हुई कि दिल्ली के दक्षिणी रिज में स्थित असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य के अंदर वन विभाग को इस महीने प्रस्तावित वाक विद वाइल्डलाइफ कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति दी जाए या नहीं। फिलहाल, अदालत के रुख से साफ है कि वो वन विभाग के वाक विद वाइल्डलाइफ जवाब से संतुष्ट नहीं है। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य के अंदर लोगों की सुरक्षा के संबंध में अपनी चिंता दोहराई, जिसे आठ-नौ तेंदुओं के साथ-साथ लकड़बग्घे और सियार जैसे अन्य जंगली जानवरों का बसेरा माना जाता है। अदालत ने पक्षकारों के वकील को सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस जसमीत सिंह की अदालत ने इस मसले पर कहा कि हम लोगों को इससे कैसे अवगत करा सकते हैं? आपको ऐसा लगता है कि तेंदुआ छिप कर रहने वाला जानवर है। अगर नहीं तो वन विभाग के वाक विद वाइल्डलाइफ जैसे साहसिक कार्यक्रमों को आयोजित करने की इजाजत कैसे दी जा सकती है। अगर किसी व्यक्ति को चोट पहुंची, तो क्या होगा? वहां बच्चे भी हो सकते हैं। न्याय मित्र अधिवक्ता गौतम नारायण और आदित्य एन प्रसाद ने दलील दी कि असोला भाटी के अंदर कोई मानवीय गतिविधि नहीं हो सकती है। यह एक संरक्षित क्षेत्र है। अदालत को सूचित किया गया कि अभयारण्य से भटका हुआ तेंदुआ, जिसे पिछले सप्ताह निकट की एक आवासीय कॉलोनी में देखा गया था, अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है।

# दिल्ली में 11 महीने में 14 हजार से अधिक आग लगने की घटनाएं सामने आईं

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राजधानी दिल्ली में 11 महीने में 14 हजार से अधिक आग लगने की घटनाएं सामने आईं। जिसमें 56 लोगों की जान चली गई और करीब 600 से ज्यादा लोग घायल हो गए। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने मंगलवार को बताया कि इस साल जनवरी में दमकल को 1171 कॉल मिलीं। जिसमें आग के कारण 12 लोगों की मौत हो गई। जबकि 36 लोगों को दमकल ने बचाया। वहीं फरवरी में दमकल को 941 कॉल मिलीं। इसमें आग के कारण दो लोगों की मौत हुई। जबकि 39 लोगों को दमकलकर्मियों ने बचाया। इसी क्रम में मार्च में 1230 कॉल मिलीं, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। जबकि 48 लोगों को बचाया गया। इसी तरह अप्रैल में 1672 कॉल दमकल को मिलीं, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 42 लोगों को बचाया गया। मई में 1570 कॉल आईं, जिसमें 3 लोगों की मौत हुई और 35 लोगों को आग से बचाया गया। जून में 1345 कॉल में तीन लोगों की मौत हुई जबकि 118 लोगों को दमकलकर्मियों ने सुरक्षित घर से बाहर निकाला। इसी क्रम में जुलाई में 1194 कॉल दमकल विभाग को मिलीं। इसमें 4 लोगों की मौत हुई। जबकि 37 लोगों को बचाया गया। अगस्त की बात करें तो दमकल को 1117 कॉल मिलीं। जिसमें एक की मौत हुई और 43 लोगों को बचाया। सितंबर में 968 कॉल में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि 27 लोगों को दमकलकर्मियों द्वारा बचाया गया। अक्टूबर में 1385 कॉल दमकल को मिली। इसमें तीन लोगों की मौत हुई। जबकि 81 लोगों को दमकल ने बचाया। वहीं नवंबर में सबसे ज्यादा 1800 कॉल दमकल विभाग को मिलीं। इसमें आठ लोगों की मौत हुई। जबकि करीब 123 लोगों को बचाया गया। गर्ग ने बताया कि इन 14 हजार फायर की कॉल में कई कॉल बड़ी थी। लेकिन इसमें सबसे बड़ी कॉल मुखर्जी नगर स्थित कोचिंग सेंटर व लक्ष्मी नगर की थी। इन दोनों घटनाओं में दमकल विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी।

# कांग्रेस सरकार ने हमीरपुर के विकास कार्यों पर लगाया पूर्ण विराम : नवीन शर्मा



**हमीरपुर, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चैयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के किए हुए सारे वादे सिर्फ झूठ का पुलिंदा हैं और जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। नवीन शर्मा ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता को धोखा दे कर सत्ता हासिल की अब अंग्रेजों की तरह दमनकारी नीतियों को अपना कर जनता का शोषण किया जा रहा है। नवीन शर्मा ने कहा कि हमीरपुर के सारे विकास के काम ठप पड़े हैं एक भी नया काम कांग्रेस सरकार शुरू नहीं कर पाई है और जो भाजपा सरकार के द्वारा शुरू किए हुए काम थे उनको भी रोक के रखा है और जनता को परेशान किया जा रहा है। नवीन शर्मा ने कहा कि हमीरपुर से गलोड़ सड़क का काम और 20 करोड़ का बजट का प्रावधान करके भाजपा सरकार ने शुरू किया था परंतु कांग्रेस सरकार आने के बाद वो काम वहीं का वहीं है सड़क की हालत सुधारने के लिए गत महीना पहले विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों व ग्रामीणों सहित जिलाधीश महोदय से मिले थे परंतु आज तक उनके आश्वासन का कुछ नहीं हुआ। नवीन शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में सड़कों की टायरिंग का काम हो रहा है परंतु मुख्यमंत्री के गृह जिले में क्यों इतनी दुर्दशा फैली हुई है रोज दोपहिया वाहन चालक सड़क पर पड़ी बजरी व कीचड़ की वजह से गिर कर चोटिल हो रहे हैं सड़क पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है परंतु सरकार के नुमाइंदों ने आंखे मूंद रखी हैं। नवीन शर्मा ने सदर के विधायक से भी प्रश्न किया कि उन्होंने कितने बार इस सड़क के मुद्दे को प्रशासन के समक्ष उठाया। उन्होंने कहा कि जनता से झूठे वादे कर के बने हुए विधायक हमीरपुर विधानसभा में नये विकास कार्य तो क्या शुरू करवायेंगे जो भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में जो काम शुरू करवाए उनको भी विधायक पूरा नहीं करवा पा रहे हैं। नवीन शर्मा ने कहा कि हमीरपुर से गलोड़ जाने वाली यह सड़क मुख्यमंत्री के विधानसभा को जाती है। मुख्यमंत्री की विधानसभा से हजारों लोग रोज इस सड़क पर आते जाते हैं परंतु गत एक साल में एक इंच भी काम नहीं हुआ है। इससे लगता है कि मुख्यमंत्री भी यह नहीं चाहते हैं कि उनके जिले में विकास का कोई काम हो जबकि पूरा बजट इस सड़क के लिए भाजपा सरकार ने उपलब्ध करवाया है। नवीन शर्मा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द से जल्द इस सड़क की टायरिंग का काम शुरू नहीं किया गया तो विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन होगा तभी सोई हुई सरकार जागेगी।

# स्कूलों में प्रवेश के लिए आय सीमा एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये सालाना की

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) कोटा के तहत दिल्ली के स्कूलों में प्रवेश के लिए मौजूदा आय सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये सालाना करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि यह तब तक लागू रहेगा, जब तक कि सरकार इसमें संशोधन नहीं करती।कोर्ट ने कहा कि कानून के तहत आय मानदंड योजना को इच्छित लाभार्थियों के जीवन स्तर से मेल खाना चाहिए। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह माता-पिता द्वारा आय की स्व-घोषणा की व्यवस्था को तुरंत खत्म करे और स्कूलों में ईडब्ल्यूएस के लिए मुफ्त सीटें जारी रखने के लिए एक उचित ढांचा तैयार करे। वहीं, दिल्ली सरकार का शिक्षा निदेशालय (डीओई) आय सत्यापन और पात्रता मानदंड की नियमित निगरानी के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगा। पीठ ने यह टिप्पणी उस मामले में की, जिसमें एक व्यक्ति ने जन्म और आय प्रमाणपत्रों में हेराफेरी करके अपने बेटे का दाखिला ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत संस्कृति स्कूल में कराया था। कोर्ट ने विद्यार्थी की ओर से स्कूल से उसका प्रवेश रद्द करने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें सामान्य श्रेणी के छात्र के रूप में वहां पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि बच्चा, वर्ष 2013 से अपनी पढ़ाई जारी रख रहा है, उसकी कोई गलती नहीं है और उसे अपने पिता के कुकर्मों के लिए पीड़ित नहीं किया जाएगा। अदालत ने लड़के के पिता पर अवैध तरीकों से अपने बेटे का दाखिला कराने के लिए 10 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, दिल्ली सरकार, शहर में मौजूदा आर्थिक स्थितियों और अन्य प्रासंगिक कारकों का आकलन करने के बाद, मौजूदा आय सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाने का निर्णय शीघ्र लेगी।

# भोपाल में करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में राजपूतों का प्रदर्शन, चक्काजाम किया



**भोपाल, (हि.स.)।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में मध्यप्रदेश में भी प्रदर्शन हो रहा है। बुधवार सुबह भोपाल के एमपी नगर चौराहे पर करणी सेना के पदाधिकारियों ने काले कपड़े पहनकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम किया। किसी प्रकार के विवाद की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद है। पुलिस अफसर करणी सेना के पदाधिकारियों से चर्चा कर उन्हें हटने की समझाइश दे रहे हैं, लेकिन करणी सेना के पदाधिकार और कार्यकर्ता डटे हुए है। राजधानी के सबसे व्यस्त एमपी नगर चौराहे पर राजपूत समाज के लोग सुबह 11 बजे से विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे। यहां प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया और सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के चलते एमपी नगर चौराहा के आसपास जाम की स्थिति बन गई। गाड़ियों की कतार आईएसबीटी तक पहुंच गई। बाद में पुलिस ने समाजजनों को समझाइश देकर एक ओर किया। हालांकि, कुछ देर बाद फिर से गाड़ियों को रोक दिया गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने चौराहे पर टायर जला दिए। पुलिस ने टायर बुझाकर रास्ते से हटाए। इस बीच कई राहगीरों की राजपूत करणी सेना के लोगों से नोंकझोंक भी हुई। प्रदर्शन के दौरान एडीएम प्रकाश सिंह चौहान भी मौके पर पहुंचे और राजपूत समाज के लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन समाजजन नहीं माने और सड़क पर ही डटे हुए हैं। करणी सेना के अध्यक्ष कृष्णा बुंदेला ने कहा कि राजपूत समाज के गौरव सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या साजिश के तहत की गई है। लंबे समय से वे सुरक्षा की मांग कर रहे थे। पंजाब पुलिस ने भी राजस्थान पुलिस को सुरक्षा देने की बात कही थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस कारण गोगामेड़ी की हत्या कर दी गई। आज राजस्थान में बंद है। जब तक हत्यारों का एनकाउंटर न हो, तब तक राजस्थान सरकार को शपथ नहीं लेने देंगे। मध्यप्रदेश के शहरों में भी प्रदर्शन कर रहे हैं।

# देश में जल्द ही इथेनॉल पम्प की होगी शुरूआत : गडकरी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को वैकल्पिक एवं जैव ईंधन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि देश में जल्द ही इथेनॉल पम्प की शुरूआत होगी। गडकरी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि पेट्रोल और डीजल के कारण भी प्रदूषण फैलता है। सरकार ने वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। वैकल्पिक ईंधन पर अलग तरह के प्रयोग किये गये हैं। देश में जल्द ही इथेनॉल पम्प की शुरूआत होगी। इथेनॉल को हम बढ़ावा दे रहे हैं। ई-वाहन और हाइड्रोजन वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है, ऐसे में सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन मिशन बनाया है। देश में शत-प्रतिशत इथेनॉल वाली गाड़ी लॉन्च होगी। भारत को ऊर्जा निर्यात करने वाले देश के रूप में स्थापित करना है। किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने का प्रयास जारी है।

# ड्राइविंग सिखाने के लिए स्कूल खोलेगी दिल्ली सरकार

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** आने वाले समय में दिल्ली सरकार का भी अपना ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल होगा। दिल्ली सरकार ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के मलिकपुर गांव में इसे शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। यह स्कूल अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा। परिवहन विभाग ने इस ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल को 36.74 करोड़ की लागत से तैयार करने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। यहां भारी से लेकर हल्के वाहनों तक को चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले चरण में इसे भारी वाहन चालकों के लिए शुरू किया जाएगा। शुरूआत में दिल्ली सरकार यहां भारी मोटर वाहन (एचएमवी) लाइसेंस प्राप्त करने के लिए महिलाओं को भी प्रशिक्षण देगी।

महिलाओं को पूर्ण प्रशिक्षण के बाद सरकार की बसों को चलाने का मौका दिया जाएगा। महिला चालकों को यहां विशेषज्ञों द्वारा कौशल परीक्षण सहित योग्यता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें कक्षा प्रशिक्षण और बस ड्राइविंग दोनों शामिल हैं। महिला चालकों को बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान पर अतिरिक्त प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। अभी इस कार्य के लिए सरकार ने निजी कंपनियों से करार किया हुआ है जहां दिल्ली सरकार की बसों के लिए भी चालकों को प्रशिक्षण दिया जाता है। ऐसे स्कूल लोनी रोड, बुराड़ी और सराय काले खां में पिछले कई सालों से चल रहे हैं। मगर अब बनने वाला यह स्कूल दिल्ली सरकार का अपना स्कूल होगा।

# पीएम के लिए असंसदीय' भाषा के इस्तेमाल पर भाजपा ने तृणमूल के 60 विधायकों के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिक



**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल भाजपा ने मौजूदा विधानसभा सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के लिए कथित तौर पर असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने के लिए 60 तृणमूल कांग्रेस विधायकों के खिलाफ दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। सदन में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसके पहले राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य द्वारा सोमवार शाम ममता बनर्जी को लेकर आपत्तिजनक भाषा में लिखी टी-शर्ट पहनने के लिए विपक्ष के नेता और कुछ अन्य भाजपा विधायकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। भाजपा के इस कदम को जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दोनों प्राथमिकी मध्य कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में दर्ज की गई हैं। अधिकारी के अनुसार, उन्होंने यह जानते हुए कि मामले में कोई पुलिस कार्रवाई नहीं होगी, रिकॉर्ड के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का विकल्प चुना है। उन्होंने कहा, मैं इन सभी अपराधियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि एक दिन आप सभी को इस अपमानजनक व्यवहार के लिए दंडित किया जाएगा। बस उस दिन का इंतजार करें। भाजपा ने जिन दिग्गज मंत्रियों के नाम प्राथमिकी में शामिल कराए हैं उनमें फिरहाद हकीम, अरूप विश्वास, चंद्रिमा भट्टाचार्य, सुजीत बोस, बीरबाहा हांसदा, पुलक रॉय और ब्रात्य बसु शामिल हैं।

# सिलक्यारा सुरंग में हादसे के बाद पसरा सन्नाटा, कार्य शुरू होने को लेकर अभी तस्वीर साफ नहीं

**उत्तरकाशी, (हि.स.)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग में बीते 12 नवंबर को हुए भूस्खलन के कारण सन्नाटा पसरा हुआ है। अभी सुरंग निर्माण कार्य शुरू होने को लेकर तस्वीर साफ नहीं है। क्योंकि इस हादसे को लेकर गठित जांच टीम की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई है। हालांकि सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन के कारण फंसे 41 श्रमिकों को 17 दिन बाद सुरंग से सकुशल बाहर निकाल लिया गया था। दुनिया के इस सबसे बड़े रेस्क्यू आपरेशन देश-दुनिया के कई विशेषज्ञ लगे हुए थे। अभी इस निमार्णाधीन सुरंग में कार्य बंद है, यहां पर सन्नाटा पसरा हुआ है। सुरंग हादसे की जांच पड़ताल को गठित टीम ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। इस घटना से सुरंग के भविष्य को लेकर प्रश्न तो उठने लगे हैं। इसमें सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि सुरंग के जिस हिस्से में भूस्खलन होने से श्रमिक भीतर फंस गए थे, उसका उपचार कैसे और कब होगा? हालांकि इस बारे में केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह पहले ही कह चुके हैं कि इस सुरंग का काम पूरा किया जाएगा। गौरतलब है कि यमुनोत्री राजमार्ग पर चारधाम आलवेदर रोड परियोजना की निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग में 12 नवंबर को हुए भूस्खलन से फंसे 41 श्रमिकों को 17 दिन बाद यानी बीती 28 नवम्बर की सायं को सभी श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया था। इसके बाद मेडिकल चेकअप के बाद कंपनी के सभी मजदूर छुट्टी लेकर अपने घर चले गए हैं और कंपनी में पूरी तरह से सन्नाटा का माहौल है। इस सुरंग में हादसे के बाद उत्तराखंड सरकार ने 6 सदस्यीय विशेषज्ञ कमेटी गठित की थी, उसकी रिपोर्ट का कोई पता नहीं चल रहा है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है,लेकिन इसमें क्या कुछ कारण पाए गए हैं, इसका खुलासा अभी नहीं किया गया है। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन के सफल होने के बाद से वहां पुलिस ने नो एंट्री के बोर्ड लगा रखे हैं।

**सिलक्यारा रेस्क्यू आपरेशन में हुए करोड़ों खर्च, निर्माण कंपनी नवयुगा उठाएगी खर्च** – सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग में 17 दिन तक चले रेस्क्यू आपरेशन का पूरा खर्च इसका निर्माण करवा रही नवयुगा कंपनी उठाएगी। यमुनोत्री हाइवे पर सिलक्यारा सुरंग बनाने का टेंडर एनएचआइडीसीएल ने हैदराबाद की नवयुगा इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड को दिया था। राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के निदेशक (प्रशासन और वित्त) अंशु मनीष खलको ने कहा है कि हम जल्द ही रेस्क्यू ऑपरेशन में खर्च हुए पैसे का बिल निर्माण कंपनी नवयुगा इंजीनियरिंग लिमिटेड को भेजेंगे। गौरतलब है कि 12 नवम्बर से 28 नवम्बर तक कुल 17 दिन तक चले बचाव अभियान में अनेकों एजेंसियों सहित हजारों लोगों ने बगैर रुके काम किया। 17 दिन तक चले रेस्क्यू में अत्यधुनिक ऑगर मशीन से ड्रिलिंग का कार्य किया गया। इस बीच में कई प्रकार की अड़चनें आईं। इसके बावजूद भी युद्धस्तर पर कार्य करते हुए दुनिया के इस सबसे बड़े सुरंग रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। इस रेस्क्यू अभियान के दौरान पुलिस, एनडीआरएफ, बीआरओ,आरवीईएनएल, एसजेईएन एल, ओएनजीसी , टीएचडीसी, आईटीबीपी आदि दिन-रात जुटी रही। भारतीय वायुसेना के माल वाहन विमानों से चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर भारी मशीनों को उतारा गया। इसके अलावा वीवीआईपी मूवमेंट भी लगातार बना रहा, जिसमें करोड़ों की धनराशि खर्च होने का अनुमान है। इस अभियान में कुल कितनी धनराशि खर्च हुई, अभी इसका हिसाब नहीं हो पाया है।

**ईपीसी मोड और शर्तों का होगा परीक्षण** – एनएचआइडीसीएल ने नवयुगा कंपनी को इंजीनियरिंग प्रिक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में दिया है। इसकी लागत 853.79 करोड़ रुपये है। इस काम को पूरा करने की अंतिम तिथि आठ जुलाई 2022 को थी, जिसे आगे के लिए बढ़ाया गया था यानी इसे फरवरी 2024 तक का समय दिया गया है। इस सुरंग की 4.5 किमी लंबाई है। अनुबंध के शर्तों के अनुसार निर्माण कंपनी को डिजाइन से लेकर सभी कार्य स्वयं करने होते हैं और तमाम कार्यों में किसी भी तरह की खामी के लिए निर्माण कंपनी सीधे तौर पर जिम्मेदार होती है।

**सिलक्यारा में अधिकांश कमजोर भाग : कर्नल पाटिल** – एनएचआइडीसीएल के परियोजना प्रबंधक कर्नल दीपक पाटिल ने बताया कि सिलक्यारा सुरंग की साइट में चट्टानों की क्षमता कमजोर है। इसे वीक जोन यानी कमजोर भाग भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि सुरंग में सिलक्यारा की तरफ मुंहाने से 80 से 260 मीटर तक का भाग वीक जोन है। इसकी जानकारी पहले से थी। इसी को देखते हुए वीक जोन की री-प्रोफाइलिंग (सुरंग के कमजोर भाग के उपचार की पद्धति) की जा रही थी। 80 से 120 मीटर तक के भाग पर री-प्रोफाइलिंग कर भी ली गई थी, जबकि इससे आगे के भाग पर यह कार्य चल रहा था, तभी हादसा हो गया। एनएचडीसीएल के अनुसार अब सुरंग में नया निर्माण तभी शुरू किया जाएगा, जब सुरक्षा के सभी बिंदुओं का समाधान कर लिया जाएगा। सुरंग के सर्वेक्षण के लिए गठित की जा रही तकनीकी समिति में सभी तरह के विशेषज्ञ शामिल किए जाएंगे।

# आम्बेडकर ने भी नहीं सोचा था कि 81 करोड़ लोग अन्न के मोहताज होंगे : मायावती



**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर माल एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय पर डॉ. आम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बसपा नेता सतीश चन्द्र मिश्र व कई बौद्ध भिक्षु उपस्थित रहे। बाबा साहेब के चित्र पर श्रद्धा-सुमन व पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मायावती ने देश के उन तमाम लोगों का तहेदिल से आभार प्रकट किया जो बाबा साहेब की अनुयायी पार्टी बसपा के माध्यम से उनके मिशनरी कारवां को आगे बढ़ाकर महान लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तन, मन, धन से लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के मानवतावादी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन सबकी मेहनत जरूर रंग लाएगी और वे लोग अपना उद्धार स्वयं करने योग्य जरूर बनेंगे। मायावती ने कहा कि देश में रोजी-रोटी के अति-अभाव से त्रस्त एवं अभिशप्त हालात को स्वीकार करते हुए यहां के 81 करोड़ से अधिक गरीब व जरूरतमन्द परिवारों को पेट पालने के लिए सरकारी अन्न के जीवन पर मोहताज बना देना। लोगों की ऐसी दुर्दशा न तो देश की आजादी का सपना था और न ही यह मानवतावादी संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने कभी ऐसा सोचा था। विभिन्न चुनाव परिणामों से लगता है कि यह दबे-कुचले व उपेक्षित लोग अगर अपने परिवार के ऐसे बदहाल जीवन से खुश नहीं हैं। लेकिन क्या वे लोग इतना साहस भी नहीं दिखा पा रहे हैं कि वे चुनाव में अपना विरोध दर्ज कराकर सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की नीतियों पर चलने वाली देशहित की अच्छी सरकार चुनने का सार्थक प्रयास कर सकें।

# भारतीयता का अपमान करने वाले आम्बेडकर विरोधी : योगी



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि हम सब जानते हैं कि बाबा साहेब ने कहा था कि हम सबसे पहले और अंत में भारतीय हैं। आज कुछ लोग भारत को कोषते हैं, भारतीयता का अपमान करते हैं, जाति के नाम पर समाज में खाई को चौड़ा करने का काम करते हैं। भाइयों, यह लोग एक प्रकार से बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर का अपमान करते हैं। वह आम्बेडकर विरोधी हैं। विधान सभा मार्ग स्थित आम्बेडकर महासभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि याद कीजिए बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर को भी लालच देने का प्रयास हुआ था लेकिन वह बिना डिगे, बिना थके, बिना रुके और बिना झुके, भारत माता की सेवा करते रहे। दुनिया भर में जब भी दबे कुचले की बात आती है तो बाबा साहेब याद आते हैं। दबे कुचले लोग अपनी आवाज बुलंद करने के लिए बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर को याद करते हैं। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने आम्बेडकर के पंच तीर्थ को विकसित करने का काम किया है। समाज को उसकी आवश्यकता के अनुरूप हर गरीब, कमजोर के साथ सरकार खड़ी है। सरकार उसे संबल प्रदान करेगी। इसलिए सरकार ने उसे सहयोग देने का काम शुरू किया। योगी ने कहा कि 2014 के पहले आवास सपना होता था। भला 20 हजार में कोई आवास बना सकता है। जो नहीं बनाता था उसके खिलाफ कार्रवाई हो जाती थी। आज देश में चार करोड़ से अधिक आवास नरेंद्र मोदी सरकार ने बनाकर दिए हैं। अब भी एक लक्ष्य है कि जो बचे हुए हैं, उन्हें घर उपलब्ध कराएंगे। 12 करोड़ शौचालय बने। मैला ढोने की कुप्रथा को समाप्त किया गया। यह कुप्रथा तो थी ही, दबे कुचले समाज को बीमारियों से बचने का भी कार्य हुआ है। याद कीजिए हर गरीब को पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा का कवर दिया गया। पहले की सरकारी क्यों नहीं कर रही थी। दुर्भाग्य से अगर 2014 के पहले कोरोना आया होता तो हम सब बच पाते क्या? पिछली सरकारों के पास कोई दृष्टि नहीं थी। बाबा साहेब आंबेडकर के सपनों को सही मायने में लागू करने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार में हुआ। 26 नवम्बर की तिथि को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। आज आंबेडकर को इन तिथियों पर याद करते हैं। योगी ने कहा कि जो लोग बाबा साहेब के बारे में लोगों को गुमराह कर रहे हैं, उनके बारे में बताने के लिए हमें गांव-गांव, घर-घर जाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि हर दलित वंचित के लिए सरकार कार्य कर रही है। उसके पास अपना मकान, जमीन पट्टा, राशन कार्ड, जॉब कार्ड होना चाहिए। इसके साथ ही सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उन्हें मिलना चाहिए। इससे बाबा साहेबा का मिशन और भारत का मिशन पूरा होगा। जहां भी जमीन पट्टे नहीं मिल पाए हैं, उसे वहीं पर जमीन देकर उसका मकान बनाने का निर्णय लिया है। आरक्षित जमीन है तो उसे पट्टा देकर मकान बनाया जाए। श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय बनाए गए हैं। यहां के साथ ही हर जनपद में कार्यक्रम हो रहा है। इसके लिए शासनादेश जारी किया गया है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, आम्बेडकर महासभा के अध्यक्ष व एमएलसी लालजी प्रसाद निर्मल समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# हमीरपुर में सीवर टैंक में डूबने से सिपाही समेत दो लोगों की मौत



**हमीरपुर, (हि.स.)।** छुट्टी पर अपने गांव आया सिपाही बुधवार को ढक्कन टूटने से सीवर टैंक में गिर गया। उसे बचाने के चक्कर में बड़ा भाई सीवर टैंक में उतरा तो वह भी डूब गया। सगे भाईयों के सीवर टैंक में डूबने पर पड़ोसियों की मदद से परिजनों ने दोनों को बाहर निकाला। आनन-फानन में दोनों को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने देखते ही दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के टेढ़ा गांव निवासी लाल बहादुर उर्फ कल्लू (33) उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में सिपाही के पद पर तैनात थे। मौजूदा समय में उनकी कौशांबी के मंझनपुर पुलिस स्टेशन में तैनाती थी। वह सात दिन पहले वहां से छुट्टी पर अपने गांव आया था। उसके घर का निर्माण कार्य हो रहा था। बुधवार को सिपाही पुराने सीवर टैंक के ऊपर खड़े होकर परिजनों से बात कर रहा था, तभी सीवर टैंक का ढक्कन टूटा और उसमें गिर गया। सीवर टैंक में सिपाही के डूबने पर घर और पड़ोस में अफरा-तफरी मच गई। छोटे भाई को बचाने के लिए ग्राम पंचायत सदस्य रामसेवक (35) सीवर टैंक में कूद गया तो वह भी गंदे पानी में डूब गया। परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को टैंक से बाहर निकालकर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने देखते ही सिपाही और उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। सदर अस्पताल के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. तरुण पाल व डॉ. परवेज कादरी ने बताया कि दोनों को मृत अवस्था में लाया गया था।

**जेसीबी से सीवर टैंक तोड़कर दोनों भाईयों को निकाला गया बाहर -** टेढ़ा गांव में हादसे में सिपाही और उसके भाई की मौत से पूरे गांव में मातम है। मृतक सिपाही अविवाहित था। इसके बड़े भाई शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि पुराने घर में निर्माण कार्य कराए जाने की तैयारी थी।

आज दोनों भाई आपस में सलाह मशविरा कर रहे थे। तभी सीवर टैंक का ढक्कन टूट जाने से यह हादसा हो गया। बताया कि टैंक में डूबे दोनों भाइयों को बाहर निकालने के लिए जेसीबी मशीन से सीवर टैंक तोड़ा गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## हज यात्रा-2024 के लिए बीस दिसम्बर तक होंगे ऑनलाइन आवेदन




**फतेहपुर, (हि.स.)।** हज-2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन चार दिसम्बर से शुरू हो गया है। बीस दिसम्बर तक होगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन आवेदन फार्म हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट व मोबाइल एप हज के जरिए भरा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि गत वर्ष जिलों में हज आवेदन से सम्बन्धित कार्यों को जिला स्तर पर ही सम्पादित कराये जाने के लिए शासन द्वारा अनुदानित मदरसों पर हज ई-सुविधा केन्द्र खोले गये थे।

जहां पर हज यात्रियों के आवेदन ऑनलाइन करने एवं उनके प्रपत्रों को अपलोड कराये जाने की व्यवस्था की गयी थी। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हज-ई-सुविधा केन्द्र स्थापित करते हुए नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# जोधपुर की महर्षि संदीपनी गौशाला से रामलला के लिए आया 600 किलो घी



**लखनऊ, (हि.स.)।** राजस्थान के जोधपुर की श्रीश्री महर्षि संदीपनी रामधर्म गौशाला से रामलला के लिए 600 किलो गाय का घी अयोध्या भेजा गया है। यह घी 108 कलशों में भरकर पांच बैलगाड़ियों से लखनऊ पहुंचा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्यालय पर रात्रि विश्राम के बाद बुधवार सुबह बैलगाड़ियों को अयोध्या के लिए रवाना किया गया। बैलगाड़ियों के काफिले में श्रीश्री महर्षि संदीपनी रामधर्म गौशाला के संचालक संदीपनी रामजी महाराज भी हैं। लखनऊ से अयोध्या के लिए रवाना होने से पूर्व स्थानीय नागरिकों ने बैलगाड़ी खींच रहे बैलों की आरती उतारी। सभी बैलों का तिलक करने के बाद अयोध्या के लिए बैलगाड़ी रवाना हुई। संदीपनी रामजी महाराज ने बताया कि वर्षों की तपस्या से संचित 108 कलशों में भरे देशी गाय के 600 किलो घी से श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में अखंड ज्योति जलेगी, हवन एवं प्रथम आरती भी इसी घी से होगी। यह घी गौशाला में ही बनाया गया है। करीब दो दशक पहले गोशाला में संकल्प लिया गया था कि अयोध्या में जब भी राम मंदिर बनेगा तो यहां से घी भेजा जाएगा। अब यह संकल्प पूर्ण हो रहा है। संदीपनी रामजी ने बताया कि हमारी गौशाला के घी से रामलला की आरती हो और दीपक जले यह हमारा सौभाग्य है। उन्होंने बताया सड़क मार्ग से जोधपुर, पाली, चंडावत, किशनगढ़, जयपुर, भरतपुर, मथुरा होते हुए हम लखनऊ पहुंचे और लखनऊ में रात्रि विश्राम के बाद सुबह अयोध्या के लिए रवाना हुए।

# हाई कोर्ट ने परिवहन विभाग के कार्यालय की संपत्ति को अटैच करने के आदेश पर लगाई रोक




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट ने परिवहन विभाग की एफएफपी बिल्डिंग स्थित कार्यालय की पूरी संपत्ति को अटैच करने के कॉमर्शियल कोर्ट के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में मेसर्स केएस सॉफ्टनेट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को चार सप्ताह में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने कॉमर्शियल कोर्ट के द्वारा परिवहन विभाग की पूरी संपत्ति को अटैच करने के 13 जुलाई एवं 24 नवंबर के आदेश पर रोक लगा दी है। मामले को लेकर परिवहन विभाग द्वारा हाई कोर्ट में दीवानी याचिका दाखिल की गयी थी। झारखंड सरकार के परिवहन विभाग के धुर्वा स्थित परिवहन विभाग के एफएफपी बिल्डिंग स्थित कार्यालय की पूरी संपत्ति को सिविल कोर्ट रांची के आदेश पर मंगलवार को टीम द्वारा अटैच कर ली गयी थी। संपत्ति को अटैच कॉमर्शियल कोर्ट के आदेश पर किया गया था। अदालत ने यह आदेश मुंबई की कंपनी मेसर्स केएस सॉफ्टनेट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दाखिल केस की सुनवाई के दौरान पिछले दिनों दिया था। मेसर्स केएस सॉफ्टनेट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड का झारखंड सरकार पर 10 करोड़ 6 लाख 71 हजार रुपये से अधिक का बकाया है। इस राशि पर 15 फीसदी की दर से ब्याज भी भुगतान करना था। कंपनी के साथ परिवहन विभाग झारखंड सरकार ने 2004 में नौ इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट बनाने का अनुबंध किया था लेकिन दो साल बीतने के बाद भी कंपनी को केवल पांच स्थानों पर जमीन दी गयी। उस पर भी अलग-अलग विभागों से क्लीयरेंस नहीं दिया गया। 12 अप्रैल, 2013 को जमीन अधिग्रहण और अन्य समस्याओं को देखते हुए राज्य के तत्कालीन मुख्य सचिव द्वारा काम को रोक दिया गया। जब झारखंड सरकार द्वारा बकाया पैसा कंपनी को नहीं दिया गया तब कंपनी के द्वारा कॉमर्शियल कोर्ट रांची में इसी साल केस दायर किया गया था। कोर्ट ने 13 जुलाई को संपत्ति जब्त करने का आदेश पारित किया था।

## झारखंड के चौथे बोकारो एयरपोर्ट से 28 फरवरी से शुरू होंगी नियमित उड़ानें




**रांची, (हि.स.)।** बहुप्रतिक्षित राज्य के चौथे बोकारो एयरपोर्ट से अगले साल की शुरूआत में विमान सेवाएं शुरू हो जाएंगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अगले साल 28 फरवरी से इस हवाई अड्डा से परिचालन शुरू करने की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में बोकारो के भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि रांची, देवघर और जमशेदपुर के बाद यह राज्य का चौथा एयरपोर्ट है, जहां से कॉमर्शियल घरेलू उड़ानें शुरू की जाएगी। भारत सरकार की योजना उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत इस एयरपोर्ट से रेगुलर एयर कनेक्टिविटी की मंजूरी पहले ही दे दी गई थी लेकिन कई तरह की तकनीकी औपचारिकताओं के चलते इसमें विलंब हो रहा था। उल्लेखनीय है कि बोकारो स्थित एयरपोर्ट को सेल ने विकसित किया है लेकिन यहां से फिलहाल कॉमर्शियल उड़ानें नहीं हैं। यहां सेल ने कॉमर्शियल उड़ानों के लिए आवश्यक तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा दी हैं। यहां एटीसी टावर, रनवे, फायर फीट, पैसेंजर लॉबी, मेन गेट सहित अन्य संरचनाओं का काम पूरा हो चुका है।

बोकारो एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू करने के लिए एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया का एमओयू जनवरी में दोबारा हुआ था। इसके बाद से ही लाइसेंस की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी थी लेकिन पेड़ों की कटाई नहीं होने के कारण प्रक्रिया धीमी हो गयी थी।

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू के पांच ठिकानों पर आयकर विभाग का सर्वे



**रांची, (हि.स.)।** आयकर विभाग की टीमों ने आज (बुधवार) कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के रांची, लोहरदगा और ओडिशा स्थित पांच ठिकानों पर दबिश देकर सर्वे शुरू किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 12 दिसंबर, 2019 को रांची एयरपोर्ट से बरामद 30 लाख रुपये के मामले में आयकर विभाग की टीम ने कांग्रेस सांसद साहू के घर पर छापा मारा था। आयकर विभाग के अधिकारियों ने लोहरदगा स्थित सांसद के पुस्तैनी मकान को खंगाला था।

## ईडी के समन पर नहीं हाजिर हुए साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम




**रांची, (हि.स.)।** विजय हांसदा को दिल्ली भेजने की व्यवस्था करने के आरोप में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ईडी के राडार पर हैं। उन्हें ईडी की तरफ से दोबारा बुधवार को पूछताछ के लिए रांची स्थित कार्यालय बुलाया गया था लेकिन वो नहीं आये। नौशाद आलम ने ईडी को चिट्ठी लिख कर समय मांगा है। उन्होंने अपनी चिट्ठी में लॉ एंड ऑर्डर का हवाला दिया है। अब ईडी तीसरी बार नौशाद आलम को समन कर बुला सकता है। इससे पहले नौशाद आलम से ईडी पूछताछ कर चुका है। साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के मामले में मुख्य गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने के मामले में एसपी नौशाद आलम से ईडी ने 28 नवंबर को पूछताछ की थी लेकिन नौशाद आलम के जवाबों से ईडी के अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए और उन्हें दूसरी बार फिर से 6 दिसंबर को बुलाया गया। पहली बार पूछताछ के दौरान नौशाद आलम गोल-मटोल जवाब देते रहे, जिसके बाद उन्हें दोबारा बुलाया गया था।

# मोदी सरकार पिछड़ा-अतिपिछड़ा विरोधी है : जदयू

**पटना (ईएमएस)।** जनता दल यूनाइटेड ने मोदी सरकार को पिछड़ा-अतिपिछड़ा विरोधी बताया है। कहा कि यही वजह है वह बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दे रही है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने बिहार के पिछड़े-अतिपिछड़े और दलित समाज के विकास के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग को जरूरी बताते हुए कहा कि जातिगत गणना के नतीजों से यह साफ है कि बिहार में पिछड़े-अतिपिछड़े और दलित समाज के लोग सर्वाधिक हैं। जाहिर है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलने पर राज्य की कुल जनसंख्या में लगभग 80 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले इन्हीं लोगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। यह समाज तेजी से प्रगति करेंगे। इनके माथे से गरीबी का ठप्पा हट जाएगा, लेकिन इस समाज के लोगों को बंधुआ मजदूर समझने वाली भाजपा इनकी प्रगति की बात सोच भी नहीं सकती। यही वजह है कि यह लोग बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने से मना कर रहे हैं। रंजन ने कहा कि विशेष राज्य का दर्जा देने के नियमों के मुताबिक यदि किसी राज्य की सीमा से कोई देश की सीमा लगती है तो उसे विशेष राज्य का दर्जा दिया जा सकता है। बिहार दोनों मानकों को पूरा करता है।

जदयू महासचिव ने कहा कि बिहार की सीमा से नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा भी लगती है। वहीं हालिया रिपोर्ट के मुताबिक आजादी के 75 वर्षों बाद भी बिहार में 34 प्रतिशत लोगों की सालाना आय 6000 रुपये से कम है। उन्होंने कहा कि रघुराम राजन रिपोर्ट में भी बिहार को सबसे कम विकसित प्रदेशों की श्रेणी में रखा गया था। इसके बाद भी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं देना भाजपा की केंद्र सरकार के बिहार के प्रति सौतेले व्यवहार का जीवंत प्रमाण है। रंजन ने कहा कि वर्तमान में 11 राज्यों को विशेष राज्य की श्रेणी में रखा गया है। जिनमें पूर्वोत्तर के सभी राज्य शामिल हैं। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड और हिमाचल को भी विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है। ऐसे में भाजपा को बताना चाहिए कि बिहार को इससे वंचित क्यों रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तव में चाहे जातिगत गणना हो, आरक्षण हो या विशेष राज्य का दर्जा भाजपा वैसे किसी भी काम का समर्थन नहीं कर सकती, जिससे पिछड़े-अतिपिछड़े व दलित समाज को फायदा मिले।

# राहुल गांधी होश में आएं, सनातन का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा हिंदुस्तान : गिरिराज सिंह





**बेगूसराय, (हि.स.)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों पर देश में उन्माद फैलाने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही हिजाब को लेकर भी लालू यादव और नीतीश कुमार पर सवाल किया है। उन्होंने कहा है कि सम्पूर्ण भारत गौ, गंगा और गायत्री के उपासना करता है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि कांग्रेस एवं उसके सहयोगी यदि दक्षिण भारत-उत्तर भारत की पृथक परिकल्पना कर उन्माद फैलाना चाहते हैं। ऐसा करने वाले होश में आ जाएं, देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता से खिलवाड़ तथा सनातन के अपमान को राष्ट्र अब हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा है कि जो गौ माता का सम्मान करना नहीं जाना, वह गोमूत्र और गौ माता को क्या जानेगा। भारत के सनातन संस्कृति में गौ माता, गोमूत्र और गाय के गोबर सबका महत्व और सम्मान है। राहुल गांधी और उसके सहयोगी होश में आ जाएं, वह भूले नहीं की हम लोग शंकराचार्य के वंशज हैं। शंकराचार्य ने ही पूरे देश को एक किया था। सनातन से कोई मत टकराएं, सनातन भारत की पहचान है, जो इससे टकराएगा, वह 2024 में साफ हो जाएगा। राहुल गांधी दक्षिण भारत और उत्तर भारत को आपस में लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि जिस शंकराचार्य ने पूरे भारत को एक किया था, वह दक्षिण भारत के ही रहने वाले थे। जब स्टालिन के लड़कों ने सनातन को समाप्त करने की बात कही थी, उसमें भी राहुल की सहमति थी। हम गौ माता और गौमूत्र को पूजते हैं। राहुल गांधी यह बात भूलें नहीं, सनातन को समाप्त करने की कोशिश करने वाला समाप्त हो जाएगा। इस बात को वह हल्के में नहीं लें। गिरिराज सिंह ने बिहार के ड्रेस कोड में हिजाब लागू करने को लेकर भी बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि लालू यादव और नीतीश कुमार के राज में अब बिहार में शिक्षकों का सर तन से जुदा होगा, ड्रेस कोड में हिजाब आ गया है। उन्होंने कहा है कि कर्नाटक में जब हिजाब पर विवाद हुआ था, सर तन से जुदा करने की बात कही गई थी, उसमें भी लालू यादव और नीतीश कुमार की सहमति थी। दुर्भाग्य से बिहार में ड्रेस कोड में हिजाब आ गया है। शिक्षक और प्राचार्य को सर तन से जुदा करने की धमकी दी जा रही है। नीतीश और लालू बताएं कि बिहार के सनातनी अब कहां जाएंगे। वोट की खातिर क्यों लालू यादव और नीतीश कुमार बिहार को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहते हैं। उन्होंने तेलंगाना के भावी मुख्यमंत्री के बयान को लेकर भी राहुल गांधी को घेरा है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि तेलंगाना के होने वाले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी बिहारी कुर्मी (ओबीसी) डीएनए का अपमान कर रहे हैं। इस गाली पर नीतीश कुमार चुप क्यों है।

संपादकीया

# मंत्रिमंडल के पालने से

**राष्ट्रीय** परिधान से कहीं भिन्न हैं हिमाचल में सत्ता के वादों के रंग और यही दस्तूर सरकार के आईने में उजली छवि के दस्तावेज बन जाते हैं। इन्हीं दस्तावेजों की पालकी सजाए पुनः मंत्रिमंडल की बैठक ने रुकी हुई सरकारी नौकरियों की धड़कन तेज कर दी है। पुलिस भर्ती के माध्यम से 1226 कांस्टेबलों को नियमित वेतन की वर्दी पहनाने के अलावा यह भी सुनिश्चित हो रहा है कि आइंदा तीस प्रतिशत ऐसे पद महिलाओं के बीच आबंटित होंगे। नारी चरित्र में कानून के पहरों का सामाजिक व मनोवैज्ञानिक प्रभाव देखते हुए यह फैसला घर-परिवार में बेटियों के अस्तित्व व स्वाभिमान को ऊंचा कर रहा है। यह स्वाभाविक क्षमता है जिसके तहत हिमाचली बेटियां कल तक पुरुष क्षेत्र के लिए समझे गए दायित्व में अपनी श्रेष्ठता की नई कहानी लिख रही हैं। व्हिसल से गूंजती ट्रैफिक व्यवस्था या कानून-व्यवस्था की पगडंडियों से निकल कर उच्च पदों तक पहुंची महिला पुलिस अधिकारी साबित कर चुकी हैं कि वह उन्नीस नहीं, इक्कीस ही हैं। हिमाचल राज्य न केवल बेटियों का अभिभावक बनकर सामने आ रहा है, बल्कि अनाथ बच्चों के लिए भी मार्गदर्शक बना है। यह पहला राज्य है जहां हर अनाथ बच्चा 27 साल की उम्र तक चार हजार रुपए प्रति माह प्राप्त करेगा, जबकि विवाह अनुदान के तौर पर दो लाख रुपए की राशि भी निर्धारित हुई है। जाहिर है कोई बड़े दिलवाला राज्य ही ऐसा संभव कर सकता है और यह फिर साबित हो रहा है कि कल्याणकारी प्रदेश के रूप में हिमाचल का कोई सानी नहीं, क्योंकि हर अनाथ को पूरे साल में 48 हजार रुपए मिलने से कई पालने मजबूत हो जाएंगे। हिमाचल मंत्रिमंडल के कई अन्य फैसले बड़े संकेतों को परिभाषित करने की मंशा प्रकट कर रहे हैं। विद्युत राज्य के रूप में प्रदेश पुनः प्रयासरत है कि हाइड्रो एनर्जी से आर्थिकी की वकालत हो और इसी नजरिए से ऊर्जा नीति को सशक्त व धारदार बनाया जा रहा है। विद्युत प्रोजेक्टों में राज्य की हिस्सेदारी अब उत्पादन के वर्षों से तय होगी यानी बारह वर्षों तक बीस फीसदी रॉयल्टी, जबकि 18 साल की सीमा में तीस प्रतिशत तथा अगले दस साल चालीस फीसदी रॉयल्टी प्रदेश लेगा। इस तरह चालीस साल तक हर निवेशक को विद्युत उत्पादन के जरिए हिमाचल के खजाने को अलग-अलग दर में सींचना होगा। इस तरह यह बहस फिर से जीवित हो रही है कि प्रदेश में पंजाब पुनर्गठन के बावजूद पानी और बिजली के समझौते क्यों अन्याय के दंश लिए यहां छाती पर मूंग दल रहे हैं। अगर नई ऊर्जा नीति के आलोक में हिमाचल के अधिकार सफल हो जाएं तो बीबीएमबी व शानन परियोजना की मिलकीयत के फैसले हिमाचल का आर्थिक संबल बनेंगे। मंत्रिमंडल में हमीरपुर का प्रकाश पुनः स्थापित हो रहा है और इस बार ऐलान यह कि राज्य विद्युत निगम लिमिटेड का एक मुख्य अभियंता यहां से आपरेशन की जिम्मेदारी संभालेगा। यानी प्रदेश के जोनल कार्यालयों की संगत में हमीरपुर के नाम एक और प्रशासनिक उपलब्धि की जा रही है। इसी के साथ कांगड़ा में सपनों का संसार वनखंडी के चिड़ियाघर में उतरने को तैयार है। कुल 629 करोड़ की लागत से इस चिड़ियाघर के श्रृंगार से पर्यटन की आबोहवा पूरी तरह बदल सकती है। यह क्षेत्र पौंग बांध वेटलैंड की आकाशीय दूरी को नजदीक लाता है और इस तरह प्रवासी पक्षियों के कलरव को सुनने के लिए एक नया व विस्तृत पैकेज तैयार हो सकता है। यह दीगर है कि पौंग के रामसर वेटलैंड की शर्तों के बीच केंद्रीय विश्वविद्यालय का एक विस्तृत परिसर विकसित हो रहा है, जिसके एक बाजू में प्रवासी पक्षी तो दूसरे में वन्य प्राणियों के संसार को पर्यावरण संरक्षण व जैव विविधता की दृष्टि से सुकून से रहना है। सरकार चालीस नए शहरी स्वास्थ्य वेलनेस केंद्र खोल कर चिकित्सा क्षेत्र की अहमियत को फिर से जिंदा कर रही है, लेकिन इमारतों के पीछे मानवीय स्पर्श की श्रृंखला भी पैदा हो, इसके लिए पर्याप्त प्रयास की जरूरत है। हिमाचल में औद्योगिक विकास के माध्यम से निवेश प्राथमिकता की तलाश में नीति को बुलंद किया जा रहा है। मंत्रिमंडल एक ओर अपने कल्याणकारी पालने में मानवीय संवेदना को प्रश्रय दे रहा है, दूसरी ओर विकास की महत्त्वाकांक्षा में क्षेत्रीय संभावनाओं को जोत रहा है। सुक्खू सरकार मंत्रिमंडल की हर बैठक में सरकारी रोजगार बांटती हुई नजर आती है और इस बार भी पुलिस, कृषि व होमगाड्र्स भर्ती के आलम में युवा बेचैनियों को राहत दे रही है। एक छोटे से राज्य में जहां आर्थिक संसाधनों की स्थायी कमी तथा बढ़ता कर्ज बोझ हो, वहां मंत्रिमंडल की बैठकों में जनापेक्षाओं का जवाब देना वास्तव में मेहनतकश कसौटी है।

नारी चरित्र में कानून के पहरों का सामाजिक व मनोवैज्ञानिक प्रभाव देखते हुए यह फैसला घर-परिवार में बेटियों के अस्तित्व व स्वाभिमान को ऊंचा कर रहा है। यह स्वाभाविक क्षमता है जिसके तहत हिमाचली बेटियां कल तक पुरुष क्षेत्र के लिए समझे गए दायित्व में अपनी श्रेष्ठता की नई कहानी लिख रही हैं। व्हिसल से गूंजती ट्रैफिक व्यवस्था या कानून-व्यवस्था की पगडंडियों से निकल कर उच्च पदों तक पहुंची महिला पुलिस अधिकारी साबित कर चुकी हैं कि वह उन्नीस नहीं, इक्कीस ही हैं। हिमाचल राज्य न केवल बेटियों का अभिभावक बनकर सामने आ रहा है, बल्कि अनाथ बच्चों के लिए भी मार्गदर्शक बना है। यह पहला राज्य है जहां हर अनाथ बच्चा 27 साल की उम्र तक चार हजार रुपए प्रति माह प्राप्त करेगा, जबकि विवाह अनुदान के तौर पर दो लाख रुपए की राशि भी निर्धारित हुई है। जाहिर है कोई बड़े दिलवाला राज्य ही ऐसा संभव कर सकता है और यह फिर साबित हो रहा है कि कल्याणकारी प्रदेश के रूप में हिमाचल का कोई सानी नहीं, क्योंकि हर अनाथ को पूरे साल में 48 हजार रुपए मिलने से कई पालने मजबूत हो जाएंगे।

### कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने किसी निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर लगाए थे

# भारत को तोड़ने की साज़िश में लिप्त अमेरिकी नागरिकों को लेकर अमेरिका की रणनीति

कुलदीप चन्द अग्निहोत्री

**अमेरिका** का एक नागरिक गुरपतवन्त पन्नू लम्बे अरसे से , वहीं बैठ कर , भारत में आतंकवादी गतिविधियों को विविध तरीक़ों से संचालित करने में लगा हुआ है । उसे अमेरिका और कनाडा दोनों ने ही अपने अपने देशों की नागरिकता दे रखी है । ऐसा भी कहा जाता है कि दोनों देशों की सरकारें उसे संरक्षण भी देती हैं । वह कनाडा के नागरिकों को साथ लेकर जनमत संग्रह करवा रहा है कि भारत को विभाजित करके क्या पाकिस्तान की तरह एक और नए देश का निर्माण किया जाना चाहिए या नहीं ? इस काम के लिए कनाडा की सरकार उसकी प्रत्यक्ष परोक्ष सहायता करती है । यह कुछ इसी प्रकार का मामला है कि भारत कि कोई संस्था , भारतीय नागरिकों से जनमत संग्रह करवाना शुरु कर दे कि टरांटो को कनाडा से अलग कर नया देश बनाना चाहिए या फिर कैलिफ़ोर्निया को यूएसए से अलग कर नया देश बनाना चाहिए या नहीं ? इस जनमत संग्रह में यदि भारत सरकार परोक्ष रूप से भी सहायता करना शुरु कर दे तो कनाडा या यूएसए इसको किस लिहाज़ से देखेगी ? पन्नू के खिलाफ भारत में आपराधिक मामले लम्बित हैं । पिछले कुछ दिनों से वह लोगों को धमकी दे रहा है कि वे एअर एंडिया से यात्रा न करें , इससे उनकी जान ख़तरे में पड जाएगी । इस प्रकार का एक कांड पहले हो भी चुका है जब कनाडा से भारत को आ रहा एअर इंडिया का एक जहाज़ कनाडा के आतंकवादियों ने आसमान में ही बम विस्फोट से उड़ा दिया था जिसमें 380 यात्री मारे गए थे । ऐसा माना जाता है कि कनाडा सरकार ने जाँच में अपराधियों की मदद ज्यादा की , उन्हें कटघरे में खड़ा करने में कम रुचि ली । अब पन्नू की इसी प्रकार की नई धमकियाँ आने पर पुराने रिकार्ड को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने केस दर्ज कर जांच शुरु की तो अमेरिका के एक अख़बार ने अपने विश्वस्त सूत्रों के हवाले से ख़बर छापी है कि अमेरिका के एक अलगाववादी आतंकवादी गुरपतवन्त सिंह पन्नू को मारने की भारत की एक साज़िश को नाकाम कर दिया । अख़बार के अनुसार यह साज़िश जून महीने में नाकाम की गई थी और न्यूयार्क के एक न्यायालय में इस सम्बंधी एक केस भी दर्ज है । उसने यह भी ख़ुलासा किया कि अपराधी देश से बाहर चला गया है । आरोप लगभग वैसे ही हैं जैसे कुछ समय पहले कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने किसी निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर लगाए थे । अन्तर केवल इतना ही है कि निज्जर के बारे में आरोप कनाडा के प्रधानमंत्री ने स्वयं लगाए , लेकिन अमेरिका ने इसके लिए एक अख़बार को माध्यम बनाया । दोनों मामलों में निरन्तरता को ध्यान में रख लेना चाहिए । वैसे कनाडा का यह भी कहना है कि निज्जर की हत्या में भारत की तथाकथित संलिप्तता के सबूत उन्हें भी



अमेरिका मे ही मुहैया करवाए थे । यह अलग बात है कि लाख कहने पर भी कनाडा सरकार वे सबूत भारत सरकार को नहीं दे रही ताकि भारत उसकी जाँच करवा सके । लेकिन महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि एअर इंडिया को लेकर धमकियाँ देने वाले पन्नू के पक्ष में अमेरिका सरकार अचानक उतनी उतावली क्यों हो गई है ? पन्नू की हत्या की तथाकथित साज़िश को नाकाम कर देने वाला मामला जो उनके अनुसार जून का है , अचानक एक अख़बार के माध्यम से नवम्बर में सार्वजनिक करने की जरुरत वाशिंगटन को क्यों पड़ी ? अब यह रहस्य किसी से छिपा नहीं है कि भारत में अलगाववादी व आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त कुछ लोगों को कनाडा व यूएसए सरकार अपने देश की नागरिकता प्रदान कर उनका संरक्षण करती है । जैसे ही अमेरिका गो आभास हुआ कि भारत सरकार अपने यहाँ के आपराधिक मामलों के लिए पन्नू के प्रत्यार्पण की माँ कर सकती है , उसने तुरन्त अपने यहाँ के न्यायालय में पन्नू का तथाकथित हत्या की साज़िश का मामला दर्ज कर भारत को ही दोषी ठहराने का काम शुरु कर दिया । कचहरी में जो मुक़द्दमा दर्ज किया गया है कि किसी गुप्ता ने पन्नू को मारने के लिए अमेरिका में किसी भाड़े के हत्यारे को पैसे दिए । लेकिन वह भाड़े का हत्यारा अमेरिका की पुलिस का ही आदमी था । उसने पुलिस को बता कर हत्या की यह योजना फ़ेल कर दी । इस सारी तिलस्मी कथा से यह तो पता चल ही गया है कि पन्नू को अमेरिका और कनाडा सरकार पाल रही है और वह इन्हीं सरकारों के कहने पर भारत विरोधी गतिविधियों का संचालन करता है । यह सारा मामला कुछ कुछ सैयद गुलाम नबी फ़ाई जैसा बनता जा रहा है । पाठकों को ध्यान में ही होगा कि भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक सैयद गुलाम नबी फ़ाई ने अमेरिका में कश्मीर अमेरिकी परिषद बना रखी थी । वह इसके माध्यम से कश्मीर को लेकर भारत विरोधी प्रचार में लगा रहता था । उसके सैमीनारों में भारत के भी कुछ ख्याति प्राप्त पत्रकार जोश ख़रोश से हिस्सा लिया करते थे । फ़ाई को और उसकी परिषद को अमेरिका सरकार का पूरा संरक्षण प्राप्त था । लेकिन इसके साथ ही उसे पाकिस्तान सरकार से भी सहायता मिलती थी । अमेरिका की सरकार के लिए यह कोई रहस्य नहीं था । कश्मीर के मामले में उस समय अमेरिका भी पाकिस्तान के साथ ही था । भारत सरकार का मानना था कि फ़ाई कश्मीर में आतंकी गतिविधियों का भी संचालन करता है । अमेरिका सरकार को लगा कि भारत अमेरिका से से फ़ाई के प्रत्यारपण की माँग कर सकता है ताकि उसकी जाँच की जा सके । ऐसी स्थिति में अमेरिका के लिए अपना बचाव करना मुश्किल हो जाता । इसलिए अमेरिका ने आनन फ़ानन में फ़ाई को गिरफ्तार कर लिया । उस पर अमेरिका की राजनीति को प्रभावित करने के लिए पाकिस्तान से पैसे लेने के आरोप लगाए । एक आरोप यह भी लगाया कि वह पीएच.डी नहीं है लेकिन उसके वाबजूद अपने नाम के आगे डा० लिखता है । कचहरी ने उसे अपने घर में ही रहने की शर्त पर ज़मानत दे दी । फाई ने तुरन्त सभी आरोपों को स्वीकार कर लिया । उसे कुछ साल की सजा हुई । लेकिन उसे सजा काटनी नहीं पड़ी । सरकार ने न्यायालय में कहा कि उसने घर में रहकर जो सजा काटी है वह भी उसे भी कुल सजा में से निकाल दिया जाए । स्वभाविक ही न्यायालय ने यह प्रार्थना स्वीकार कर ली । उसके बाद सरकार ने कहा कि फ़ाई ने जाँच में जरुरत से भी ज्यादा सहयोग किया है , इसलिए उसकी सजा और कम कर दी जाए । क़िस्सा कोताह यह कि सैयद गुलाम नबी फ़ाई को कुल मिला कर सोलह महीने सजा काटनी पड़ी , उसमें वे महीने भी शामिल थे जो उसने ज़मानत मिलने पर घर में रह कर काटे थे । जेल से बाहर निकल कर वह एक बार फिर कश्मीर को लेकर भारत विरोधी कामों में जुट गया था । लगभग वही तकनीक कनाडा और अमेरिका एक बार फिर भारत विरोधी आतंकवादियों को पालने पोसने और क़ानून के अनुसार भारत में दी जाने वाली सजा से बचाने के लिए , प्रयोग कर रहे हैं । गुरपतवन्त पन्नू का मामला कुछ इसी प्रकार का मालूम हो रहा है । भारत ने भी इस पूरे प्रकरण में जाँच शुरु कर दी है । लेकिन दुर्भाग्य है कि कनाडा इसमें सहयोग नहीं दे रहा है । कहा जाता है कि अमेरिका इसमें सहयोग करने के लिए तैयार है लेकिन पन्नू की गतिविधियों की कितनी जानकारी वह भारत को मुहैया करवाएगा , इसकी प्रतीक्षा करनी होगी । परन्तु इसे संयोग ही कहना चाहिए कि जिस समय अमेरिका भारत पर आरोप लगा रहा था कि पन्नू को मारने की साज़िश में भारत का कोई अनाम अधिकारी भी शामिल था , उसी समय उत्तरी कोरिया ने काफी गम्भीरता से कहा कि अमेरिका उसके राष्ट्रपति की हत्या की साज़िश रच रहा है । यह भी संयोग ही कहा जाएगा कि पन्नू की हत्या की साज़िश की सूचना भी एक अख़बार के माध्यम से ही लीक की गई ।

भारत में आतंकवादी गतिविधियों को विविध तरीक़ों से संचालित करने में लगा हुआ है । उसे अमेरिका और कनाडा दोनों ने ही अपने अपने देशों की नागरिकता दे रखी है । ऐसा भी कहा जाता है कि दोनों देशों की सरकारें उसे संरक्षण भी देती हैं । वह कनाडा के नागरिकों को साथ लेकर जनमत संग्रह करवा रहा है कि भारत को विभाजित करके क्या पाकिस्तान की तरह एक और नए देश का निर्माण किया जाना चाहिए या नहीं ? इस काम के लिए कनाडा की सरकार उसकी प्रत्यक्ष परोक्ष सहायता करती है ।

दृष्टि कोण

# प्रकृति का कहर झेलता लिंडूर गांव

**आजकल** हिमाचल प्रदेश का एक गांव प्रकृति की दुश्वारियों का सामना कर रहा है जहां लोग डर और भय में जी रहे हैं। इस गांव का नाम है लिंडूर। यह लाहुल-स्पीति जिला के लाहुल की पट्टन घाटी में स्थित है। यह गांव ऊंची ढलान पर बसा हुआ है। मुख्य सडक़ और जाहलमा गांव से काफी ऊंचाई पर स्थित है। प्रकृति ने इस गांव पर अपनी कुदृष्टि क्या डाली, कि इस गांव के लोग अपने भाग्य को कोसने लगे हैं। इस गांव में एक धार्मिक पूजा स्थल गोम्पा सहित कुल पंद्रह घर अथवा परिवार हैं। इनमें सात घर पुरानी शैली के बने हुए और अन्य नए व पक्के हैं। गांव की कुल आबादी 250 के लगभग है। दरअसल गांव के साथ लगते जाहलमा नाले का पानी इसी के किनारे से उतरता है। सर्दियों में भारी हिमपात के पश्चात जब गर्मियों में यह बर्फ पिघलना शुरू होती है, तो पानी इतना बढ़ जाता है कि नाले में प्रति वर्ष बाढ़ आ जाती है। लेकिन इस वर्ष यानी जुलाई 2023 में आई भयंकर बाढ़ ने तबाही मचा दी है। इससे पूर्व के वर्षों में बाढ़



आते रहने से नाले के किनारे की जमीन का धीरे-धीरे कटान होता रहा है। धरती कटान का यह दायरा लगातार बढ़ता ही रहा। परंतु इस वर्ष की बाढ़ ने पहले से कटती-दरकती हुई जमीन के दायरे को इतना बढ़ा दिया, कि यह गांव के घरों तक आ पहुंचा है। ये दरारें लगभग 2.50 किलोमीटर के दायरे तक पड़ चुकी हैं। इन दरारों की चौड़ाई फीटों के हिसाब से है। ये दरारें लगातार चौड़ी होती जा रही हैं। कुदरत अपना नर्तन कर रहा है। और गांव के लोग त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहे हैं। गांव पर आई यह प्राकृतिक आपदा गांव तथा इलाके के लोगों के लिए किसी भारी संकट से कम नहीं है। जिले के कुछ प्रबुद्ध, शिक्षित लोगों, सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट्स, कार्मिकों ने प्रकृति से उत्पन्न इस आपदा के निराकरण अथवा मुसीबत के निदान हेतु अपने स्तर पर उचित माध्यम से कार्रवाई करते हुए आईआईटी मंडी तथा भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण जैसे तकनीकी संस्थानों से इसके कारणों को जानने तथा इसके निदान हेतु उन्हें गांव का दौरा, निरीक्षण करने का अनुरोध किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आईआईटी मंडी ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करवाने के पश्चात अपने चार शोध छात्रों को लिंडूर गांव की धरती में पड़ती दरारों, उसके धंसने और फटने के कारणों का पता लगाने के लिए भेजा। दो शोधार्थी 500 बीघे कृषि भूमि तथा गांव के घरों में पड़ी चौड़ी दरारों का परीक्षण, जायजा लेते रहे। दो शोधार्थी नाले के साथ लगते 10 किलोमीटर चारागाह वाले क्षेत्र तथा ग्लेशियर के मुहाने की ओर जायजा लेने गए। वो अपने साथ ड्रोन आदि लेकर आए थे ताकि सही-सही तस्वीर मिल सके। पूरे इलाके और चारागाह अथवा वन क्षेत्र का अध्ययन, परीक्षण करने के उपरांत उनका यह मानना है कि यह गांव और गांव का पूरा इलाका ठोस चट्टान के ऊपर नहीं, बल्कि सालों-साल आते रहे ग्लेशियर के मलबे के ऊपर टिका हुआ है। इसी प्रकार भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुख्यालय लखनऊ की पहल पर विभाग के चंडीगढ़ स्थित कार्यालय से दो भू-वैज्ञानिक लिंडूर गांव का नवंबर माह में दौरा करके वापस चंडीगढ़ जा चुके हैं। उनकी प्रारंभिक व औपचारिक रिपोर्ट आना अभी बाकी है। लेकिन अनौपचारिक तौर पर उनका आकलन अथवा अनुमान है कि ग्लेशियर द्वारा लाए मलबा, या कच्ची मिट्टी होने के फलस्वरूप खेत, धरती, चरागाह, घरों में दरारें पड़ रही हैं। जमीन और पक्के-कच्चे सभी प्रकार के घरों में बड़ी-बड़ी दरारे पड़ चुकी हैं। गांव के लोगों का आग्रह है कि किसी सुरक्षित स्थान पर प्रीफेब्रिकेटेड (पूर्वनिर्मित ढांचे) हट्स बनाए जाएं, जहां लोग उनमें सुरक्षित रह सकें।

कुछ अलग

# अब चुप भी रहोगे यार!

**मैं** साहित्यकारों में अभी तक इतना आदरणीय नहीं हुआ हूं कि मुझे किसी जयंती वाले के कार्यक्रम में सादर बुलाया जाए। इसलिए अबके भी मैं उनकी जयंती वाले कार्यक्रम में जोड़ तोड़ का आमंत्रित था। वैसे जोड़ तोड़ वालों के वैसे वैसे काम मजे से हो जाते हैं जैसे आदरणीय से आदरणीय के भी नहीं होते। उस वक्त पता नहीं ये मेरा दुर्भाग्य था या कि जयंती वाले का सौभाग्य कि वे गलती से मेरे साथ वाली खाली कुर्सी पर आ विराजे सबसे पीछे वाली रो में। वैसे जो वे जयंती वाले थे तो कायदे से उन्हें मंच पर रखी कुर्सियों में से किसी एक पर होना चाहिए था। पर वहां और ही विराजमान थे। पहले तो मुझे लगा ही नहीं कि सबसे पीछे मेरे साथ वाली कुर्सी पर कोई आ बैठा है। पर जब खाली कुर्सी पर बैठे वाले अदृश्य ने मुझे दो चार बार कोहनी मारी तो लगा कि दोस्त! कुर्सी खाली नहीं। वहां कोई बैठा तो जरूर है, पर अब सवाल ये कि वह दिख क्यों नहीं रहा? जानता हूं कि कई साहित्यकार ऐसे ही होते हैं कि वे होते तो हैं, पर आसानी से दिखते नहीं। कौन होगा? साहित्यिक आंख उस तरफ मोड़ी तो लगा कि मेरे साथ वाली कुर्सी पर सचमुच कोई बैठा है। सो मैंने मंच पर सम्मानित होने वालों की ओर से मुंह मोड़ उनकी ओर मुंह कर दिया। 'कौन हो तुम? अदृश्य से। खुलकर सामने क्यों नहीं आते?' 'यार! मैं वही हूं जिसकी आज जयंती मनाई जा रही है।' वैसे शंका तो मुझे बहुत कुछ यही थी। 'तो मेरे साथ क्यों बैठे हो? आगे मंच पर जाओ। आज के दिन तो तुम्हारी जगह वहां है।' 'वहां कुर्सी खाली ही कहां है?' 'कुर्सियां खाली नहीं होतीं, करवानी पड़ती हैं बंधु! या उन पर जबरदस्ती धंसना पड़ता है दूसरों को धकियाते लतियाते हुए।' जो सही सो सही, पर तब मैं गदगद भी हुआ और दुखी भी! गदगद इसलिए कि जयंती वाला ही सही, मेरे साथ कोई लेखक तो बैठा है। पर दुःख इस बात का कि जिसकी जयंती मनाई जा रही है, वह मेरे साथ सबसे पीछे वाली रो में और जो उसकी जयंती मना रहे हैं वे मंच पर बैठने को एक दूसरे को गुर्रिया रहे हैं। 'एक बात है।' जिंदे लेखकों में तो कभी मेरी रुचि रही नहीं, सो जयंती वाले में धीरे धीरे रुचि लेने लगा, 'कहो।' 'ये जयंती किसकी है?' 'हद है मित्र! तुम आए हो तो तय है, तुम्हारी ही होगी! मेरी तो कम से कम नहीं है।' बेहूदे से प्रश्न पर जयंती वाले पर गुस्सा भी आया। 'पर सामने मेरे नाम के बदले नाम तो दूसरे लेखक का लिखा है।' मैंने सामने नजर लगाई तो सचमुच वहां नाम दूसरे लेखक का था। मतलब, जयंती को लेकर भी कन्फ्यूजन! कहीं एक जयंती में दो लेखक भीड़ गए तो? वैसे लेखकों का भिडना कॉमन है। वे कहीं भी भिड़ सकते हैं। कभी भी भिड़ सकते हैं। 'अगर वे भी यहां आए होंगे तो?' जयंती वाले ने मेरा मुंह निहारते प्रश्न उठाया। 'तो आने दो! एक साथ के साथ एक जयंती फ्री में हो जाएगी। आर्थिक मंदी से गुजरते विभाग का कुछ तो बचेगा।' मैंने चुटकी लेते कहा क्योंकि मुझे पता है कि मेरी जयंती तो मनने से रही। मेरे आगे जयंतियां मनाने को कुछ भी कर गुजरने वाले लेखकों की इतनी लंबी लाइन है कि...। 'वैसे आमंत्रित तो तुम्हें ही किया गया है न? तुम्हारे साथ रिश्तेदार किसके आए हैं?' मैं धीरे धीरे अपराधी से जज होने लगा। 'हां तो! रिश्तेदार भी मेरे ही आए हैं!' 'तो तुम्हें कहीं सामने लिखे जयंती वाले के रिश्तेदार दिख रहे हैं क्या?' 'मैं उनके रिश्तेदारों को नहीं पहचानता! क्या तुम उनके रिश्तेदारों को पहचानते हो?' उन्होंने पहचानने की गेंद मेरे दिमाग पर फंकी तो मैं सकपकाया। सच कहूं तो जब मैं अपने रिश्तेदारों को भी नहीं जानता पहचानता तो औरों के रिश्तेदारों को क्या खाक पहचानूंगा। सो मैंने मुंह से कुछ कहने के बदले न में सिर हिलाया तो वे बोले, 'कैसे लेखक हो? मुंह में जुबान नहीं रखते क्या?' 'रखता तो हूं, पर बोलता नहीं।'

देश दुनीया से

# ठीक नहीं होता अकेलापन



विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो अकेलेपन की समस्या दुनिया भर में तेजी से फैल रही है। चिंता की बात यह है कि भारत भी इसमें शामिल है। हम अपने आसपास देखते हैं कि आजकल लोगों को अकेले रहना काफी पसंद आता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि लोगों का मानना होता है कि वे खुद को टाइम दे पाते हैं। इससे नई सोच बेहतर होती है। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं जिन्हें अकेलापन पसंद आता है तो आपको सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि अकेलापन आपके लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अकेलेपन को सिगरेट पीने जितना नुकसानदायक बताया है।

**20** नवम्बर की एक खबर है कि नोएडा में अकेलेपन की जिंदगी की परेशानियों से हताश होकर युवती ने जिंदगी समाप्त कर ली। यह महिला एक निजी कंपनी में नौकरी करती थी। प्रारंभिक जांच में पिछले कुछ दिनों से महिला के डिप्रेशन में होने की बात सामने आई है। ऐसी अनेक घटनाएं और भी सामने आ रही हैं जहां अकेले रहने वाले कई सेलेब्रिटी और स्टार भी दौलत, शोहरत और रुतबा होने के बावजूद अकेलेपन की मानसिक व्यथा के कारण जिंदगी से मुंह मोड़ रहे हैं। हमारे समाज को इस पर ध्यान देने की तुरंत जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो अकेलेपन की समस्या दुनिया भर में तेजी से फैल रही है। चिंता की बात यह है कि भारत भी इसमें शामिल है। हम अपने आसपास देखते हैं कि आजकल लोगों को अकेले रहना काफी पसंद आता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि लोगों का मानना होता है कि वे खुद को टाइम दे पाते हैं। इससे नई सोच बेहतर होती है। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं जिन्हें अकेलापन पसंद आता है तो आपको सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि अकेलापन आपके लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अकेलेपन को सिगरेट पीने जितना नुकसानदायक बताया है। संगठन के मुताबिक 15 सिगरेट पीने से जितना शरीर को नुकसान पहुंचता है, उतना ही नुकसान अकेलेपन से पहुंचता है। अकेलेपन के कारण डिमेंशिया का रोग विकसित होने का खतरा 50 फीसदी तक बढ़ जाता है। इसके अलावा अकेलेपन के कारण कोरोनरी धमनी रोग और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। हम सभी की जिंदगी उतार-चढ़ाव से भरी हुई होती है। जिंदगी में कभी कुछ अच्छा होता है, तो कभी हम जैसा सोचते हैं, जिंदगी वैसे बिल्कुल नहीं चलती है। अक्सर जिंदगी में कुछ ऐसे मोड़ आते हैं, जब हम हिम्मत हार जाते हैं, मायूस हो जाते हैं, अकेलापन महूसस करने लगते हैं। ऐसे वक्त पर खुद को संभालना बहुत जरूरी होता है। कई बार लोगों के बीच में भी आपको अकेलापन महसूस होता है और कुछ लोगों के आसपास उन्हें समझने और सहारा देने के लिए कोई नहीं होता है। ऐसे में वे अकेला महसूस करने लगते हैं। जीवन में किसी लक्ष्य का न होना कई बार अकेलेपन और तनाव की वजह बन जाता है। ऐसे में अपने लिए एक रूटीन सेट करें। एक्सरसाइज, काम, पढ़ाई और रिलेक्स सब कुछ करने के लिए एक टाइम टेबल तय करें। इससे आपको व्यस्त रहने में मदद मिलेगी। जितना जरूरी दूसरों को समझना, उनसे प्यार करना है, उससे भी ज्यादा जरूरी खुद को समझना है। अक्सर हम खुद पर बहुत हार्श हो जाते हैं, खुद को दोष और जजमेंट के जाल में फंसा लेते हैं। ऐसा न करें। जिस तरह मुश्किल वक्त में आप अपने दोस्तों को समझने की कोशिश करते हैं, वैसे ही खुद को भी समझें। अगर आप अकेला महसूस कर रहे हैं, तो अपने इस वक्त को खुद को खोजने में और पर्सनल ग्रोथ में लगाएं। अपने इंट्रेस्ट पर फोकस करें। कई ऐसे काम रहे होंगे, जो आपको अच्छे लगते होंगे, लेकिन जिन्हें आप एक वक्त पर बिजी रहने के चलते नहीं कर पाते होंगे, अब उन कामों को करें। इससे आपको अच्छा महसूस होगा। सोशल मीडिया पर हम सभी वक्त बिताते हैं और अकेले होने पर आप सोशल मीडिया से ज्यादा कनेक्ट होने लगते हैं। लेकिन ऐसा न करें। सोशल मीडिया पर ज्यादा वक्त बिताने से न केवल आपकी नींद पर असर होता है, बल्कि इससे कई बार नेगेटिव फीलिंग्स भी आती हैं। अकेलापन सोचने और सुनने में जितना सामान्य लगता है, इसके साथ डील करना उतना ही मुश्किल हो सकता है। हम सभी ने कभी न कभी अकेलेपन को महसूस जरूर किया होगा, परंतु यदि यह लंबे समय तक बना रहता है, तो आपके मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। लोनलिनेस यानी कि अकेलापन किसी भी वक्त आपको घेर सकता है, खासकर तनाव और चिंता की स्थिति में अकेलापन महसूस होना बिल्कुल सामान्य है। अकेलेपन की स्थिति में आपकी भावनाएं शेयर करने वाला कोई नहीं होता, यह एक ऐसी मानसिक स्थिति है जहां आपके सामने आपके अलावा और कोई नहीं होता। अकेलेपन की स्थिति आपको ओवरथिंक, यानी जरूरत से ज्यादा सोचने वाले व्यक्तियों में शामिल कर सकती है। वहीं अकेलापन नकारात्मकता को आकर्षित करता है। परंतु अकेलेपन का एहसास नींद की कमी का कारण बन सकता है। इसका हल है, यदि आपको खाना पकाने में इंट्रेस्ट है या आप बहुत अच्छी पेंटिंग करती हैं या डांसिंग और सिंगिंग का शौक रखते हैं तो आपको अपने इंट्रेस्ट से मिलते-जुलते किसी ग्रुप में पार्टिसिपेट करना चाहिए। इन गतिविधियों में वक्त बिताने से आपको बेहतर महसूस होगा और आप खुद को सकारात्मक रूप में व्यस्त रख पाएंगी, जिससे आपका अकेलापन भी दूर हो जाएगा।

आप का नजरीया

# जिंदा हैं क्षेत्रीय दल

**मिजोरम** में पांच साल पुराने क्षेत्रीय दल 'जोराम पीपुल्स मूवमेंट' (जेडपीएम) को जनादेश देकर 35 साल पुरानी राजनीतिक जुगलबंदी को तोड़ा गया है। यह एक नए क्षेत्रीय दल की नाटकीय जीत है। जेडपीएम के पक्ष में ऐसी लहर थी, जिसमें मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी पराजित हो गए। मिजो नेशनल फ्रंट जैसे ताकतवर दल का लगभग सूपड़ा साफ हो गया। भाजपा और कांग्रेस सरीखे राष्ट्रीय दलों के हिस्से क्रमशः 2 और 1 सीट ही आई। अब मुख्यमंत्री पद पर एक नया चेहरा होगा-लालदुहोमा। अभी तक सत्ता की बंदरबांट जोरमथांगा और ललथनहवला के बीच जारी रही थी। उनके जरिए भाजपा और कांग्रेस का वर्चस्व भी बना रहता था, लेकिन ताजा चुनाव में एक पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सुरक्षा प्रभारी रहे लालदुहोमा की नवजात पार्टी को स्पष्ट जनादेश मिला है, तो माना जा सकता है कि क्षेत्रीय दल अब भी जिंदा हैं। लालदुहोमा कांग्रेस के सांसद रहे हैं, लिहाजा उनका कुछ राजनीतिक झुकाव कांग्रेस की तरफ स्वाभाविक है, लेकिन यह जनादेश उन्होंने एमएनएफ, भाजपा और कांग्रेस सरीखी ताकतों से लडक़र हासिल किया है। दरअसल राज्यों के विधानसभा चुनावों में जिस तरह भाजपा और कांग्रेस को जनादेश मिले हैं, उनके मद्देनजर व्याख्या की जा रही है कि क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व खतरे में है, क्योंकि जनादेश राष्ट्रीय दलों के पक्ष में दिए जा रहे हैं। मिजोरम देश के हाशिए पर स्थित ऐसा छोटा-सा राज्य है, जिसका पड़ोसी मणिपुर है। वहां के जातीय, विभाजक, हिंसक और हत्यारे टकरावों का प्रभाव मिजोरम में भी है। हजारों कुकी लोग विस्थापित होकर मिजोरम में आए हैं। म्यांमार के घुसपैठिए यहां भी आते हैं। बेशक पुराना उग्रवाद लगभग शांत है, लेकिन यह एक आत्मनिर्भर राज्य नहीं है। मिजोरम को नई दिल्ली में भाजपा या कांग्रेस की सत्ताओं का सहारा हर हाल में चाहिए। उसके बावजूद वहां की जनता ने एक नवजात दल को समर्थन दिया है, तो यह भी लोकतंत्र की खूबसूरती है। बेशक कुछ ही राज्यों में क्षेत्रीय दल प्रासंगिक बचे हैं, अलबत्ता दिल्ली में उनका प्रभाव धुंधला रहा है। 1989 से 2014 के बीच क्षेत्रीय दलों का जलवा था, क्योंकि किसी भी राष्ट्रीय पार्टी को बहुमत नहीं मिल रहा था। क्षेत्रीय दल देश की सत्ता के सूत्रधार बन गए थे। चूंकि 2014 में केंद्र में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, उसके साथ ही क्षेत्रीय दलों के अंत की शुरुआत हो गई। हालांकि कुछ क्षेत्रीय दल 'प्रतीक-रूप' में ही मोदी सरकार में शामिल हैं। भाजपा ने क्षेत्रीय दलों को हाशिए पर धकेलना शुरू किया है। भाजपा उप्र और महाराष्ट्र में भी वर्चस्ववादी ताकत के रूप में स्थापित हो चुकी है, नतीजतन क्षेत्रीय दलों में उथल-पुथल मची है। 2014 के बाद से राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के बीच दो तरह की राजनीतिक साझेदारियां चल रही हैं। आंध्रप्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस और ओडिशा में बीजद आज भी अपने-अपने राज्य में सत्तारूढ़ ताकत हैं। भाजपा के साथ उनकी खास किस्म की साझेदारी है। वे संसद में, खासकर राज्यसभा में, भाजपा को समर्थन देते हैं।



# भारतीय मूल की क्रिस्टल कौल लड़ेंगी अमेरिकी संसद के लिए चुनाव, कश्मीर से है खास नाता; जानें उनके बारे में

**वाशिंगटन ।**
भारतीय मूल की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा में विशेषज्ञता रखने वाली क्रिस्टल कौल अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव लड़ेंगीं। भारत के कश्मीर से संबंध रखने वाली कौल वर्जीनिया के कांग्रेस जिले से अपनी दावेदारी पेश करेंगी। अगर क्रिस्टल कौल 2024 में होने वाला यह चुनाव जीत जाती हैं तो वे ऐसी दूसरी भारतीय-अमेरिकी महिला होंगी। उनसे पहले भारतीय मूल की प्रमिला जयपाल अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी गई थीं। वहीं, प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला जयपाल ने भी ओरेगॉन के तीसरे कांग्रेसनल जिले से कांग्रेस की दौड़ में अपनी किस्मत आजमाई है क्रिस्टल कौल ने अपने फैसले के बारे में बताते हुए कहा कि वर्जीनिया के 10वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के लिए चुनाव लड़ने का उनका फैसला डेमोक्रेटिक कांग्रेस सदस्य जेनिफर वेक्सटन के फैसले के बाद आया है। बता दें कि 2019 से निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए दोबारा चुनाव न लड़ने के अपने फैसले की घोषणा की है। गौरतलब है कि वर्जीनिया का 10वां कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट में वर्जीनिया के वे हिस्सें आते हैं, जहां भारतीय अमेरिकियों और दक्षिण एशियाई लोगों की संख्या सबसे अधिक है। इनमें लाउडाउन काउंटी, फेयरफैक्स काउंटी और प्रिंस विलियम्स काउंटी जैसे इलाके हैं।

### कौन हैं क्रिस्टल कौल

70 से अधिक देशों की यात्रा कर चुकी कौल का जन्म और पालन-पोषण लॉन्ग आइलैंड न्यूयॉर्क में हुआ था। उनके पिता भारत के कश्मीर के सफापोरा के रहने वाले थे। वे 26 साल की उम्र में अमेरिका आए थे। उनकी मां दिल्ली की रहने वाली थीं। जब उनकी उम्र सात साल की थी तब वे अमेरिका चली गईं थीं। क्रिस्टल कौल जब 17 वर्ष की थीं, तब वह कॉलेज की शिक्षा के लिए वाशिंगटन डीसी चली गईं। उन्होंने अमेरिकन यूनिवर्सिटी से बीए, ब्राउन यूनिवर्सिटी और जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी (एसएआईएस) से एमए की पढ़ाई की। साथ ही ब्राउन यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान में पीएचडी की है। वे हिंदी, पंजाबी, दारी, उर्दू और अरबी समेत आठ भाषाओं में पारंगत हैं। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा में विशेषज्ञता हासिल की है। उन्होंने रक्षा विभाग में डिफेंस थ्रेट रिडक्शन एजेंसी के निदेशक (जीएस-15), अमेरिकी वायु सेना के रणनीतिक संचार निदेशक और जनरल डायनेमिक्स सूचना प्रौद्योगिकी के लिए नाटो के निदेशक के रूप में कार्य किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### खालिस्तानी आतंकी पन्नूं ने एक बार फिर दी गीदड़भभकी, भारत की गरिमा को चोट पहुंचाने की कही बात



**वॉशिंगटन ।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नूं ने एक बार फिर भारत की गरिमा को चोट पहुंचाने की धमकी दी है। उसने 2001 के हमले की बरसी पर या उससे पहले ऐसा हमला करने की धमकी दी है, जो संसद की नींव को हिला देगी। वीडियो में पन्नूं ने कहा कि भारतीय एजेंसियों ने उसकी हत्या की साजिश रची थी, जो नाकाम हुई। अब वह इसके जवाब में 13 दिसंबर को संसद भवन पर हमला करेगा। अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता रखने वाले पन्नूं ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें संसद भवन पर हमले के दोषी अफजल गुरु के साथ वाला एक पोस्टर भी जारी किया है। इस पोस्टर पर लिखा है- दिल्ली बनेगा पाकिस्तान। बता दें, अफजल गुरु को साल 2013 में फांसी दी गई थी। एसएफजे के आतंकियों की ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए भारतीय सुरक्षा एजेंसियां ने कमर कस ली है। वह सुरक्षा बढ़ाने में जुट गई है। साथ ही इस वीडियो का सच भी पता लगाने की कोशिश कर रही हैं। अमेरिकी एजेंसियों ने हाल ही में दावा किया था कि उन्होंने एक भारतीय शख्स को गिरफ्तार कर पन्नूं की हत्या की साजिश नाकाम की थी। भारतीय मूल के एक मादक पदार्थ तस्कर निखिल गुप्ता को चेक अधिकारियों ने अमेरिकी सरकार के अनुरोध पर 30 जून को प्राग हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया था। उस पर भारतीय एजेंसियों के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि भारत ने इन आरोपों से साफतौर पर इनकार कर दिया था। साथ ही जांच के लिए एक हाई लेवल कमेटी भी बनाई है। बता दें कि पन्नूं ने साल 2007 में सिख फॉर जस्टिस संगठन बनाया था। जुलाई 2020 में भारत ने पन्नूं को आतंकी घोषित किया था।

### महिला हाथों से कम पांवों से कमा रही ज्यादा, बस पांवों की फोटो क्लिक कमाती है लाखों रुपये



**सैन फ्रांसिस्को ।** एंजेलिक जेस नाम की महिला अपने हाथों से ज्यादा कमाई अपने पांवों के ज़रिये कर रही है। वो बिना ज्यादा मेहनत किए बस पांवों की कुछ फोटो क्लिक करती है और लाखों रुपये कमा लेती है। एंजेलिक एक सिंगल मदर हैं और उन्हें अपनी बेटी के लिए अपनी कमाई बढ़ानी थी। जिसके बाद उन्होंने ये तरीका अजमाया। 26 साल की एंजेलिक जेस अपनी बेटी के साथ अकेली रहती है। ऐसे में वो कोई ऐसा काम चाहती थी, जो वो घर से कर सके और उसे अपनी नौकरी से इतर थोड़े और पैसे भी मिल सकें। ऐसे में उसने फन विथ फीट नाम की सब्सक्रिप्शन साइट पर अपना रजिस्ट्रेशन किया और वो यहां अपने खूबसूरत पांवों की फोटो डालने लगी। इसके ज़रिये वो फीस लेकर क्लाइंट्स को अपने पांव की फोटो और वीडियो शेयर करती हैं। एंजेलिक ने बताया कि उसे अपने हिसाब से काम करने वाला एक साइड वर्क चाहिए था, जो उसे इसके रूप में मिला। यूं तो एंजेलिक एक फैमिली डेंटल सेंटर पर रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती हैं लेकिन वो अपने साइड वर्क के ज़रिये ज्यादा कमा लेती हैं। लोग उसे अजीबोगरीब रिक्वेस्ट भेजते हैं। एक यूज़र ने उसे केक पर पांव रखने का वीडियो मांगा और इसके लिए उसे 1 लाख 25 हज़ार रुपये ऑफर किए।

### पाकिस्तान में मारा गया लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का सहयोगी हंजला अदनान, अज्ञात बंदूकधारियों ने घर के बाहर गोलियों से भूना



**इस्लामाबाद।** लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी हंजला अदनान की पाकिस्तान के कराची में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा हत्या कर दी गई। हंजला ने 2015 में जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बीएसएफ के काफिले पर हमले की साजिश रची थी। वह 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का करीबी माना जाता था। अज्ञात बंदूकधारियों ने अदनान को 2 और 3 दिसंबर की रात को उसके आवास के बाहर गोली से भून दिया। अदनान के शरीर में चार गोलियां लगी थीं। सूत्रों के मुताबिक, लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी को पाकिस्तानी सेना गुप्त रूप से कराची के एक अस्पताल में ले गई। इलाज के बीच 5 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। हाल ही में, हंजला अदनान ने अपना ऑपरेशन बेस रावलपिंडी से कराची स्थानांतरित कर दिया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 में, हंजला अदनान ने उधमपुर में बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) के काफिले पर हमले की साजिश रची थी।

# दक्षिणी गाजा में इजराइली सेना का हमला, 45 फलस्तीनी लोगों ने तोड़ा दम



**तेल अवीव ।**
इजराइल-हमास के बीच विराम के बाद एक बार फिर युद्ध शुरू हो गया है। युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के 16 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच इजराइली सेना ने एक बार फिर दक्षिणी गाजा के प्रमुख शहर पर हमला किया, जिसमें 45 लोगों की मौत हो गई। हमले के कारण कई लोग घायल हो गए।

**इजराइल ने 24 आतंकी को मारा तो हमास ने भी दिया मुंह तोड़ जवाब** - इजराइली सेना के दक्षिणी कमान के कमांडर जनरल यारोन फिंकेलमैन ने बताया कि दक्षिणी गाजा में जमीनी अभियान की शुरुआत के बाद से यह सबसे तीव्र हमला था। उन्होंने कहा कि इजराइली सेनाएं दक्षिणी गाजा के जबालिया, पूर्व शुजैय्या और खान यूनिस में घुस चुके हैं। वहीं, हमास की अल-कासिम ब्रिगेड ने कहा कि हमारे लड़ाकों ने 24 इजराइली सैन्य वाहनों को नष्ट कर दिया है। खान यूनिस में स्नाइपर्स ने इजराइली सैनिकों को निशाना बनाया है, जिसमें से कई सैनिकों की मौत हो गई।

**अब तक 16,248 लोगों की मौत** - खान यूनिस के दीर अल-बलाह में स्थित शुहादा अल-अक्सा के प्रमुख इयाद अल-जबरी ने बताया कि इजराइली सेना ने घरों पर हमले किए। हमले में करीब 45 लोगों की मौत हो गई है। कई लोग घायल हो गए, जो अस्पताल में भर्ती हैं। हमास के मीडिया कार्यालय ने बताया कि युद्ध में अब तक 7,112 बच्चों और 4,885 महिलाओं की मौत हो गई है। इजराइली हमलों में अब तक कुल 16,248 लोगों मारे जा चुके हैं। हजारों लोग लापता हैं, आशंका है कि वे सभी मलबे में दबे हुए हैं।

**नए निर्देशों के साथ बंटवाई पर्चियां** - इजराइली रक्षा बलों ने अस्पतालों, शरणार्थी कैंपों और शहर में दोबारा नए निर्देशों के साथ पर्चे गिराए। पर्चे में लिखा था कि बाहर मत निकलें। बाहर जाना खतरनाक है। इजराइल आर्मी प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने बताया कि हमने उत्तरी गाजा के कई गढ़ों को आंतकी विहीन कर दिया है। हमास के खिलाफ हम अब दक्षिण में कार्रवाई कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य हमास के बड़े कमांडरों को खत्म करना है लेकिन वे सभी किसी सुरंग में छिपे हुए हैं।

**ताबड़तोड़ बमबारी कराने की रणनीति** - दक्षिणी गाजा से लगती इजराइली सीमा में लोगों के घुसने पर पाबंदी है और मिस्र ने भी शरणार्थियों को लेने से इन्कार कर दिया है। उधर, पूर्व में भूमध्य सागर से भी इजराइली सेना के हमले जारी हैं। जमीनी हमलों से पहले इजराइली सेना उस क्षेत्र पर हवाई हमलों के लिए लड़ाकू विमानों को भेजकर ताबड़तोड़ बमबारी कराने की रणनीति अपना रही है। इसके बाद जमीनी सैनिक वहां पर कब्जा करते जा रहे हैं। जमीन पर मौजूद नागरिकों के कहीं भी भागने के रास्ते बंद होने को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल से आगे की कार्रवाई से बचने की अपील की है। उसने कहा, लोगों के पास सुरक्षित जगह नहीं है और जिंदा रहने का कोई मार्ग नहीं है। 7 अक्तूबर से जारी युद्ध में अब तक 15,900 फलस्तीनी मारे गए हैं।

**कई कटे अंग से अस्पताल पहुंचे कई मलबे में दबे, हालात खराब** - इजराइल के गाजा युद्ध के नए खूनी चरण के बाद एंबुलेंसों और निजी कारों में घायलों की आवाजाही बढ़ गई। खान यूनिस के नासिर अस्पताल में एंबुलेंस रात भर में दर्जनों घायलों को लेकर पहुंची। एक स्थान पर एक कार रुकी और एक आदमी खून से लथपथ एक युवा लड़के को लेकर बाहर आया, जिसका हाथ बमबारी में उड़ गया था। आपातकालीन विभाग के बाहर एक महिला पूछती रही, रेड क्रॉस कहां है संयुक्त राष्ट्र कहां है उसने कहा, रात 10 बजे से मेरे बच्चे अब तक मलबे में हैं। अस्पताल में व्यवस्था से हालात खराब हैं।

**डब्ल्यूएचओ को कहा, मेडिकल आपूर्ति गोदाम हटाएं** - डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि इजराइली सेना ने उसे अपने दो दक्षिणी गाजा गोदामों से चिकित्सा आपूर्ति हटाने के लिए कहा है। उसने इजराइली सेना के हवाले से बताया कि जमीनी कार्रवाई इन गोदामों को तबाह कर देगी। महानिदेशक टेड्रोस गेब्रेयेसिस ने कहा, हमें 24 घंटे में गोदाम हटाना है क्योंकि इसके बाद ये इस्तेमाल से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने इजराइल से यह आदेश वापस लेने की अपील की। इस बीच इजराइली सेना ने कहा, उत्तर की ओर जाने वाली सड़क युद्ध का मैदान बन गई है। इसे बंद कर दिया गया है।

**नेतन्याहू ने बुलाई युद्ध कैबिनेट** - इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव में रक्षा मंत्रालय मुख्यालय में अपने युद्ध मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई, जिसमें रक्षा बल के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा और मोसाद प्रमुख भी शामिल हुए। इस दौरान रक्षा मंत्री योव गैलेंट और मंत्री बेनी गैंट्ज भी शामिल रहे। माना जा रहा है कि उन्होंने दक्षिणी गाजा में जमीनी हमलों की रणनीति तय की है। नेतन्याहू ने हालात का आकलन किया और जमीनी अभियानों का विस्तार की योजना बनाई।

**150 टैंक, बख्तरबंद सैनिक आगे बढ़े** - विश्लेषण की गई उपग्रह तस्वीरों में खान यूनिस के केंद्र से छह किलोमीटर उत्तर में लगभग 150 इजराइली टैंक, बख्तरबंद सैनिक और अन्य वाहन दिखाई दिए। यहां बमबारी जारी है।

# ट्रंप की मुश्किलें नहीं हो रहीं कम, यूएस कैपिटल हिंसा मामले में प्रशासन पेश करेगा सबूत



**वाशिंगटन ।**
अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले से ही कई मुकदमों का सामना कर रहे डोनाल्ड ट्रंप पर अब 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद यूएस कैपिटल में हुई हिंसा के मामले में अमेरिका की संघीय अपीलीय अदालत के अभियोजकों ने बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चुनावों के बारे में झूठ बोला और हिंसा को प्रोत्साहित भी किया। इतना ही नहीं ट्रंप ने 6 जनवरी, 2021 को अपने समर्थकों को यूएस कैपिटल में भेजा था ताकि आपराधिक तरीके से चुनाव परिणामों को रोक सकें। बता दें कि संघीय अपीलीय अदालत ने पहले ही इस मामले में ट्रंप के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ाने का आदेश दे दिया है।

### अभियोजक बोले- पेश करेंगे ट्रंप के खिलाफ सबूत

अब इसी मामले में विशेष वकील जैक स्मिथ के अभियोजकों ने अदालत में ट्रम्प के खिलाफ कुछ नए आरोप लगाए हैं। अदालत में दाखिल किए गए कुछ नए दस्तावेजों में उन्होंने कहा कि वाशिंगटन में ट्रम्प के आपराधिक मुकदमे में वे नवंबर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले उनके कृत्यों और उनके बाद की कथित धमकियों को लेकर वे सबूत पेश करना चाहते हैं। जिससे जो बाइडन की चुनावी जीत को गलत साबित करने के उनके प्रयास के लिए ट्रंप के मकसद और तैयारी को साबित किया जा सके। नौ पन्नों की फाइलिंग में अभियोजकों ने आरोप लगाया कि मुकदमे के दौरान सरकार इस बात के सबूत पेश करेगी। इसमें प्रतिवादी का सार्वजनिक समर्थन और हिंसा को बढ़ावा देना शामिल है।

### ट्रंप ने लगाए ये आरोप

इस बीच, ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने एक लिखित बयान जारी किया है। इसमें स्टीवन ने स्मिथ पर अगले साल के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि आगामी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप भी अपनी दावेदारी पेश करने वाले हैं। चेउंग ने कहा कि ट्रंप डरेंगे नहीं और भ्रष्टसत्ता और कानून प्रवर्तन के खिलाफ सच बोलना जारी रखेंगे। बता दें कि साल 2020 में अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हार हुई थी।

# जलवायु परिवर्तन के बड़े असर से भारत में बढ़ रही गर्मी-बारिश, सम्मेलन में डब्ल्यूएमओ ने पेश की रिपोर्ट



**दुबई ।**
संयुक्त राष्ट्र के जलवायु सम्मेलन (कॉप-28) में विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने भारत पर एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में बिगड़ते जलवायु परिवर्तन के चलते 2011 से 2020 के दशक को औसत से ज्यादा गर्मी और सर्वाधिक बारिश वाला बताया गया। रिपोर्ट के डराने वाले आंकड़ों में बताया गया कि इस अवधि में जलवायु परिवर्तन की दर चिंताजनक रूप से बढ़ी जो रिकॉर्ड में सबसे अधिक रही। संयुक्त राष्ट्र के डब्ल्यूएमओ ने मौसम, जलवायु व जल संसाधन पर शोध किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2011-20 का दशक उत्तर-पश्चिमी भारत, पाकिस्तान, चीन व अरब प्रायद्वीप के दक्षिणी तट के लिए सबसे गर्म रहा है। वहीं, ठंडे दिनों की संख्या लगातार घट रही है। पिछले दशक में 1961-1990 के दशकों की तुलना में ठंडे दिन 40 प्रतिशत घटे हैं। भारत में बाढ़ की समस्या भी बढ़ गई है। जून 2013 में भारी बारिश, पहाड़ों की बर्फ पिघलने और ग्लेशियरों के पिघलने की वजह से उत्तराखंड में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। देसी परिधान पहन संगीताबेन राठौड़ व जसुमतिबेन जेठाबाई परमार ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पारंपरिक समाधानों के साथ जलवायु सम्मेलन में दमदार मौजूदगी दर्ज कराई। इससे पहले कभी अपने गृह राज्य गुजरात से बाहर नहीं निकलीं अरावली की राठौड़ और जेतापुर की परमार ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए व्यावहारिक समाधान पेश किए। अपने पारंपरिक ज्ञान के बलबूते वे नीम की पत्तियों और गोमूत्र का इस्तेमाल कर जैविक खाद एवं कीटनाशक बना रही हैं, जिसने न केवल वर्षों तक उनकी फसलों को बचाकर रखा है, बल्कि पूरे भारत में महिला किसान इसे अपना रही हैं। इससे रासायनिक खाद का एक सतत विकल्प मिला है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2018 से 2020 के बीच भीषण बाढ़ से भारत में 2000 से ज्यादा मौतें हुई हैं। इसके अलावा गर्मी से बचाव के लिए इसका जीवनयापन पर बड़ा असर पड़ा है। इससे लोगों की जेब पर भी बोझ बढ़ रहा है।

# रूस ने ईरान के साथ हालिया अमेरिकी प्रतिबंधों को किया खत्म, घोषणा पत्र पर किए हस्ताक्षर



**मॉस्को ।**
इरान और रूस ने अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने के लिए एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने जानकारी देते हुए कहा मॉस्को के खिलाफ हालिया अमेरिकी प्रतिबंधों के जवाब में दोनों देशों ने ये कदम उठाया।

लावरोव ने ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ वार्ता की शुरुआत करते हुए कहा, हमने हालिया एकतरफा प्रतिबंधों के नकारात्मक परिणामों का मुकाबला करने, उसके खिलाफ लड़ने के लिए एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए।

निस्संदेह, यह अवैध प्रतिबंधों को दूर करने के लिए वैश्विक समुदाय के सदस्यों द्वारा समन्वित प्रयासों को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कि यू.एस. और उसके सहयोगी कूटनीति के विकल्प के रूप में उपयोग करते हैं, लावरोव ने ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ वार्ता शुरू करते समय कहा।

रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि वार्ता का उपयोग द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए किया जाएगा। रूसी विदेश मंत्री ने कहा, पारंपरिक रूप से हमारा एजेंडा व्यापक है।

### सितंबर में अमेरिका ने रूस पर लगाया था प्रतिबंध

इससे पहले, सितंबर में, अमेरिका ने रूस के ऊर्जा उत्पादन और भविष्य की निर्यात क्षमता के विस्तार में शामिल 37 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया था और दो संबंधित जहाजों को अवरुद्ध संपत्ति के रूप में पहचाना था।

अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, पदनामों में रूस की आर्कटिक एलएनजी 2 तरलीकृत प्राकृतिक गैस परियोजना सहित प्रमुख ऊर्जा परियोजनाओं और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास में शामिल संस्थाएं और व्यक्ति शामिल थे।

### ये संस्थाएं भी हैं शामिल

इसमें भविष्य की ऊर्जा परियोजनाओं के लिए सामग्रियों और उन्नत प्रौद्योगिकी की खरीद में शामिल संस्थाएं भी शामिल हैं, जिनके लिए रूस ऐतिहासिक रूप से विदेशी सेवा कंपनियों की विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी पर निर्भर रहा है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के अकारण युद्ध के जवाब में अतिरिक्त लागत लगाने के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है। रूस की आर्कटिक एलएनजी 2 तरलीकृत प्राकृतिक गैस परियोजना में शामिल संस्थाओं के साथ, देश ने दो तुर्की-आधारित संस्थाओं को भौतिक रूप से सहायता, प्रायोजित, या वित्तीय, सामग्री, या तकनीकी सहायता प्रदान करने, या वस्तुओं या सेवाओं के समर्थन में नामित किया है। विदेश विभाग के बयान के अनुसार, जिन व्यक्तियों की संपत्ति और संपत्ति में हित अवरुद्ध हैं।

## पूर्व पीएम इमरान को झटका

# तोशाखाना मामले में अयोग्यता के खिलाफ अपील वापस लेने की मांग वाली याचिका खारिज

इस्लामाबाद ।
क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब पाकिस्तान की इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में अयोग्यता के खिलाफ याचिका को वापस लेने की पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की याचिका खारिज कर दी है। इसमें उन्होंने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में अपनी अयोग्यता के खिलाफ अपनी अपील वापस लेने की मांग की थी। गौरतलब है कि इमरान खान पांच अगस्त से जेल में बंद हैं।



पूर्व पीएम इमरान को तोशाखाना मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन्हें तोशखाना (राज्य भंडार) से मिले उपहारों की बिक्री से मिली आय का खुलासा न करने के मामले में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा अयोग्य घोषित कर दिया गया था। जिसके बाद उन्होंने चुनाव आयोग के खिलाफ इस्लामाबाद हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जहां उन्होंने दलील दी थी कि उन्होंने संपत्ति कानूनी रूप से खरीदी थी। ऐसे में उनके पास अपने संपत्ति विवरण में उपहारों का उल्लेख करने का कोई कारण नहीं था।

हालांकि बाद में उन्होंने 18 जनवरी को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में एक नई याचिका दायर की। इसमें उन्होंने मांग की कि लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) इस मामले की सुनवाई करे। याचिका में बताया गया कि इमरान खान की अयोग्यता के खिलाफ लाहौर हाई कोर्ट में एक अलग याचिका दायर की गई थी। अब इस मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने इमरान की अयोग्यता के खिलाफ अपनी याचिका वापस लेने के अनुरोध को खारिज कर दिया। साथ ही बताया कि उन्होंने 13 सितंबर को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अदालत अब अपना सुरक्षित फैसला सुनाएगी।

इससे पहले, पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने इमरान खान को पीटीआई प्रमुख के पद से हटाने की मांग करने वाली याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा। याचिका में उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषसिद्धी के बाद इस पद से हटाने की मांग की गई है।

### शादी से पहले इमरान खान के बुशरा बीबी से थे अवैध संबंध, पूर्व पति के नौकर का दावा

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान (71) की पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर फरीद मनेका के एक नौकर ने अदालत के समक्ष दावा किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री उनके घर आते-जाते थे और उनके बीच अवैध संबंध थे। दोनों एक साथ एक कमरे में जाते थे। बताया कि मेनका के एक कर्मचारी मुहम्मद लतीफ ने खान और बीबी के गैरकानूनी विवाह से संबंधित एक मामले में खुलासा किया है। मामला अदालत में पेश किया गया है, जिन्हें इसकी स्वीकार्यता का निर्धारण किया जाना है। मनेका ने एक समाचार चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा था कि खान और बीबी ने इद्दत के दौरान शादी की है। यह एक मुस्लिम महिला की पति की मृत्यु या तलाक के बाद की प्रतीक्षा अवधि होती है। इस दौरान विवाह मान्य नहीं होता है। लतीफ ने जज के समक्ष दावा किया कि जब मैं कमरे में जाता था तो दोनों मेरे साथ दुर्व्यवहार करते थे और मुझे बाहर जाने के लिए कहते थे। दोनों ने उन्हें अपने साथ कमरे में रहने की अनुमति कभी नहीं दी। उसने दोनों के बीच अवैध संबंध होने का भी दावा किया। मामले की अगली सुनवाई आठ दिसंबर को होगी।

# इस्तीफा देने वाले सांसदों ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात, दीया कुमारी नड्डा से मिली

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान में विधानसभा चुनावों का परिणाम घोषित हुए तीन दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक मुख्यमंत्री को लेकर असमंजस बरकरार है। भारतीय जनता पार्टी विधायक दल की बैठक और मुख्यमंत्री के नाम को लेकर कोई फैसला नहीं हो पाया है। विधायक बने भाजपा के तीन सांसदों ने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। इनमें दीया कुमारी, किरोड़ीलाल मीणा और राज्यवर्धन सिंह राठौड़ शामिल हैं। तिजारा से जीते महंत बालकनाथ ने इस्तीफा नहीं दिया है। इस्तीफा देने के बाद विधायक बने सांसदों ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वहीं, दीया कुमारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की। बताया जा रहा है कि जिन दो लोकसभा सांसदों ने इस्तीफा दिया है, उनकी सीट पर उपचुनाव नहीं होंगे, क्योंकि लोकसभा चुनावों में अब छह महीने से भी कम समय बचा है। दीया कुमारी राजसमंद, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ जयपुर ग्रामीण सीट से सांसद थे। किरोड़ी मीणा राज्यसभा सांसद थे, इसलिए उनके इस्तीफे से खाली हुई सीट पर जरूर राज्यसभा चुनाव होगा। मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर भाजपा में दिल्ली



से लेकर जयपुर तक अंदर खाने बैठकें और मंथन चल रहा है। मंगलवार शाम को प्रधानमंत्री आवास पर अमित शाह और जेपी नड्डा के बीच चार घंटे बैठक चली है। विधायकों को उनके क्षेत्र में जाकर सक्रिय रहने के लिए कह दिया गया है। संगठन की ओर से मैसेज पहुंचाया गया है कि जब भी बैठक होगी, उन्हें जयपुर बुला लिया जाएगा। भाजपा नेता जल्द राजस्थान सीएम के नाम पर फैसला होने का दावा कर रहे हैं। राजस्थान भाजपा में यह पहला मौका है जब मुख्यमंत्री को लेकर असमंजस बना है, इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। भाजपा मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करके ही चुनाव लड़ती रही है, इसलिए कभी नतीजे आने के बाद असमंजस नहीं हुआ। पहले भैरोसिंह शेखावत भाजपा का सीएम चेहरा हुआ करते थे। वर्ष 2003, 2008, 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों में वसुंधरा राजे पहले से सीएम चेहरा घोषित थीं, इसलिए असमंजस नहीं हुआ। वर्ष 2003 और 2013 में वसुंधरा राजे का पहले से ही सीएम बनना तय था, इसलिए नतीजे आने के बाद ही सीएम की शपथ का टाइम तय हो जाता था, विधायक दल की बैठक में नाम की घोषणा केवल औपचारिकता ही रहती थी। दोनों ही बार वसुंधरा राजे ने 13 दिसंबर को शपथ ली थी। भाजपा में मुख्यमंत्री का फैसला लंबा खींचने को लेकर सियासी हलकों में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। अब तक सीएम पर फैसला नहीं होने के पीछे केंद्रीय नेतृत्व की रणनीति को कारण माना जा रहा है। राजस्थान भाजपा में सीएम चेहरों की लंबी कतार है, ऐसे में देरी के पीछे सबका मन टटोल कर सर्वसम्मति बनाने की कोशिश से जोड़कर देखा जा रहा है।

## पंजाब सरकार ने गन्ने के दामों का रिव्यू करने को बनाई कमेटी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब सरकार ने गन्ने के दामों को लेकर चल रहे विवाद का समाधान करने के लिए एक कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी की रिपोर्ट के बाद सरकार गन्ने के दामों में बदलाव करेगी। बुधवार को कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद सरकार की तरफ से यह फैसला लिया गया। पंजाब सरकार ने हालही में किसान आंदोलन के बाद गन्ने के दाम में 11 रुपये की बढोतरी कर गन्ने के दाम 391 रुपये किए थे, लेकिन किसानों ने इसे नाकाफी करार देते हुए विरोध शुरू कर दिया। किसानों की तरफ से पंजाब में दोबारा आंदोलन का ऐलान किए जाने के बाद सरकार ने कैबिनेट एक सब कमेटी का गठन किया है। पंजाब सरकार की अधिसूचना के अनुसार पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में बनाई गई कमेटी में पंजाब के कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल और गुरमीत सिंह खुड्डियां को भी शामिल किया गया है। सरकार ने कहा कि किसानों के नुकसान को लेकर जल्द कमेटी फैसला लेगी। हाईवे बनाने के लिए अधिगृहीत की जा रही किसानों की जमीन का मुआवजे का भी जल्द निपटारा किया जाएगा।

## अपराधी राजस्थान छोड़कर चले जाए नहीं तो जेल में दिखाई देंगे : शेखावत



**जोधपुर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के बाद अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपराधी राजस्थान छोड़कर चले जाए नहीं तो जेल में दिखाई देंगे। शेखावत ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पूरे 5 साल के कालखंड में राजस्थान में लॉ एंड ऑर्डर सिचुएशन एक बहुत बड़ा मुद्दा थी। हमने निरंतर पांच साल तक चीख-चीखकर कहा था कि सरकार के नुमाइंदों की सरपरस्ती में माफिया और गैंगस्टर दिन-दहाड़े लोगों की हत्याएं करते हैं। एक बार फिर जाती हुई सरकार ने अपनी अकर्मण्यता से एक और जघन्य हत्या को होते देखा है। उन्होंने कहा कि अपने ऊपर खतरे को देखते हुए गोगामेड़ी ने डीजी और कमिश्नर के स्तर पर सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई थी। जिस तरह से सरकार कन्हैयालाल टेलर को बार-बार गुहार लगाने के बाद भी सुरक्षा नहीं दे पाई, एक बार फिर पुलिस की विफलता और सरकार की अकर्मण्यता साबित हुई। हत्यारों ने दिनदहाड़े आकर धोखे से हिंदुत्व की आवाज उठाने वाले गोगामेड़ी की दुर्दांत हत्या को अंजाम दिया। शेखावत ने कहा कि जैसे ही गोगोमेड़ी की हत्या की सूचना आई तो उन्होंने पुलिस कमिश्नर जयपुर से बातकर कहा कि सही जांच हो, जांच में लीपापोती न की जाए। उन्होंने साफ कहा कि जिस तरह से पुलिस घटना को एक ट्विस्ट देकर, नवीन सिंह शेखावत के नाम को, जिसको एक शैडो और टूल के रूप में इस्तेमाल किया गया था, अभियुक्त बताने का काम कर रही थी। मैंने पुलिस अधिकारियों से कठोर शब्दों में कहा कि इस तरह के ट्विस्ट देने का काम पुलिस न करे, सही जांच करे। हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार करे। साथ में किसकी अकर्मण्यता के चलते या किसकी मिलीभगत के चलते गोगोमेड़ी को सिक्योरिटी क्यों नहीं प्रदान की गई थी, इस बात की जांच होकर दोषी व्यक्ति के खिलाफ भी समान धाराओं में कार्रवाई हो, इसको सुनिश्चित करें।

## बीकानेर कांग्रेस की बैठक : सबके सुझाव पर अमल करके संगठन में मजबूती से जुटेंगे फिर मैदान में




**बीकानेर ( हिंस )।** बीकानेर पूर्व और पश्चिम विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद बुधवार को बीकानेर कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस की बैठक जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत अध्यक्षता में आहूत की गई। गहलोत ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी ने अपनी पूरी ईमानदारी से निष्ठा से मेहनत की। ये अलग बात है कि हम चुनाव जीत नही पाए फिर भी निराश होने की आवश्यकता नहीं है। हम एक बार फिर से आगामी लोकसभा और नगर निगम के चुनाव में मजबूती से लड़ेंगे और जो गलतियां हुई है उनको दूर करने का प्रयास करेंगे। पूर्व राज्य मंत्री मदनगोपाल मेघवाल ने कहा सभी लोगों का इतनी बड़ी संख्या में आना ये साबित करता है कि कांग्रेस का कार्यकर्ता मजबूत है और सभी के लिए कांग्रेस मजबूती से कार्य करेगी। प्रदेश कांग्रेस महासचिव जिया उर रहमान आरिफ ने कहा चुनाव जीतना महत्वपूर्ण होता है लेकिन इसका मतलब ये बिलकुल नहीं की चुनाव हार गए तो अब क्या करें। हम मजबूत पार्टी के मजबूत सिपाही है। हमारा समय आएगा गलतियों को सूधारते हुए पुनः मैदान में जुटेंगे। प्रदेश महासचिव गजेंद्र सिंह सांखला, प्रदेश सचिव साजिद सुलेमानी, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह सोढा, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, ब्लॉक अध्यक्ष जाकिर नागौरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शर्मिला पंचारिया, उपाध्यक्ष अब्दुल मजीद खोखर, उपाध्यक्ष श्रीलाल व्यास, अरविंद मिढ़ा, उपाध्यक्ष अयूब अली सोढा, ललित तेजस्वी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुकेश राजस्थानी, हेमंत किराड़ू, पार्षद जावेद पडिहार, पार्षद शिवशंकर बिस्सा, पार्षद मुजाहिद कुरेशी, पार्षद किसन तंवर, पार्षद पूनमचंद ने संबोधित करते हुए कांग्रेस के साथ चलने का संकल्प दोहराया। सभा के अंत में डॉ.भीमराव अंबेडकर को पुण्यतिथि पर, और एक दिवस पूर्व हत्या कर दिए गए सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## युवा पीढ़ी देश को विकसित बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़े : ओमप्रकाश धनखड़

**झज्जर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अमृत काल की पीढ़ी है। युवा पीढ़ी देश को विकसित बनाने का संकल्प लेते हुए अपना योगदान दें। वे बुधवार को गांव पाटौदा और गांव सिलानी जालिम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि वे विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें और उसे सिद्धि में बदलने की दिशा में काम करें। ओमप्रकाश धनखड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकारें जनकल्याण की दिशा में अच्छा कार्य कर रही हैं। यही कारण है कि आज विश्व में भारत का ढंका बज रहा है। देश और प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के लिए काम हुआ है। केंद्र सरकार



की आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप इंडिया, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला सहित अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि साढ़े नौ वर्ष पहले पूर्व की सरकारों के समय गैस कनैक्शन के लिए लाईनें लगती थी, आज घरों तक गैस कब पहुंचती है किसी को पता नहीं चलता है, ये सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह मोदी जी की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। धनखड़ ने पीएम मोदी जी की गांरटी यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार से जुड़े कार्य के लिए हम दफ्तरों में जाते हैं, और अपना काम कराने की कोशिश करते हैं,मगर आज सभी कार्यालय पाटौदा और सिलानी जालिम गांव आएं हैं और देश के हर गांव में जाएंगे। माछरोली खंड के गांव लुहारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में दिव्यांगजन आयोग के पूर्व चेयरमैन दिनेश शास्त्री बतौर मुख्य वक्ता पंहुचे। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद डॉ. सुभिता ढाका, एसडीएम विशाल कुमार, गांव पाटौदा के सरपंच गोबिंद, गांव लुहारी के सरपंच राजेंद्र सिंह व गांव सिलानी जालिम के सरपंच महाबीर सिंह व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मां दुर्गा के प्रति अभद्रता व अश्लीलता पूर्वक टिप्पणियां करने वाले पर केस

**फतेहाबाद ( हिंस )।** हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले को लेकर दहमान गांव के एक युवक के खिलाफ बुधवार को पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव लहरिया निवासी अनिल ने कहा है कि मां दुर्गा हिंदू समाज की पूजनीय है, जिसके प्रति दहमान निवासी गगन उर्फ गूगल ने आपत्तिजनक टिप्पणी करके हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। आरोपी ने सोशल मीडिया एवं पर्सनल मैसेज भेज कर मां दुर्गा के प्रति अभद्रता व अश्लीलता पूर्वक टिप्पणियां की हैं, जिसे पढ़कर उसकी मन काफी दुखी और विचलित हुआ है। शिकायतकर्ता ने कहा कि मां दुर्गा के प्रति की गई टिप्पणी से मुझे अकेले को नहीं बल्कि पूरे हिंदू समाज के लोगों को ठेस पहुंचाई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि मां दुर्गा का अपमान और घृणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरोपी ने बहुत बड़ी हिंदुओं के प्रति शरारत की है।

## किसानों पर किसान आंदोलन के दौरान दर्ज नहीं हुआ एक भी मामला : दुष्यंत चौटाला

**जींद ( हिंस )।** उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान एक भी किसान पर केस दर्ज नहीं हुआ, क्योंकि किसानों की सोच करने वाला आदमी ऊपर बैठा था। उन्होंने कहा कि राज में हिस्सेदारी होने से किसानों को काफी फायदा हुआ। मैंने एक मुहिम शुरू की थी कि किसान की फसल का पैसा सीधा उसके खाते में जाए। हमने वो काम करके दिखाया। वे बुधवार को गतौली गांव में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश की हुड्डा सरकार के दौरान किसानों को चार से पांच रुपये मुआवजा राशि मिलती थी, लेकिन हमने एक सिस्टम तैयार किया, जिससे सीधा पटवारी के मोबाइल पर संदेश जाता है कि उस किसान के खेत की गिरदावरी करनी है। किसान को फर्द लेनी है तो पहले चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ता था, लेकिन अब गांव में ही फर्द निकल जाती है। प्रदेश में 30 लाख राशन कार्ड बन गए हैं, जिनकी आमदनी परिवार पहचान पत्र में एक लाख 80 हजार से कम होने पर तुरंत राशन कार्ड बन जाता है। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक अमरजीत ढांडा ने कहा कि जितना काम 50 साल में नहीं हुआ, उनता काम सवा चार साल में कर दिया है।

## जोधपुर में बंद का व्यापक असर, कई जगह लगी जाम की स्थिति, टायर जलाकर प्रदर्शन

**जोधपुर ( हिंस )।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेवसिंह गोगामेडी की मंगलवार को घर में घुसकर हुई हत्या के मामले में राजपूत समाज और सर्वसमाज की ओर से आहूत राजस्थान बंद का व्यापक असर आज जोधपुर शहर में भी देखने को मिला। हालांकि इस घटना के बाद पूरे प्रदेश में पुलिस के आला अधिकारियों ने बिगड़े हालात को काबू पाने के लिये व्यवस्था चाक चौबंद कर रखी है। सुबह नौ बजे के करीब ही इस घटना से आक्रोशित राजपूत समाज और सर्व समाज के युवा और वृद्ध नेता पावटा चौराहा से जोधपुर बंद कराने के लिये निकले और नई सड़क पर आकर रास्ता जाम करने के साथ धरना प्रदर्शन किया। बंद सर्मथकों ने जोधपुर की मुख्य सड़कों पर स्थित दुकानों के साथ नई सड़क और घंटाघर क्षेत्र में भी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कराए। इस घटना से आक्रोशित युवाओं ने नई सड़क चौराहे पर आवागमन बाधित करने के साथ टायर जलाकर भी अपना आक्रोश व्यक्त किया। इसके




बाद बंद समर्थकों ने शहर के सिरे बाजार और एमजीएच रोड़ होते हुए जालोरी गेट चौराहे पर आकर भी अपना आक्रोश प्रकट किया। पुलिस अधिकारियों के साथ भारी मात्रा में शहर के प्रमुख सड़कों और चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया है और नई सड़क पर आक्रोशित बंद समर्थकों के साथ भी भारी तादाद में पुलिस जाब्ता तैनात किया हुआ है। पुलिस ने पावटा चौराहा से सोजती गेट आने वाले और पांचवी रोड से जालोरी और सोजती गेट आने वाले मार्ग पर बैरिकेड लगाकर सुबह के समय के यातायात को वैकल्पिक मार्गो से डायवर्ट किया। सुबह के समय व्यस्त रहने वाली इन सड़कों पर आवागमन बाधित होने के कारण पूरे विकल्प मार्गो पर बढ़ी वाहनों की रेलमपेल के चलते जाम की स्थिति बनी हुई थी। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के आरोप में दो आरोपियों रोहित राठौड़ जोकि मूलत: मकराना के जूसरिया गांव का बताया जा रहा है और दूसरा शूटर नितिन फौजी जो कि हरियाणा का है और वर्तमान समय में जयपुर में रहने की जानकारी है। बताया जा रहा है कि दोनो आरोपियों को राउंडअप किया है, मगर अधिकृत रूप से इसकी पुष्टि दोपहर तक नहीं हो पाई।

## अर्थशास्त्री, न्यायविद, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और राजनीतिक नेता थे डॉ. अंबेडकर : गोबिंद

**सिरसा ( हिंस )।** सिरसा के विधायक, पूर्व गृहराज्यमंत्री एवं हरियाणा लोकहित पार्टी सुप्रीमो गोपाल कांडा और उनके अनुज वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने भारत के संविधान लिखने वाले भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर को उनके महा परिननिर्वाण दिवस पर नमन करते हुए कहा कि वे एक बहुत बड़े अर्थशास्त्री, न्यायविद, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और राजनीतिक नेता थे। वे समाज से भेदभाव को खत्म करना चाहते थे। समाज में अछूतों को लेकर हो रहे भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। उन्होंने हमेशा श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकार के बारे में बात की। उनकी मृत्यु 06 दिसम्बर 1956 को हुई थी। इसलिए इस दिन अंबेडकर जी की पुण्यतिथि मनाई जाती है और साथ ही इस दिन को महापरिनिर्वाण दिवस भी कहा जाता है। कांडा बंधुओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने लोगों को संदेश दिया कि भाग्य पर आश्रित रहने के बजाए अपनी मेहनत और कर्म पर विश्वास रखना चाहि, आदि से अंत तक हम सिर्फ एक भारतीय हैं, संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह जीवन का एक माध्यम है, मन की स्वतंत्रता ही वास्तविक स्वतंत्रता है, शिक्षा जितनी पुरुषों के लिए आवश्यक है उतनी ही महिलाओं के लिए जीवन लंबा होने की बजाए महान होना चाहिए और ज्ञान उसका आधार होना चाहिए। उन्होंनें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि देश के लिए उनकी अनुकरणीय सेवा को हर देशवासी सदैव याद रखेगा, उनके संघर्षों ने करोंडों लोगों को आशांवित किया। महापरिनिर्वाण दिवस पूरी श्रद्धा के साथ भारत के सभी वर्ग के लोगों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी के साथ मनाया जाना चाहिए। भावी पीढ़ी को डॉ. अंबेडकर के कार्यों के बारे से अवगत करना चाहिए और यह भी बताना चाहिए कि उनकी दृष्टि ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के भविष्य को कैसे आकार दिया है।

## सुखदेव गोगामेड़ी के हत्यारों को कड़ी सजा देने की मांग

**झज्जर ( हिंस )।** राजपूत सभा बहादुरगढ़ के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शेखावत ने हिंदू सनातनी सामाजिक कार्यकर्ता व राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाना सुनिश्चित करने की मांग की है। बहादुरगढ़ के राजपूत नेता दिनेश शेखावत ने गत मंगलवार को जयपुर में घर के अंदर घुसकर दिनदहाड़े राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी कश्मीर से कन्याकुमारी तक राष्ट्रीय हित में कार्य करने वाले राष्ट्रवादी विचारों के व्यक्ति थे। राजस्थान के राज्यपाल को चाहिए कि सुखदेव की सुरक्षा न करने के आरोप में डीजीपी को सख्त कार्रवाई के लिए निर्देश दें। शेखावत ने कहा कि आज राजस्थान के साथ पूरा देश खड़ा हुआ है। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के प्रयासों से ही आज राजस्थान के अंदर ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में विशेष सुधार किए गए थे जिसके माध्यम से आज सर्व स्वर्ण समाज के युवाओं को रोजगार प्राप्त हो रहा है तथा सदैव होता रहेगा। समाज विरोधी गतिविधियों पर भी उन्होंने लगाम लगाई सांस्कृतिक रूप से समाज के विरोध में होने वाली घटनाओं पर भी सुखदेव जी ने आंदोलन किया फिल्मी चलचित्र के माध्यम से अथवा विज्ञापनों के माध्यम से या अन्य कोई भी मनगढ़ंत राजपूत समाज से जुड़ी हुई ऐतिहासिक घटनाओं पर गलत तथ्यों को पेश किया जाता रहा था उस पर भी उन्होंने रोक लगवाने का कार्य किया।

## आतंकवादी सहयोगी की 14 मरला आवासीय भूमि कुर्क

**बांदीपोरा ( हिंस )।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक आतंकवादी सहयोगी की 14 मरला आवासीय भूमि कुर्क की है। यह संपत्ति लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी सहयोगी इरफान अहमद भट की थी। पुलिस ने एफआईआर संख्या 43/2022 के मामले में अष्टेंगू बांदीपुरा में 14 मरला आवासीय भूमि कुर्क की है। भूमि की पहचान आतंकवाद से प्राप्त आय के रूप में की गई थी और इसे यूएपीए के तहत संलग्न किया गया था। यह जमीन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी सहयोगी इरफान अहमद भट के परिवार की है। पुलिस ने कहा कि भट का भाई भी 2000 में पाकिस्तान में घुसपैठ कर गया था।

## मांगें पूरी न होने पर सड़क पर उतरे अनुबंधित विद्युत कर्मचारी

### सरकार की अनदेखी से अनुबंधित विद्युत कर्मचारियों में भारी रोष : कंवरपाल

**हिसार ( हिंस )।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया है। अनदेखी के आरोपों के चलते अनुबंधित विद्युत कर्मचारियों की मांगों के हल के लिए इन कर्मचारियों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। हिसार जोन के डीएचबीवीएन व एचवीपीएन के मुख्य अभियंता को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेशाध्यक्ष कंवरपाल ने संगठन पिछले पांच वर्षों से लगातार अनुबंधित विद्युत कर्मचारियों की मांगों को प्रदर्शन व पत्राचार के माध्यम से प्रदेश सरकार व बिजली निगम प्रबंधन के समक्ष उठा रहा है, लेकिन अभी तक मांगों के समाधान की दिशा में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। इसके चलते अनुबंधित विद्युत कर्मचारियों में भारी रोष है। इसी के तहत हिसार व रोहतक जोन में प्रदर्शन कर मांगों को लेकर



मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि यदि इसके बाद भी सरकार मांगों का समाधान नहीं करती है तो जल्द ही प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बुलाकर आगामी निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगठन की मांगों में 12 जून 2023 को थर्मल कर्मचारियों के साथ हुए समझौते को पूर्णत लागू करना, तीन साल से रूकी वेतन बढ़ोतरी का लाभ दिलाना, बोनस का लाभ दिलवाना, रिटायरमेंट पर एकमुश्त 20 लाख रुपए की राशि दिलवाना, एलटीसी व जोखिम भत्ता देना, सभी कच्चे कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर पॉलिसी लागू करना, 58 साल की आयु तक रोजगार की सुरक्षा प्रदान करना, अनुबंधित कर्मचारियों को पदोन्नति देना, पार्ट टाइम कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करना, सब स्टेशन यार्ड सटीक को 5 से 7 करना सहित अनेक मांगें शामिल हैं। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को प्रदेश उपाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव चरणजीत वर्मा, प्रदेश प्रेस सचिव विकास ढिल्लो, प्रदेश संगठन मंत्री विक्रम श्योराण, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जीवन ठाकुर, लोकेश भ्याणा, संदीप चौहान, हिसार जिलाध्यक्ष रामकेश श्योराण, सिरसा जिलाध्यक्ष रेशम बराड़, फतेहाबाद जिलाध्यक्ष राजेश कुमार व जींद जिलाध्यक्ष सुरेंद्र श्योकंद आदि ने भी संबोधित किया।



# एयरबस के 250 विमानों के ऑर्डर में बदलाव, एयरलाइन के पास अब अधिक संख्या में होंगे ए321 नियो विमान

**मुंबई। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने इस साल की शुरुआत में एयरबस को 250 विमानों का ऑर्डर दिया था, लेकिन अब उसके पास अधिक संख्या में ए321 नियो विमान होंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी।**

दरअसल, एयरलाइन को एयरबस से 250 विमानों के ऑर्डर के तहत 210 नैरोबॉडी ए320 फैमिली विमान खरीदने थे। जिनमें 140 ए320नियो और 70 ए321नियो और बाकी 40 वाइडबॉडी ए350 विमान शामिल थे। सूत्र ने कहा कि एयर इंडिया ने एयरबस के साथ ऑर्डर में बदलाव किया है। अब वह 140 ए321 नियो और 70 ए320 नियो का अधिग्रहण करेगी।

सूत्र ने कहा कि एयर इंडिया ने छह ए350-900 और 34,350-1000 के पहले के ऑर्डर को बदलकर 20 ए350-900 और 20 ए350-1000 कर दिया है।

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, हम नियमित रूप से व्यावसायिक जरूरतों और अवसरों के आधार पर अपनी ऑर्डर की समीक्षा करते हैं और अनुबंध में उचित बदलाव करते हैं। इस बारे में टिप्पणी के लिए संपर्क किए जाने पर एयरबस ने कहा, इस रणनीति का खुलासा करना हमारे ग्राहकों पर निर्भर करता है।

टाटा समूह ने जनवरी 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था। इस साल की शुरुआत में एयर इंडिया ने एयरबस और बोइंग को 70 अरब डॉलर (प्रकाशित मूल्य सूची के आधार पर) में 470 विमानों के लिए ऑर्डर दिया था।

ऑर्डर में बोइंग के 190 बोइंग 737 मैक्स नैरोबॉडी प्लेन, 20 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर और 10 बोइंग 777एक्स शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### फोर्ब्स की सबसे ताकतवर महिलाओं में निर्मला सीतारमन शामिल



**नई दिल्ली।** फोर्ब्स की सूची में दुनिया की सौ सबसे पावरफुल महिलाओं को शुमार किया जाता है। इस बार भारत की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन समेत तीन भारी महिलाओं को शामिल किया गया है। सीतारमन 32वें स्थान पर हैं, जिसमें अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और सिंगर टेलर स्विफ्ट भी शामिल हैं। इस सूची में तीन अन्य भारतीय महिलाएं भी शामिल हैं,जिनके नाम एचसीएल कॉर्पोरेशन की सीईओ रोशनी नादर मल्होत्रा (रैंक 60), स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की चेयरपर्सन सोमा मंडल (रैंक 70), और बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ (रैंक 76) हैं। फोर्ब्स की पावरफुल महिलाओं की सालाना लिस्ट में यूरोपीय आयोग की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन स्पॉट पर हैं, उनके बाद यूरोपीय सेंट्रल बैंक की बॉस क्रिस्टीन लेगार्ड दूसरे स्थान पर और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमल हैरिस तीसरे स्थान पर हैं। जानें दुनिया की सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में जगह बनाने वाली भारतीय महिलाओं के बारे में- सीतारमण मई 2019 में भारत की पहली पूर्णकालिक वित्त मंत्री बनीं और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की भी प्रमुख हैं। राजनीति में आने से पहले उन्होंने यूके के एग्रीकल्चरल इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड सर्विस में भूमिकाएँ निभाई। इसके अलावा,वह राष्टीय महिला आयोग की सदस्य भी रह चुकी हैं। सीईओ रोशनी नादर मल्होत्रा एचसीएल के संस्थापक और उद्योगपति शिव नादर की बेटी हैं। फोर्ब्स ने कहा कि एचसीएल टेक्नोलॉजीज की अध्यक्ष के रूप में, वह कंपनी के सभी रणनीतिक निर्णयों के लिए जिम्मेदार हैं।

### दुनिया की टॉप-5 में शामिल हुई एलआईसी

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**नई दिल्ली।** दुनिया में तमाम बीमा कंपनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपनी अलग जगह बनाई है। अब एलआईसी दुनिया की पांच टॉप बीमा कंपनियों में शुमार हो गई है। एसऐंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की रैंकिंग में भारतीय जीवन बीमा निगम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी बीमा कंपनी बनी है। यह रैंकिंग साल 2022 में कंपनियों की जीवन और दुर्घटना एवं स्वास्थ्य बीमा के नकदी भंडार पर आधारित है। देश की इस सरकारी बीमाकर्ता की तुलना में आलियांज एसई, चाइना लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी आगे है। एलआईसी का नकदी भंडार 503.07 अरब डॉलर रहा। वहीं आलियांज एसई का नकदी भंडार 750.20 अरब डॉलर, चाइना लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का नकदी भंडार 616.90 अरब डॉलर और निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का नकदी भंडार 536.80 अरब डॉलर था। एलआईसी और निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का नकदी भंडार वित्त वर्ष 2023 (अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक) का था। दुनिया की शीर्ष 50 जीवन बीमा कंपनियों की सूची में 21 कंपनियों के साथ यूरोप का दबदबा है। अगर सिर्फ देश की बात करें तो सबसे अधिक जीवन बीमा कंपनियां अमेरिका में हैं। वहां आठ बीमा कंपनियों का मुख्यालय है। इसके बाद ब्रिटेन सात कंपनियों के साथ दूसरे स्थान पर है। यूरोपीय देशों की तरह शीर्ष 50 एशियाई कंपनियों में दुनिया की 17 कंपनियां जीवन बीमा का हिस्सा थीं।

### देश का डाटा सेंटर उद्योग निवेशकों के लिए बन रहा है आकर्षण, पहली छमाही में 21 अरब डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली ।** देश में डाटा सेंटर उद्योग में लगातार तेजी देखी जा रही है और यह निवेशकों के लिए एक आकर्षक क्षेत्र बन गया है। निवेशकों ने चालू वर्ष की पहली छमाही के दौरान डाटा सेंटर बाजार में 21.4 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। सीबीआरई की जारी रिपोर्ट के अनुसार, हालिया वैश्विक चुनौतियों के बावजूद इस क्षेत्र में निवेशकों की रुचि बढ़ी हुई है। भारत में डाटा सेंटर की क्षमता 2020 से दोगुनी होकर 2023 की पहली छमाही तक 880 मेगावॉट तक पहुंच गई। इसके 2023 अंत तक 1,048 मेगावॉट पहुंचने की उम्मीद है। तेज डिजिटलीकरण, प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे में सुधार, 5जी, कृत्रिम मेधा (एआई), ब्लॉकचेन और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को शामिल करने के कारण भारत में डाटा सेंटर उद्योग में लगातार निवेश आ रहा है। सीबीआरई के अध्यक्ष एवं सीईओ (भारत-दक्षिण पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया व अफ्रीका) अंशुमान मैगजीन ने कहा, 2018 से 2023 की पहली छमाही तक भारत ने 35 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया है।

## लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार ने बनाया नया हाई

# सेंसेक्स 357 पॉइंट बढ़कर 69,653 पर बंद, निफ्टी में भी 82 अंक की तेजी

**मुंबई।**

शेयर बाजार ने फिर नया ऑल टाइम हाई बनाया। सेंसेक्स 69,744.62 के अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया, तो वहीं निफ्टी ने भी 20,961.95 का स्तर छुआ। ये लगातार तीसरा दिन है जब सेंसेक्स और निफ्टी ने नया हाई बनाया है। वहीं आज सेंसेक्स 357 पॉइंट बढ़कर 69,653 के स्तर पर बंद। निफ्टी में भी 82 अंक की तेजी रही, यह 20,937 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और सिर्फ 10 में गिरावट रही।

आज के कारोबार में अडाणी ग्रुप के 10 शेयरों में से 7 में तेजी देखने को मिली है। अडाणी टोटल गैस में 20 प्रतिशत की तेजी रही। वहीं अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 2.24 प्रतिशत की गिरावट रही। अडाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर भी 16.80 प्रतिशत चढ़ा।




### एक्सपर्ट बोले- शेयर मार्केट सालाना 20 प्रतिशत बढ़ेगा

मॉर्गन स्टेनली इंडिया के एमडी रिधम देसाई बताते हैं कि अगले 4 साल शेयर बाजार में सालाना 20 प्रतिशत उछाल का अनुमान है। जीडीपी में लिस्टेड कंपनियों के मुनाफे की हिस्सेदारी बढ़कर 10-11 प्रतिशत पहुंच सकती है, जो अभी 5-8 प्रतिशत है। इसके पीछे निवेश बढ़ना, सरकारी खर्चों में बढ़ोतरी, बचत में सुधार, अंतरराष्ट्रीय व्यापार में इजाफा और कंपनियों का शानदार लाभांश कारण हैं।

### बाजार ने बनाया था ऑल टाइम हाई

इससे पहले शेयर बाजार नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स ने 69,381.31 का ऑल टाइम हाई बनाया, तो वहीं निफ्टी ने भी 20,864.05 का हाई बनाया। इसके बाद सेंसेक्स 431 पॉइंट (0.63 प्रतिशत) बढ़कर 69,296 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में 168 अंक (0.81 प्रतिशत) की तेजी रही, यह 20,855 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट मिली थी।

### बजाज चेतक इलेक्ट्रिक का नया मॉडल होगा लांच, स्कूटर में है लेटेस्ट फीचर और बड़ा बैटरी पैक

**नई दिल्ली ।** बजाज चेतक इलेक्ट्रिक का कंपनी नया मॉडल लॉन्च करने जा रही है। इस बार कंपनी ने स्कूटर में 3.2 किलोवॉट का नया बैटरी पैक दिया है। ये बैटरी पैक स्कूटर को 126 किलोमीटर की रेंज देगा। वहीं इसका डिस्प्ले भी कंपनी ने नया कर दिया है और अब इसमें 7 इंच का कलर टीएफटी डिस्प्ले दिया गया है। अब स्कूटर में स्मार्टफोन कनेक्टिविटी और टर्न बाई टर्न नेविगेशन सिस्टम भी मिलेगा। खबरों के अनुसार फिलहाल आ रहा चेतक के अर्बन वेरिएंट की जगह पर कंपनी इस स्कूटर को लाएगी। वर्तमान मॉडल की तुलना में इसकी हाई स्पीड को भी बढ़ा दिया गया है। वहीं स्कूटर का डिजाइन और डायमेंशंस वही रहेंगे जो पहले थे। हालांकि स्कूटर का वजन पहले के मुकाबले कम हो जाएगा और ये अभी आ रहे मॉडल से 3 किलो तक हल्का होगा। वहीं कंपनी पेट्रोल और इलेक्ट्रिक टू व्हीलर लॉन्च करने के बाद अब सीएनजी बाइक के मॉडल को डवलप करने पर काम कर रही है। ये एक 100 सीसी की मोटरसाइकिल होगी जिसका माइलेज भी काफी बेहतर होगा। गौरतलब है कि बजाज की टू व्हीलर मार्केट में मौजूद 125 से 200 सीसी सेगमेंट बाइक्स में तेजी से हिस्सेदारी बढ़ी है और ये 30 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गई है। जिसके बाद से कंपनी लगातार बजट बाइक्स के प्रोडक्शन और नए मॉडल्स पर ध्यान दे रही है। बता दें कि इंडियन टू व्हीलर मार्केट में अब स्कूटरों का कब्जा एक बार फिर होता जा रहा है। खासकर इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बिक्री में तेजी आई है। हालांकि होंडा एक्टिवा जैसे स्कूटर भी बाजार में मौजूद हैं जो अभी तक इलेक्ट्रिक अवतार में मौजूद नहीं हैं फिर भी अपनी सेल से सभी कंपनियों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। दूसरी तरफ ओला, अथेर और टीवीएस जैसी कंपनियां भी हैं जिनके इलेक्ट्रिक स्कूटरों की सेल रिकॉर्ड तोड़ बढ़ रही है।

# कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से पेट्रोल-डीजल के भाव में मामूली कमी



**नई दिल्ली ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार हल्की गिरावट देखी जा रही है। जिसके चलते पेट्रोल व डील के दामों में मामूली कमी देखी गई। डब्ल्यूटीआई क्रूड लाल निशान में रहते हुए 72.18 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं, ब्रेंट क्रूड भी गिरकर 77.20 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है।

देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के ताजा रेट जारी कर दिए हैं। यूपी में पेट्रोल की कीमत में 38 पैसे व डीजल की कीमत में 37 पैसे की गिरावट देखी गई है। हरियाणा में पेट्रोल और डीजल 28 पैसे सस्ता हो गया है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में भी पेट्रोल-डीजल की कीमत में गिरावट है। चहीं दूसरी ओर, महाराष्ट्र में पेट्रोल 28 और डीजल 25 पैसे महंगा हो गया है। पंजाब, गोवा और गुजरात में पेट्रोल-डीजल की कीमत में हल्की तेजी दिख रही है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.77 रुपये और डीजल 94.37 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97 रुपये और डीजल 90.14 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.47 रुपये और डीजल 89.66 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर हो गया है। सी तरह पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# आईओसी बदलेगा इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी, कोलकाता में खोला पहला स्टेशन

**नई दिल्ली ।**

आईओसी ने इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी बदलने के लिए पहला स्टेशन शुरु किया है। इससे अब उन लोगों को राहत होगी जिनके वाहनों की बैटरी रास्ते में ही खत्म हो जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए कोलकाता में बैटरी को बदलने की सुविधा देने वाला अपना पहला स्टेशन खोला। आईओसी ने एक बयान में कहा कि बैटरी बदलने वाले इस स्टेशन की शुरुआत कोलकाता के न्यू टाउन में स्थित पेट्रोल पंप पर की गई। इसकी स्थापना सन मोबिलिटी के सहयोग से की गई है। इस स्टेशन पर जाकर इलेक्ट्रिक वाहन चालक डिस्चार्ज बैटरी की जगह पूरी तरह चार्ज बैटरी ले सकते हैं। इस मामले में कंपनी के निदेशक (विपणन) वी सतीश कुमार ने कहा कि बैटरी की अदला-बदली वाली प्रौद्योगिकी टिकाऊ इलेक्ट्रिक परिवहन समाधानों के प्रोत्साहन के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर देती है।




उम्मीद जताई जा रही है कि यह स्टेशन पूर्वी भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में एक अहम भूमिका निभाएगा। इंडियन ऑयल आने वाले महीनों में सन मोबिलिटी के साथ मिलकर अपने पेट्रोल पंपों पर बैटरी स्टेशन स्थापित करेगी। सन मोबिलिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनंत बडजात्या ने कहा कि बैटरी को बदलने की सुविधा देने वाले स्टेशनों की स्थापना से इलेक्ट्रिक वाहनों की इस्तेमाल अवधि को बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी।

# इस सप्ताह सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट, स्थिर नहीं रही शुरुआती तेजी

**नई दिल्ली ।**

सोने-चांदी के वायदा भाव की तेजी के साथ शुरुआत हो रही है, लेकिन वह स्थिर नहीं है। यही वजह है कि इस सप्ताह सेने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखी गई। सुबह जरुर उछाल रहा लेकिन दिन का कारोबार खत्म होने तक यह उछाल बरकरार नहीं रह पाया है। आज दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। रिकॉर्ड स्तर से सोना करीब 1,800 रुपये फिसल चुका है। चांदी में भी इस सप्ताह करीब 3,000 रुपये की गिरावट आ चुकी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव में आज तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट आज 65 रुपये की तेजी के साथ 62,250 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 97 रुपये की तेजी के साथ 62,283 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 62,311 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 62,220 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया।



हालांकि सोने के वायदा भाव ने 64,063 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छुआ था। इसके बाद सोने के वायदा भाव करीब 1,800 रुपये प्रति 10 ग्राम गिर चुके हैं। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट आज 175 रुपये की तेजी के साथ 75,454 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 220 रुपये की तेजी के साथ 75,499 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 75,595 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 75,375 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव 78,549 रुपये के भाव पर दिन के उच्च स्तर पर पहुंच गए थे। इसके बाद ये भाव करीब 3,000 रुपये गिरगए हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा कीमतों की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी की शुरुआत सुस्त रही। लेकिन बाद में इसके भाव में भी तेजी देखी जाने लगी। कॉमेक्स पर सोना 2,037.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। हालांकि पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,036.30 डॉलर था। सुबह तक यह 4.10 डॉलर की तेजी के साथ 2,040.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 24.53 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 24.54 डॉलर था।

## महिंद्रा स्कॉर्पियो भी नेताओं की पसंदीदा गाड़ी

# कई राज्यों में नेताओं द्वारा की जाती खूब इस्तेमाल

**नई दिल्ली ।**

स्वदेशी कंपनी महिंद्रा की गाडी महिंद्रा स्कॉर्पियो भी नेताओं की पसंदीदा गाड़ी बन गई है। इस गाडी को हिंदी बेल्ट यानी बिहार, यूपी, एमपी और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में नेताओं द्वारा खूब इस्तेमाल की जाती है। अगर डिमांड की बात है तो यह मौजूदा वक्त में देश में सबसे अधिक बिकने वाली एसयूवी में शुमार है। स्कॉर्पियो एक 7 सीटर एसयूवी है जो स्पेस, कम्फर्ट और पॉवर में जबरदस्त है। अक्टूबर महीने में इसने क्रेटा को पछाड़कर कुल 13,578 यूनिट्स की बिक्री हासिल की है। इसकी ऑन रोड कीमत 15 से 30 लाख के बीच है। टोयोटा इनोवा अपने स्पेस और कम्फर्ट के लिए जानी जाती है। ये 7-सीटर एमपीवी भी नेताओं के काफिले में खूब इस्तेमाल होती है। कंपनी इसे 7 सीटर वैरिएंट में 2.4 लीटर डीजल इंजन के साथ पेश करती है। इसकी कीमत 20 से 30 लाख रुपये के बीच है। यह गाड़ी पेट्रोल के साथ हाइब्रिड अवतार में उपलब्ध है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 20 लाख रुपये से 26.05 लाख रुपये के बीच है। इसकी बिक्री भी शानदार है। कंपनी हर महीने इसकी 7-8 हजार यूनिट्स की सेल कर रही है। महिंद्रा एक्सयूवी700 ने लॉन्च होते ही बाजार में कोहराम मचा दिया था। कंपनी को इसकी जबर्दस्त बुकिंग प्राप्त हुई थी। यह कंपनी की 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग वाली कार है। इसमें कई ऐसे फीचर्स दिए हैं जो ऑडी और बीएमडब्ल्यू की लग्जरी गाड़ियों में मिलते हैं। कंपनी ने इस कार को बेहद घंसू लुक दिया है। इस वजह से नेता इसे खूब पसंद करते हैं। इसकी ऑन रोड प्राइस 16 से 32 लाख के बीच है। एक समय वह भी था, जब नेताओं की पसंदीदा गाड़ी हिंदुस्तान एंबेसडर थी। 1957 से लेकर 2014 तक इस कंपनी इसका प्रोडक्शन करती रही। इसके भी कई मॉडल बाजार में उतारे गए थे। तब यह नेताओं और सरकारी अफसरों की पहचान बन गई थी। सड़क पर अपना रंग जमाने के मामले में टाटा सफारी भी पीछे नहीं है। दमदार और मस्कुलर लुक के साथ आने वाली ये एसयूवी भी नेताओं को खूब पसंद है। टाटा मोटर्स ने पिछले महीने ही इसके फेसलिफ्ट वैरिएंट को लॉन्च किया है। यह एसयूवी 2000 सीसी के दमदार डीजल इंजन के साथ आती है। इस एसयूवी के टॉप मॉडल की ऑन रोड कीमत 32 लाख रुपये है। इंजन, पॉवर, परफॉरमेंस और सेफ्टी में के मामले में यह जबर्दस्त है।



### मारुति ब्रेजा फ्यूल एफिसिएंट इंजन और एडवांस फीचर्स से लैस, सुरक्षा के मामले में मारुति की गाड़ियां हमेशा से ही पीछे

**नई दिल्ली ।** कम्पटीशन को देखते हुए मारुति सुजुकी कंपनी ने 2016 में ब्रेजा के पहले जनरेशन को भारत में लॉन्च किया था। आज के समय में मारुति ब्रेजा फ्यूल एफिसिएंट इंजन और एडवांस फीचर्स से लैस है। लेकिन सेफ्टी एक ऐसा क्षेत्र है जहां मारुति की गाड़ियां हमेशा से ही पीछे रही हैं और इसी का फायदा टाटा जैसी कंपनियां उठा रही हैं। टाटा मोटर्स भी इस सेगमेंट में नेक्सॉन एसयूवी की बिक्री कर रही है, जो कि अपनी दमदार बिल्ड क्वालिटी और सेफ्टी फीचर्स के लिए सबसे ज्यादा पसंद की जाती है। टाटा नेक्सॉन 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग से लैस है। कारों को सेफ्टी रेटिंग देने वाली एजेंसी ग्लोबल एनसीएपी ने इसे एडल्ट और चाइल्ड ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन में सुरक्षित माना है। अगर आपको मारुति ब्रेजा पसंद नहीं है तो आप बेशक टाटा नेक्सॉन पर अपना पैसा लगा सकते हैं। आइये टाटा नेक्सॉन के बारे में जानते हैं विस्तार से। नेक्सान एसयूवी में पेट्रोल और डीजल दोनों इंजन विकल्प मिलते हैं। इसमें पहला 1.2-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन है जो 120 बीएचपी पॉवर और 170 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। वहीं दूसरा 1.5-लीटर डीजल इंजन है जो 115 बीएचपी पॉवर और 260 एनएम टॉर्क का आउटपुट देता है। ट्रांसमिशन विकल्प में 5-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड एएमटी और एक नया 7-स्पीड डुअल क्लच ट्रांसमिशन (डीसीटी) शामिल है।

## भगवान विष्णु की भूमिका में नजर आएंगे प्रियम गुज्जर



**मुंबई (ईएमएस)।** छोटे परदे के अभिनेता प्रियम गुज्जर अब आगामी पौराणिक शो कर्माधिकारी शनिदेव के कलाकारों में शामिल हो गए हैं। इस शो में वे भगवान विष्णु की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, मेरे आ-खरी शो मिठाई के बाद, जो पिछले साल बंद हो गया था, मैं लगभग एक साल बाद टीवी स्क्रीन पर वापसी कर रहा हूं। मैं इस बीच ओटीटी को एक्सप्लोर कर रहा था और म्यूजिक वीडियो में भी अभिनय किया। लेकिन भगवान विष्णु का किरदार निभाना हमेशा से एक सपना था और मैं इस अवसर के लिए निमार्ताओं का आभारी हूं। प्रियम गुज्जर को लगता है कि पौराणिक शो टीवी स्क्रीन पर चमत्कार करते हैं। टीवी दर्शकों ने हमेशा पौराणिक शो देखने का आनंद लिया है। और, ऐसे शो घरेलू स्क्रीन पर चमत्कार करते हैं। मैंने पहले लक्ष्मण की भूमिका निभाई है और इससे मुझे दर्शकों से जुड़ने में मदद मिली। और, अब मैं सर्वोच्च शक्ति, भगवान विष्णु की भूमिका निभाकर खुश हूं। वह हर पौराणिक कहानी का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। मैं इसे अपने अभिनय करियर के लिए एक आशीर्वाद के रूप में देखता हूं। प्रियम इससे पहले कलीरें, इश्कबाज, श्रीमद्भागवत महापुराण जैसे टीवी शो का हिस्सा रह चुके हैं। प्रियम को हाल ही में ऐतिहासिक फिक्शन ड्रामा पौरशपुर सीजन 2 में भी देखा गया था।

## मैं तो अभी भी बच्चा हूं : शाहरुख खान

### - आस्क एसआरके सेशन के दौरान फैंस के दिए जवाब



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में एक्स पर बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान के आस्क एसआरके सेशन के दौरान एक यूजर ने पूछा, सर आपको दिल्ली की याद आती है क्या?अपने बचपन के बारे में बताइये? शाहरुख ने जवाब दिया, मैं तो अभी भी बच्चा हूं। मेरा बचपन बहुत प्यारा था और मुझे अपने माता-पिता की बहुत याद आती है। एक यूजर ने लिखा, सॉरी सर, लेकिन मैं डंकी के लिए ज्यादा एक्साइटिड हूं। आपकी वजह से नहीं बल्कि राजकुमार हिरानी की वजह से। उसी का जवाब देते हुए शाहरुख ने कहा, और, यह सही कारण है। मैं राजू की फिल्म में काम करने को लेकर भी उत्साहित हूं। फि ल्में निर्देश-ाकों का माध्यम हैं... हीरो तो आते-जाते रहते हैं। एक अन्य फैन ने पूछाः सर चूंकि फिल्म पंजाब में सेट है। आपका पसंदीदा पंजाबी फूड कौन सा है? कुछ कुछ होता है फेम अभिनेता ने कहाः मैं परांठे खाता हूं... और, छोले भटूरा भी मेरे पसंदीदा हैं। सुपरस्टार निर्देशक राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित डंकी जियो स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति है, जो राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित है, फिल्म अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखी गई है। यह 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में आने वाली है। डंकी डंकी फ्लाइट नामक अवैध आव्रजन तकनीक पर आधारित है, जिसमें तापसी पन्नू, विक्की कौशल और बोमन ईरानी ने अभिनय किया है।

## प्राइम वीडियो की आगामी फिल्म 'मस्त में रहने का' ट्रेलर रिलीज




प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी हिंदी मूल फिल्म मस्त में रहने का का ट्रेलर रिलीज किया। विजय मौर्या की निर्देशित इस फिल्म में अनुभवी कलाकार जैकी श्रॉफ और नीना गुप्ता सहित कई प्रतिभाशाली कलाकार अभिषेक चौहान, मोनिका पंवार और फैसल मलिक प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म मस्त में रहने का 8 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर हिंदी में प्रीमियर के लिए पूरी तरह से तैयार है और इसे तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ में भी डब किया गया है। ट्रेलर में मुख्य जोड़ी जैकी श्रॉफ और नीना गुप्ता के बीच की खूबसूरत केमिस्ट्री दिखाई गई है, चूंकि यह उम्र के साथ-साथ सामाजिक स्थिति के संदर्भ में जीवन को दो छोरों से अलग करता है और कैसे रास्ते की एक घटना के रूप में मिलते हैं, लेकिन अंततः लोगों के जीवन को हमेशा के लिए बदलने की क्षमता रखते हैं। ट्रेलर दर्शकों को हल्के-फुल्के क्षणों में ले जाता है, जबकि उन्हें आत्मविचार करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक हल्का-फुल्का नाटक मस्त में रहने का दो बहुत ही दिलचस्प दृष्टिकोणों से जीवन पर गहराई से देखता है। जब एक व्यक्ति सिर्फ खुद के लिए एक अलग पहचान बनाने के लिए दुनिया की यात्रा पर निकल रहा है और दूसरा जहां एक व्यक्ति जीवन की पराकाष्ठा पर होता है। इस फिल्म को लेकर अभिनेता जैकी श्राफ ने कहा कि, "मैं एक अभिनेता के रूप में हमेशा वो भूमिकाएं ढूंढ़ता रहा हूं, जो मुझे कलाकार के रूप में मेरी क्षमताओं का परीक्षण करने में मदद करें। जब मैंने मस्ती में रहने का की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं यह देखकर मंत्रमुग्ध हो गया कि कहानी कितनी अनोखी है और इस फिल्म में काम करते हुए मुझे बहुत मजा आया। श्रॉफ ने टिप्पणी की कि हालांकि मेरा किरदार एक 75 वर्षीय व्यक्ति का है, जो अकेलेपन से जूझ रहा है, लेकिन उसमें एक खास आकर्षण भी है, जो करिश्माई है। "किरदार की जोखिम भरी, मजबूत और एक समय में अपने जीवन में दृढ़ होने की जटिलता, वो कुछ ऐसा है, जो उसे बहुत संबंधित बनाता है। मैं निर्देशक विजय मौर्या को बधाई देना चाहूंगा, जिन्होंने मेरे किरदार की भावनाओं को खूबसूरती से पकड़ा है और मुझे नहीं लगता कि अगर मेरी सह-अभिनेत्री नीना न होती तो मैं अपने किरदार को इतनी अच्छी तरह से जीवंत कर पाता। वह एक बहुत अच्छी दोस्त है और मुझे लगता है कि सेट के बाहर की हमारी मित्रता ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री में झलकती है। मुझे यह जानकर बहुत खुशी है कि प्राइम वीडियो के व्यापक पहुंच के कारण, पूरी दुनिया के दर्शक इस खूबसूरत भावनात्मक कहानी का आनंद ले पाएंगे। अंत में, मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगा - "मस्ती में रहने का, टेंशन नहीं लेने का।"

## "सइयां बिना सून लागे" लोकगीत हुआ रिलीज




**मुंबई, (हि.स.)।** पॉपुलर सिंगर खुशी कक्कर की मधुर आवाज में गाया हुआ बहुत ही प्यारा बिरह लोकगीत 'सइयां बिना सून लागे' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस लोकगीत का मर्म यह है कि एक युवा पत्नी अपने पति की बिरह वेदना अपनी ननद को बताती है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत बहुत ही शानदार भोजपुरी लोकगीत 'सइयां बिना सून लागे" का वीडियो काफी बेहतरीन बनाया गया है। इसका लोकेशन और मेकिंग देखते ही बनता है। सिंगर खुशी कक्कर ने इस गाने को गाकर जहां मन मोह लिया है, वहीं एक्ट्रेस लवली काजल ने काली साड़ी पहने, अदा का जलवा बिखेर कर बिजली गिराई है। गाने ऑडियो जितना कर्णप्रिय है, वहीं इसका वीडियो बार बार देखने लायक है। इस गाने के पीआरओ ब्रजेश मेहर हैं। इस गाने को गीतकार यादव राज ने लिखा है, संगीतकार भी यादव राज ही हैं। वीडियो निर्देशक रवि पंडित, कोरियोग्राफर रौनक शाह, एडिटर दीपक पंडित हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। इस गाने का ऑल राइट्स वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

## डंकी के लिए पहले गाना लिखा, फिर धुन बनाई : जावेद अख्तर

### -बालीवुड के मशहूर पटकथा लेखक ने कहा



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के मशहूर पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर ने फिल्म डंकी के गाने निकले थे कभी हम घर से के बोल तैयार किए हैं। जावेद अख्तर ने कहा कि कई गानों के विपरीत जहां धुन पहले बनाई जाती है और गीतकारों को धुन पर लिखने के लिए कहा जाता है, संगीतकार प्रीतम ने उनसे उस धुन के लिए पहले गीत लिखने का अनुरोध किया था जिसे वह बाद में रचनात्मक प्रक्रिया में लिखेंगे। डंकी के निमार्ताओं ने निकले थे कभी हम घर से के रूप में रिलीज किया, जिसे सोनू निगम ने खूबसूरती से गाया है। रचनात्मक प्रक्रिया के बारे में बताते हुए, जावेद अख्तर ने कहा, इस फिल्म में, मेरे पास केवल एक गाना है और दिलचस्प बात यह है कि राजू हिरानी ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि हमने इस गाने को शामिल किया और उन्होंने विशेष रूप से मुझसे इसे लिखने का अनुरोध किया। मुझे उम्मीद है कि आप गाने का आनंद लेंगे, क्योंकि यह अपनी विशिष्ट स्थिति के कारण अनोखा है। उन्होंने आगे उल्लेख किया, आम तौर पर, मैं धुन तैयार होने के बाद गीत लिखता हूं, लेकिन प्रीतम ने उदारतापूर्वक सुझाव दिया कि मैं पहले गीत लिखूं, और वह उसके अनुसार संगीत तैयार करेंगे, और उन्होंने इसके साथ शानदार काम किया। सुपरस्टार निर्देशक राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित डंकी में बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर भी हैं। जियो स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स प्रस्तुति, राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित, यह फिल्म अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखी गई है। डंकी 21 दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में आने वाली है। बता दें कि देश भर में जावेद अख्तर शोले, बॉर्डर, जंजीर, डॉन, लक्ष्य और अन्य फिल्मों में अपने बेहतरीन काम के लिए जाने जाते हैं।

## दिशा परमार ने दिखाई अपनी बेटी नव्या की झलक



छोटे परदे की एक्ट्रेस दिशा परमार ने अपनी बेटी नव्या की एक झलक सोशल मीडिया पर दिखाई और उसके पसंदीदा गेम का खुलासा किया। दिशा को अपनी बेटी के साथ खेलते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उनकी बेटी के नन्हें पैरों की झलक देखने को मिल रही है। वह खेलते वक्त अपने छोटे-छोटे पैरों से किक मार रही है, इस दौरान दिशा अपने फेस को बेटी के पैरों के पास लाती हैं और इसे फेवरेट गेम बताती हैं।

उन्होंने वीडियो को कैप्शन दियाः बेटी का नया पसंदीदा गेम किकिंग मम्मा है! इस पोस्ट पर उन्होंने फिल्म बर्फी का गाने आशियां लगाया। दिशा परमार और राहुल वैद्य 2021 में शादी के बंधन में बंधे। कपल ने 20 सितंबर को अपने बच्चे का स्वागत किया।

## कोरियोग्राफर की शादी में शामिल हुए सलमान खान



कोरियोग्राफर मुदस्सर खान की शादी में एक्टर सलमान खान शामिल हुए। इस शादी में आए मेहमान सलमान खान की सादगी के कायल हो गए। मुदस्सर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें सलमान शादी के दौरान उन्हें गले लगा रहे हैं। मुदस्सर ने क्लिप को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखाः यह पल हमेशा मेरे दिल में रहेगा। धन्यवाद सर। कोरियोग्राफर ने सलमान के साथ रेडी, दबंग और बा-ॅडीगार्ड जैसी फिल्मों में काम किया है। मुदस्सर ने रिया किशनचंदानी से शादी की। रविवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें शेयर की। उन्होंने कैप्शन दिया, अल्हम्दुलिल्लाह, दुनिया की सबसे खूबसूरत इंसान रिया किशनचंदानी से शादी। हमारे सभी दोस्तों और प्रियजनों के समर्थन और प्यार के लिए हम दोनों के परिवारों की ओर से धन्यवाद। दुआ में याद रखना। बालीवुड के सुपर स्टार शादी में ब्लैक शर्ट और डेनिम में नजर आए, जिसमें वह काफी हैंडसम लग रहे थे। उन्होंने इवेंट में धमाकेदार एंट्री की।

## संदीप के साथ काम करने के अवसर तलाश रही थी : इंदिरा

एक्शन थ्रिलर फिल्म एनिमल में काम करने को लेकर अनुभवी अभिनेत्री इंदिरा कृष्णन ने अपना अनुभव साझा किया। एक्ट्रेस ने कहा, फिल्म का हिस्सा बनना एक अद्भुत अनुभव था। निर्देशक संदीप रेड्डी के साथ काम करने के अवसर की तलाश में थी। दिलचस्प बात यह है कि मेरा चयन उन्होंने ही किया था। वह सभी प्राकृतिक अभिनेताओं को कास्ट करना चाहते थे। उन्होंने मुझे टीवी स्क्रीन पर देखा। मैंने कहानी में रश्मिका मंदाना की मां की भूमिका निभाई है। इंदिरा को हॉलीडे : ए सोल्जर इज नेवर ऑफ ड्यूटी और तेरे नाम जैसी कई अन्य फिल्मों में अभिनय के लिए जाना जाता है। रश्मिका और रणबीर के साथ स्क्रीन साझा करने के अपने अनुभव को स-झा करते हुए उन्होंने आगे कहा, रश्मिका सिर्फ एक खूबसूरत गुड़िया हैं, हमने एक प्यारा बंधन साझा किया। रणबीर प्यारे हैं। उनके प्रति अपार सम्मान और समर्पण था। उन्होंने कहा, रश्मिका कभी-कभी बहुत निराश होकर मुझसे उनकी मदद करने के लिए कहती थी। युवा पीढ़ी को उनसे बहुत कुछ सीखना चाहिए। मैंने पूरे समय टीम के साथ अपने सहयोग का आनंद लिया।

## बिग बी ने दिखाई अपने नाती की झलक



जलसा के संडे दर्शन में बालीवुड के बिग यानि अमिताभ बच्चन के साथ इस बार एक बच्चा नजर आई। बिग बी के साथ ये बच्चा कोई और नहीं, बल्कि उनके छोटे भाई अजिताभ बच्चन की बेटी का बेटा था। नैना अमिताभ के छोटे भाई अजिताभ बच्चन की बेटी हैं। उन्होंने अभिनेता कुणाल कपूर से शादी की है। नैना और कुणाल फरवरी 2015 में शादी के बंधन में बंधे थे। सोशल मीडिया पर पीकू फेम अभिनेता ने एक कोलाज साझा किया, जिसमें अमिताभ के बेटे अभिषेक बच्चन को छोटा बच्चा का हाथ पकड़ते हुए देखा जा सकता है, जबकि उस बच्चा की मां पीछे से फोटो क्लिक कर रही हैं। अभिषेक ने वाइट टी शर्ट और मैचिंग जॉगर्स पहना हुआ है। कोलाज की दूसरी तस्वीर में अमिताभ वाइट शॉल ओढ़े अपने फैंस का अभिवादन कर रहे हैं, जो उनके आवास के बाहर उनका इंतजार कर रहे थे। कैप्शन में, अमिताभ ने हिंदी में लिखा, ताऊ, नाना को चली है पीढ़ी, देखने जलसा गेट पर... ये फाटक पर क्या गुल खिला है, देखें हम भी चलकर... ये भीड़ जमा क्यों होती है, आंखें चकित यूं घूरें... अम्मा गोदी, भागे भैया, नाना को दूर ही रखें।

## 24 घंटे तक बाढ़ में फंसे रहे आमिर खान, साउथ एक्टर विष्णु विशाल के साथ किए गए रेस्क्यू



देश के दक्षिणी राज्यों में चक्रवात मिचौंग का कहर जारी है। चक्रवात मिचौंग के कारण आई चेन्नई बाढ़ में तमिल एक्टर विष्णु विशाल के साथ बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान भी फंस गए थे। अब इंटरनेट पर नई तस्वीरें सामने आई हैं। जहां आमिर खान एक रेस्क्यू बोट में नजर आ रहे हैं। विष्णु ने एक्स पर कुछ फोटोज शेयर करते हुए यह जानकारी दी है। फोटोज में विष्णु और आमिर खान एक साथ रेस्क्यू बोट में नजर आ रहे थे। आमिर सफेद कुर्ता और जींस में नजर आए। उनके साथ विष्णु विशाल की पत्नी बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा भी मौजूद थीं। एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए विष्णु ने लिखा, हमारे जैसे फंसे हुए लोगों की मदद करने के लिए रेस्क्यू टीम को धन्यवाद। करापक्कम में बचाव मिशन शुरू हो गया है..ऐसे मुश्किल वक्त में में टीएन सरकार द्वारा शानदार काम। उन सभी लोगों को धन्यवाद जो लगातार काम कर रहे हैं।

**24 घंटे तक बिना पानी-बिजली के फंसे रहे आमिर** - आमिर 24 घंटे तक बारिश के कारण बिना पानी, बिजली और फोन के खराब सिग्नल के कारण वहां जूझते रहे। वहीं साउथ एक्टर विष्णु विशाल ने भी सोशल मीडिया पर यह बताया कि बाढ़ की वजह से उनके घर में पानी भर गया है। जिसके बाद सरकार ने तुरंत ही उनकी मदद के लिए रेस्क्यू टीम भेजी। कुछ समय बाद विष्णु विशाल ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। आमिर खान इन दिनों अपनी बीमार मां जीनत हुसैन के इलाज के लिए मुंबई से चेन्नई गए थे। उन्हें कुछ महीने पहले दिल का दौरा पड़ा था। उनका इलाज चेन्नई से कराया जा रहा है।

## रणबीर कपूर के बाद अब आलिया भट्ट भी करेंगी एक्शन, अगले साल रिलीज होगी फिल्म जिगरा

इस जॉनर की सफलता को देखते हुए मेकर्स अब एक्ट्रेसेस के साथ भी एक्शन फिल्में बनाने की तैयारी कर रहे हैं। नए साल में इसकी शुरूआत आलिया भट्ट से होगी। चर्चा है कि वो बैक-टू-बैक दो एक्शन फिल्में करने वाली हैं। पहली धर्मा प्रोडक्शंस की जिगरा है और दूसरी यशराज फिल्म्स की एक अनटाइटल्ड फिल्म है, जिसका कनेक्शन यशराज के स्पाई यूनिवर्स से होगा। इसमें आलिया के साथ शरवरी वाघ हो सकती हैं। फिल्म में आलिया के किरदार का कोई रोमांटिक एंगल नहीं है। इसके बजाय वो अपने भाई की रक्षा करती नजर आएंगी। इसमें आलिया के भाई के रोल में वेदांग रैना हैं। वेदांग इसके अलावा नेटफ्लिक्स की फिल्म द आर्चीज में भी नजर आ रहे हैं। इसके अलावा फिल्म में मनोज पाहवा भी हैं। वो आलिया के पिता के किरदार में नजर आ सकते हैं। फिल्म की कहानी एक मर्डर मिस्ट्री से जुड़ी हुई हो सकती है। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया कि फिल्म में आलिया का एक्शन रियलिस्टिक लगे इसके उन्होंने शूटिंग से पहले काफी बास्केटबॉल खेला है। सूत्र बताते हैं कि, आलिया शूट के बीच-बीच में एक्शन ट्रेनिंग ले रही हैं। सरल शब्दों में कहा जाए तो अगर वो एक दिन शूट करती हैं तो दो दिन एक्शन और स्टंट सीखने में लगाती हैं।

### सूडोकु नवताल- 6633

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -6632 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

### शब्दजाल - 7380

*शब्दजाल में दस पर्यटन स्थलों के नाम ढूंढिए. दिये गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

ताजमहल,लालकिला,कुतुबमीनार,जंतर मंतर,इंडिया गेट, हवा महल, गेटवे ऑफ इंडिया,डलझील,विवेकानंद स्मारक, रणथम्भौर

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कु | क | ल | ह | वा | म | ह | ल | सी | गे | ज |
| र | तु | ल | दे | र | ण | थ | म्भौ | र | ट | वा |
| त | स | ब | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | वे | द |
| वि | ज | ज | मी | पु | र | रा | प | र | ऑ | ब |
| वे | गा | इं | ग | ना | लं | ज | जं | गी | फ | र्निं |
| का | क | व | डि | ह | र | पू | त | ता | इं | ग |
| नें | अ | स | त | या | प | त | र | ज | डि | ट्रे |
| द | ता | दा | ई | ह | गे | सा | मं | ड | या | ला |
| स्मा | बा | चे | न | ब्रा | जी | ट | त | ल | प | ल |
| र | पा | ला | ल | शो | ले | दु | र | झी | स्त्री | कि |
| क | रा | जी | व | ता | ज | म | ह | ल | म | ला |

#### शब्दजाल - 7379 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | जा | ला | ह | दा | प | उ | ड़ी | सा | झ | आ |
| ज | अ | ल | म | आ | मो | ल | ब्ब | तें | शा | अ |
| अं | इ | नु | दि | ल | दा | ज | ढा | र | ला | ब |
| ज | कु | उ | ल | बे | ला | लू | उ | त | रा | ना |
| स | ति | श | द | व | दा | ल | उ | ग | वी | ट |
| री | रं | ल | चु | बि | लि | र्त | क्ष | दा | प | च |
| जो | उ | ल | के | गा | ला | म | उ | कौ | र | ले |
| श | ता | जीं | स | त | क | व | क | ग | श | ता |
| म | व | मि | न | व | न | ज | सा | शा | जू | द |
| द | ला | ल | म | ह | उ | ठ | ना | स | प | ना |
| थो | औ | र | प्या | र | उ | ल | झ | न | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अष्टयोग - 6333

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 3 | | | 2 | 4 |
| | 34 | 6 | 33 | 1 | 33 | 7 |
| 7 | 5 | | | 6 | | |
| | 29 | 2 | 31 | | 31 | 5 |
| | 4 | | 5 | 3 | | 1 |
| 3 | 30 | | 37 | | 33 | |
| | 1 | 5 | | | 7 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

#### अष्टयोग 6332 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 4 | 30 | 2 | 25 | 1 | 34 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# लियोनल मेसी टाइम एथलीट ऑफ द ईयर 2023 बने : यह अवॉर्ड पाने वाले पहले फुटबॉलर ; पिछले महीने मिला था प्रतिष्ठित अवॉर्ड बैलोन डी ओर

**लंदन।**

**लियोनल मेसी टाइम एथलीट ऑफ द ईयर 2023 चुने गए हैं। यह सम्मान पाने वाले वह पहले फुटबॉलर हैं। मेसी ने यह अवॉर्ड पीएससी के किलियन एम्बापे और मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड के साथ ही टेनिस के नोवाक जोकोविच और मेजर लीग बेसबॉल स्टार आरोन जज को पीछे छोड़ कर हासिल किया है।**

### पिछले महीने आठवीं बार बैलोन डी ओर अवॉर्ड जीते थे

लियोनल मेसी को पिछले साल फीफा वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन के लिए पिछले महीने बैलोन डी ओर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वह सबसे ज्यादा आठवीं बार बैलोन डी ओर अवॉर्ड पाने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019 और 2021 में भी बैलोन डीओर पुरस्कार जीते थे।

### फीफा वर्ल्ड कप में दूसरी बार गोल्डन बॉल अवॉर्ड जीता था

लियोनल मेसी ने पिछले साल कतर में खेले गए वर्ल्ड कप में दूसरी बार वर्ल्ड कप गोल्डन बॉल का अवॉर्ड मिला। हालांकि, गोल्डन बूट फ्रांस के काइलियन एमबाप्पे को मिला। जिन्होंने टूनार्मेंट में 8 गोल किए।

वहीं मेसी ने इस वर्ल्ड कप में 7 गोल किए थे। फाइनल में मेसी ने 2 गोल किए। वे अब तक वर्ल्ड कप में 26 मैच खेल चुके हैं, जिनमें 16 गोल करने में सफल हुए हैं। इनमें 12 फील्ड गोल हैं और 4 गोल पेनाल्टी से किए हैं।

### मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना पिछले साल जीता वर्ल्ड कप फाइनल में हराया

पिछले साल 18 दिसंबर को कतर में खेले गए फुटबॉल वर्ल्ड कप के फाइनल में मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना टीम ने पेनल्टी शूटऑउट में फ्रांस को 4-2 से हराया।

इससे पहले तय समय तक दोनों टीमें 2-2 गोल की बराबरी पर थीं। उसके बाद मैच हाफ टाइम में गया। हाफ टाइम में भी दोनों टीमों ने 1-1 गोल किए। इस तरह मैच 3-3 की बराबरी पर रहा। जिसके बाद मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ।

### 2019 से दिया जा रहा है टाइम एथलीट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

टाइम मैगजीन 2019 से एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार दे रहा है। हालांकि, 1927 पर्सन ऑफ द ईयर पुरस्कार टाइम मैगजीन की ओर दिया जाता है। वहीं एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार पूरे साल खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एथलीट को दिया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रायन लारा ने की भविष्यवाणी, शुभमन को बताया नई पीढ़ी का सुपरस्टार



**नई दिल्ली ।** वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा ने शुभमन गिल को नई पीढ़ी का सुपर स्टार बताया है। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि शुभमन उनके सारे रिकार्ड तोड़ेगा। गौरतलब है कि ब्रायन लारा के नाम टेस्ट मैच की एक पारी में 400 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। लारा ने यह रिकॉर्ड साल 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था जो आज भी अटूट है। लेकिन लारा की मानें तो उनका यह वर्षों पुराना रिकॉर्ड भारत के उदीयमान ओपनर शुभमन गिल तोड़ेंगे। यही नहीं, लारा ने यह भी कहा है कि उनकी फर्स्ट क्लास क्रिकेट में खेली गई नाबाद 501 रन की पारी को भी गिल ध्वस्त करेंगे। लेफ्ट हैंड पूर्व बैटर लारा ने साल 1994 में काउंटी चैंपियनशिप में वॉरविकशॉयर की ओर से खेलते हुए डरहम के खिलाफ यह रिकॉर्डतोड़ पारी खेली थी। ब्रायन लारा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह मेरा रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। गिल ने बेशक वर्ल्ड कप में सेंचुरी नहीं जड़ी लेकिन उन्होंने पहले जो पारियां खेली है। उनके नाम तीनों फॉर्मेट में शतक हैं। वह वनडे में डबल सेंचुरी जड़ चुके हैं। वह आईपीएल में कई मैच विनिंग पारी खेल चुके हैं। ब्रायन लारा ने 24 साल के गिल को नई सदी के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बताया हैं। बकौल लारा, यदि गिल काउंटी काउंटी क्रिकेट में खेलते हैं तो, वह मेरे नाबाद 501 रन के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। टेस्ट क्रिकेट में निश्चिततौर पर वह 400 रन के आंकड़े को भी पार कर सकते हैं। हाल के दिनों में क्रिकेट में काफी कुछ बदलाव आया है। खासकर बैटिंग में बदला हुआ माहौल है। पूरी दुनिया में बल्लेबाज टी20 लीग खेल रहे हैं।

### भारोत्तोलक शरबानी ने जीता स्वर्ण, ओडिशा की स्नेहा को परास्त किया




**कोलकाता ।** ग्रेटर नोएडा में इस वर्ष हुई राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली पश्चिम बंगाल की शरबानी दास ने अशिमता खेलो इंडिया महिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया। 55 भार वर्ग के मुकाबले में शरबानी ने दक्षिण एशियाई खेलों की विजेता और 2019 की राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में रजत जीतने वाली ओडिशा की स्नेहा सोरेन को पराजित किया। इस वर्ष जूनियर विश्व चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहने वाली शरबानी ने कुल 186 किलो वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 80 और क्लीन एंड जर्क में 106 किलो वजन उठाया। उन्होंने स्नेहा को सिर्फ एक किलो के अंतर से हराया। स्नेहा ने कुल 185 किलो वजन उठाया। स्नेहा ने स्नैच में 79 और क्लीन एंड जर्क में 106 किलो वजन उठाया। मणिपुर की नीलम देवी ने 178 किलो के साथ कांस्य पदक जीता। 59 भार वर्ग में अरुणाचल प्रदेश की यालम बालो ने 175 किलो के साथ स्वर्ण, मणिपुर की शाखेनबी देवी ने 171 के साथ रजत पदक जीता। 64 भार वर्ग में असम की दितिमोनी सोनोवाल ने 185 किलो के साथ स्वर्ण, छत्तीसगढ़ की सोनाली यादू ने 181 किलो के साथ रजत जीता।

### आकाश को उम्मीद, युवा स्पिनर बिश्नोई आगामी टी20 विश्व कप के लिए टीम के सदस्य बनेंगे



**नई दिल्ली ।** युवा स्पिनर रवि बिश्नोई ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा को उम्मीद है कि बिश्नोई आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा करने वाले हैं, जो 4 जून से शुरू होने वाला है। चोपड़ा को लगता है कि 23 वर्षीय खिलाड़ी बेहद सुसंगत है और बल्लेबाजों के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज और अमेरिका की पिचें उनकी गेंदबाजी शैली के अनुकूल होंगी और यदि वह अच्छा आईपीएल आयोजित करने में सफल रहे, तब वह निश्चित रूप से विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं। चोपड़ा ने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि यह लगभग पूरा हो चुका सौदा है। मुझे लगता है कि जिस तरह से वह गेंदबाजी कर रहा है और जितने विकेट ले रहा है, उसके कारण उसका नाम वहां रहेगा।

## साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया रवाना

# 10 दिसंबर को पहला टी-20 ; टेस्ट टीम में शामिल रोहित-विराट 20 दिसंबर को टीम के साथ जुड़ेंगे

**डरबन।**

**साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया रवाना हो गई। टीम के साथ मुख्य कोच राहुल द्रविड़, बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ और उनका सहयोगी स्टाफ भी गया है। साउथ अफ्रीका दौरे पर भारतीय टीम को पहले तीन टी-20, उसके बाद तीन वनडे और आखिर में 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।**



अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को इस दौरे की टी-20 और वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया है। उन्होंने खुद इन दो सीरीज से ब्रेक मांगा था। इनके अलावा रोहित शर्मा को भी टी-20 और वनडे से ब्रेक दिया है। विराट और रोहित 20 दिसंबर को इंट्रा-स्क्वाड मैच से पहले टीम में शामिल होंगे।

तीनों फॉर्मेट के लिए साउथ अफ्रीका के लिए 31 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। केवल 3 खिलाड़ी ऋतुराज गायकवाड, श्रेयस अय्यर और मुकेश कुमार को तीनों फॉर्मेट में शामिल किया गया है।

### तीनों फॉर्मेट के लिए तीन कप्तान

साउथ अफ्रीका दौरे पर तीनों फॉर्मेट के लिए तीन कप्तान तय किए गए हैं। टी-20 के लिए सूर्य कुमार यादव को कप्तान बनाया गया है। वनडे में केएल राहुल टीम की कप्तानी करेंगे। टेस्ट सीरीज की कमान रोहित शर्मा के हाथों में ही है।

### टी-20 टीम साथ इंडिया ए के खिलाड़ी भी गए

राहुल द्रविड़ सहित उनके कोचिंग स्टाफ का कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप तक के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल ने बढ़ा दिया है। टी-20 वर्ल्ड कप अगले साल जुलाई में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है। द्रविड़ और उनके कोचिंग स्टाफ का कार्यकाल वनडे वर्ल्ड कप की समाप्ति के साथ ही खत्म हो गया था।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की घरेलू सीरीज में मुख्य कोच की जिम्मेदारी नेशनल क्रिकेट अकादमी के डायरेक्टर वीवीएस लक्ष्मण को दी गई थी। इनके अलावा टीम इंडिया के खिलाड़ी भी दौरे के लिए साथ ही गए हैं। वनडे टीम में शामिल संजू सैमसन और मोहम्मद सिराज भी जल्द ही रवाना होंगे।

### सूर्याकुमार यादव टी-20 सीरीज के बाद लौट आएंगे

सूर्यकुमार टी-20 सीरीज के बाद वापस लौट आएंगे। टी-20 सीरीज 10 दिसंबर से शुरू हो रही है। जबकि पहला वनडे 17 दिसंबर को खेला जाएगा। वहीं पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू होगा।

### साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है भारत

साउथ अफ्रीका में भारतीय टीम का टेस्ट प्रदर्शन खास नहीं रहा है। टीम इंडिया अब तक साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है। टीम ने अफ्रीकी मैदानों पर अब तक 8 टेस्ट सीरीज खेली हैं। इनमें से एक ड्रॉ रही, जबकि 7 सीरीज में टीम इंडिया को पराजय का सामना करना पड़ा।

टीम ने वहां 23 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से टीम को महज 4 में जीत मिली है, जबकि 7 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। शेष 12 मुकाबले में भारतीय टीम को पराजय का सामना करना पड़ा है।

# मिचेल जॉनसन ने वॉर्नर को बताया था घमंडी, मिली सजा



**नई दिल्ली ।**

**ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन को पूर्व के साथी खिलाड़ी डेविड वॉर्नर के खिलाफ विवादित कमेंट करना भारी पड़ गया है। हालांकि इस कमेंट के बाद जॉनसन को सजा के तौर पर आगामी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट समर के लिए रेडियो कमेंटेटरों की लिस्ट से बाहर कर दिया गया है। यहां गौरतलब है कि जॉनसन इससे पहले भी रेडियो कामेंट्री कर चुके हैं।**

हाल ही में अपने पॉडकास्ट 'मिचेल जॉनसन क्रिकेट शो' में भी उन्होंने कहा था कि वे इस समर सीजन में फिर से ऐसा करने जा रहे हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा था कि मैं पहले टेस्ट में रेडियो के लिए कमेंटरी करूंगा। हम देखेंगे कि वहां क्या होता है।' बता दें, कि एक अखबार में लिखे अपने कॉलम के बाद जॉनसन का ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के ओपनर वॉर्नर और सिलेक्टर जॉर्ज वैली के साथ 'बयान वॉर' भी शुरू हो गया है। कॉलम में जॉनसन ने लिखा कि आखिर उनके फेयरवेल टेस्ट खेलने की इच्छा को इतना ज्यादा महत्व क्यों दिया जा रहा है एक ऐसे खिलाड़ी को क्यों मौका दिया जा रहा है, जिसका पिछली 36 पारियों में औसत 26.74 रहा है। जो बॉल टैम्परिंग जैसे विवाद में शामिल रहा, जिससे देश की बदनामी हुई। विवाद में शामिल होकर भी वॉर्नर ने गलती नहीं मानी। उनके विदाई टेस्ट खेलने की इच्छा में वही घमंड दिख रहा है, जो सैंडपेपर गेट में दिखा था। जॉनसन ने यह भी लिखा था, हालांकि वार्नर 'सैंडपेपर गेट' में अकेले प्लेयर नहीं थे, वह उस समय टीम के एक सीनियर खिलाड़ी थे।' बता दें मिचेल जॉनसन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 73 टेस्ट, 153 वनडे और 30 टी20 खेले हैं। 42 साल के इस प्लेयर के नाम टेस्ट में 313, वनडे में 239 और टी20 इंटरनेशनल में 38 विकेट दर्ज हैं। जॉनसन के इस कमेंट के बाद ऑस्ट्रेलिया के कुछ क्रिकेटर खुलकर वॉर्नर के पक्ष में खड़े नजर आर रहे हैं।

# बीसीसीआई सचिव जय शाह को मिला स्पोर्ट्स बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर अवार्ड

**नई दिल्ली ।**

बीसीसीआई के सचिव जय शाह को स्पोर्ट्स बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर अवार्ड दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार यह अवार्ड सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स 2023 के तहत दिया गया है। बीसीसीआई ने जय शाह की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, बोर्ड के सचिव जय शाह को स्पोर्ट्स बिजनेस अवॉर्ड्स 2023 में स्पोर्ट्स बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए बधाई। भारतीय खेल प्रशासन में किसी भी शख्स के लिए पहली बार यह सम्मान, वास्तव में वह इसके योग्य हैं!' कार्यक्रम में सीआईआई नेशनल कमेटी ऑन स्पोर्ट्स के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने भारतीय क्रिकेट को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने में शाह की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए पुरस्कार प्रदान किया। गौरतलब है कि जय शाह के नेतृत्व में हाल ही में संपन्न आईसीसी पुरुष विश्व कप ने अब तक के सबसे अधिक दर्शकों वाले विश्व कप के रूप में इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। टूर्नामेंट की शानदार सफलता ने न केवल दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों के दिलों पर कब्जा कर लिया, बल्कि वैश्विक क्रिकेट पावरहाउस के रूप में भारत की स्थिति को भी मजबूत किया है।




जय शाह के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट में वेतन समानता की प्राप्ति सबसे उल्लेखनीय प्रगति बताई जा रही है। बाधाओं को तोड़ते हुए और समानता की वकालत करते हुए शाह ने यह सुनिश्चित किया कि पुरुष और महिला दोनों क्रिकेटरों को समान मुआवजा मिले, जो भारतीय खेलों के परिदृश्य में एक आदर्श बदलाव का प्रतीक है। यह कदम न केवल निष्पक्षता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बल्कि महिला एथलीटों द्वारा प्रदर्शित अपार प्रतिभा और समर्पण की स्वीकृति भी है, जो समावेशिता और सशक्तिकरण के माहौल को बढ़ावा देता है। एक और प्रशंसनीय पहल में शाह ने महिला प्रीमियर लीग की स्थापना का नेतृत्व किया, जो एक अभूतपूर्व टूर्नामेंट है जिसने देश की शीर्ष महिला क्रिकेटरों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया है।

# वर्ल्ड कप में शोहरत हासिल करने वाले जेराल्ड कोइट्ज़े, आईपीएल में खेलने को तैयार

**मुंबई ।**

वर्ल्ड कप 2023 कई खिलाड़ियों के करियर में रोशनी लेकर आया है। कुछ खिलाड़ियों के लिए मेगा इवेंट बुरा सपना साबित हुआ, तब कुछ ने खूब नाम कमाया। इनमें से एक नाम द.अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कोइट्ज़े का भी नाम है, जिन्होंने महज 8 माह में करियर की दिशा बदल दी। कोइट्ज़े ने वर्ल्ड कप में कमाल की गेंदबाजी की और शादी के बंधन में बंध चुके हैं। कोइट्ज़े ने अपनी शादी के फोटो शेयर किए हैं और भगवान को भी धन्यवाद दिया।

द.अफ्रीका की टीम वर्ल्ड कप 2023 में आक्रामक प्रदर्शन करती नजर आई। एक तरफ से बल्लेबाज वार कर रहे थे, दूसरी तरफ टीम के गेंदबाज अपनी रफ्तार से विरोधी टीमों के परखच्चे उड़ा रहे थे। शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम ने सेमीफाइनल के लिए टिकट काटा। लेकिन नॉकआउट मैच में ऑस्ट्रेलिया के सामने भीगी बिल्ली साबित हुई। टीम को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में कोइट्ज़े का भी अहम योगदान रहा। उन्होंने महज 8 मैच में 20 विकेट अपने नाम किए। इसके साथ उन्होंने सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में टॉप-5 में स्थान के साथ मेगा इवेंट का अंत किया।

कोइट्ज़े ने 8 महीने पहले इंटरनेशनल टीम में अपना डेब्यू किया था। उन्होंने वर्ल्ड कप में सारे मुकाबलों को मिलाकर कुल 14 मैच खेले हैं। जिसमें उन्होंने 31 विकेट अपने नाम किए। इस दौरान कोइट्ज़े ने 4 बार तीन विकेट झटके जबकि 2 बार चार बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाने में कामयाब रहे। हालांकि, अभी तक वनडे करियर में उन्होंने




पंजा नहीं खोला है। शानदार प्रदर्शन और जिंदगी में नई पारी की शुरुआत करने के बाद कोइट्ज़े आईपीएल में भी अपना जलवा बिखेरने को तैयार हैं। आईपीएल 2024 के लिए मिनी ऑक्शन 19 दिसंबर को होना है। कोइट्ज़े आगामी सीजन के लिए 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ ऑक्शन में शामिल होने शामिल होने को तैयार हैं।

## कुश्ती संघ के चुनाव का रास्ता साफ

# उच्चतम न्यायालय की रोक हटी, आठ दिसंबर के बाद तय होगी तारीख

**नई दिल्ली ।**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनावों के लिए अधिसूचना आठ दिसंबर को या इसके बाद जारी की जा सकती है। इस साल की शुरुआत में प्रकाशित निर्वाचन सूची में किसी भी तरह के बदलाव को भी आठ दिसंबर को ही शामिल किया जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा चुनावों पर लगाई गई रोक को हाल में हटा दिया था जिससे डब्ल्यूएफआई की नई संचालन इकाई को चुनने की प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो गया।

भारत के शीर्ष पहलवानों द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के बाद खेल मंत्रालय ने बृजभूषण शरण सिंह की अगुआई वाले महासंघ को निलंबित कर दिया था और भारतीय वुशु संघ के प्रमुख भूपेंद्र सिंह बाजवा की अगुवाई में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित तदर्थ पैनल अभी डब्ल्यूएफआई का दैनिक कामकाज देख रहा है।



ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित कई पहलवानों ने बृजभूषण द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर दो महीने से अधिक समय तक धरना दिया था।

उच्चतम न्यायालय के चुनावों का रास्ता साफ करने के बाद निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एमएम कुमार ने 30 नवंबर को एक बैठक की और बाजवा से पूछा कि क्या 12 अगस्त को निर्धारित चुनावों के लिए शुरू में 25 जुलाई 2023 को अधिसूचित निर्वाचक मंडल में कोई बदलाव हुआ है। जुलाई में शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया में अदालत में मामले दायर होने से विलंब हुआ। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय महासंघ (यूनाईटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने भी निर्धारित समय में चुनाव नहीं कराने के लिए डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया।

निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से जारी बयान में कहा गया,'डब्ल्यूएफआई के चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है जिस पर चुनाव कराने की तय तारीख से ठीक एक दिन पहले 11 अगस्त को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी थी।' सहायक निर्वाचन अधिकारी तापस भट्टाचार्य ने बयान में कहा, 'निर्वाचन अधिकारी ने बाजवा से यह बताने के लिए कहा कि क्या 25 जुलाई 2023 को पहले से अधिसूचित निर्वाचक मंडल में कोई बदलाव हुआ है। उनसे यह जानकारी जल्द से जल्द उपलब्ध कराने को कहा गया। बाजवा ने एक सप्ताह का समय मांगा। पूरी जानकारी पांच दिन के भीतर यानी आठ दिसंबर या उससे पहले उपलब्ध कराई जाए ताकि चुनाव कराने की अंतिम अधिसूचना जारी की जा सके।

### अश्विनी-तनीषा बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 28वें स्थान पर, रजावत को भी एक स्थान का फायदा

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला युगल टीम अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर 28वें स्थान पर पहुंच गई। 36 वर्ष की अश्विनी और 20 वर्ष की तनीषा ने इस साल जनवरी में ही साथ खेलना शुरू किया था। दोनों सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट में उपविजेता रहीं थी। दोनों ने नेट्स इंटरनेशनल चैलेंज और अबु धाबी मास्टर्स सुपर 100 भी जीता था। सैयद मोदी टूर्नामेंट में पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचे प्रियांशु राजावत भी एक पायदान के फायदे से शीर्ष 30 में पहुंच गए। एच एस प्रणय आठवें, पी वी सिंधू 12वें, लक्ष्य सेन 17वें और किदांबी श्रीकांत 24वें स्थान पर हैं। सात्विक साइराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी दूसरे स्थान पर हैं। वहीं त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद 19वें स्थान पर हैं।

हेल्थ टिप्स

# ये आदतें नहीं घटने देतीं आपका वजन




आपका वजन जल्दी बढ़ता है या आप दूसरों की तुलना में जल्दी वेट गेन नहीं करते, यह सब आपके मेटाबॉलिज्म पर निर्भर करता है. अगर वॉक और एक्सरसाइज करने के वाबजूद आपका वजन कंट्रोल नहीं हो पा रहा है तो आपको जरूरत है अपनी इन आदतों पर ध्यान देने की...

## आप पूरी नींद नहीं लेते हैं

पूरी नींद न लेना आपके फैट को बढ़ाता है. शरीर को पूरा आराम नहीं मिलने पर आपका मेटाबॉलिज्म धीमे काम करता है, जिससे आपकी भूख तो बढ़ती है, लेकिन आपका एनर्जी लेवल कम रहता है. यह स्थिति एक्सरसाइज का भी पूरा फायदा आपके शरीर को नहीं मिलने देती.

## ये आदत मेहनत पर पानी फेर देती है

आप कितने भी घंटे जिम, एक्सरसाइज या योग करती हैं, अगर आपको हर घंटे या दो घंटे में कुछ मीठा खा लेने की आदत है तो यह आदत जिम में की गई आपकी मेहनत पर पानी फेर देती है.

## पीना अच्छा है पर मीठा पीना नहीं

भले ही आप डाइट चार्ट फॉलो करती हैं लेकिन अगर आपकी ड्रिंकिंग हैबिट्स सही नहीं हैं तो डाइट फॉलो करना बेकार हो जाएगा. डिब्बा बंद जूस और एनर्जी ड्रिक्स में शुगर और कैलोरीज़ एड होती हैं. इसलिए ग्रीन-टी, नेचुरल फरूट जूस और नारियल पानी लेना सही रहता है.

## बेहद कम खाना

आप डाइटिंग पर हैं, इसलिए खाने की बेहद कम मात्रा लेती हैं तो ये भी आपका फैट बढ़ा सकता है. ऐसा करने पर आप जो भी खाती हैं, उसे बॉडी फैट के तौर पर स्टोर कर लेती है. आपका एनर्जी लेवल डाउन हो जाता है और आप कमजोरी महसूस करते हैं.

## बस सलाद खाना

यह एक बड़ी भूल है. लंच और डिनर में अगर आप भी ऐसा कर रहे हैं, तो इसे तुरंत बंद कर दीजिए. क्योंकि शरीर को हेल्दी और फिट रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार चाहिए होता है. स्नैक्स से दूरी बनाना नहीं, बल्कि अपनी डाइट को बैलेंस बनाना जरूरी है.

## एक-जैसी एक्सरसाइज

जल्द वजन घटाने के लिए जरूरी है कि आप अपनी एक्सरसाइज में बदलाव करते रहें. एक जैसी एक्सरसाइज से आपकी बॉडी को इसकी आदत पड़ जाती है और इसका असर कम हो जाता है. इसलिए बदलाव जरूरी है.

## बीमारियां या हॉर्मोनल दिक्कत

कई बार मेडिकल कंडीशन्स की वजह से भी वजन बढ़ जाता है. ऐसे में जरूरी है कि आप डॉक्टर की गाइड लाइन में इसे घटाने का प्रयास करें. सबसे खास बात है कि बढ़े वजन को लेकर टेंशन न लें क्योंकि चिंता करना, आपका वजन और बढ़ा सकता है.

# मन को खाली करना होता है फायदेमंद



हम सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। लेकिन अहम बात ये हैं कि हम उतार के समय परिस्थितियों से कैसे निपटते हैं। तो जब आप परेशानी के दौर से गुजरते हैं, तब या करते हैं? उनसे भागने की कोशिश करते हैं, या खुद को शांत रखते हुए उनका हल निकल लेते हैं! यकीनन इसका दूसरा विकल्प ही सही है, खुद को शांत रखना और डट कर परेशानियों का सामना करना और फिर उन्हें सुलझा लेना।

**ध्यान:** ध्यान अर्थात मेडिटेशन कमाल की चीज है। ये ना सिर्फ आपके शरीररिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। दिन में बस थोड़ा समय निकाल कर ब्रीदिंग एसरसाइज और मेडिटेशन कर आपका दिमाग शांत और तरो- ताज़ा हो जाता है।

**रनिंग:** गति, फोकस, विनियमित श्वास, और शारीरिक श्रम के मिश्रण वाली रनिंग मन से नकारात्मक विचारों को दूर करने के लिए एक आदर्श तरीका है। रनिंग करते हुए जैसे-जैसे आपका पसीना बाहर निकलता है और दिल की धड़कनें तेज होती हैं, सारी परेशानियां भी बाहर निकल जाती हैं।

**रीडिंग:** कभी-कभी अपना दिमाग शांत करने का सबसे बेहतर तरीका होता है, कि कोई पसंदीदा विषय की किताब लेकर पढ़ना शुरू किया जाए। क्योंकि हम हमेशा वेकेशन के लिए समय नहीं निकाल पाते, तो बुक



रीडिंग एक कमाल का विकल्प होता है। इससे न सिर्फ बहुत कुछ सीखने को मिलता है, बल्कि जीनवन के प्रति एक नया नज़रिया भी बनता है।

**तीव्र वर्कआउट:** यदि आप परेशान हैं और गुस्से में हैं तो आपको थोड़ा पसीना बहा लेना चाहिए। लेकिन हमेशा जिम जाने के लिए खुद को प्रेरित करने कर ना और समय निकालना मुश्किल हो सकता है, तो अपने गुस्से और परेशानी की झुंझलाहट को प्रेरणा बनाएं और जिम जाएं।

**बॉक्सिंग:** सुनने में शायद थोड़ा अजीब लगे, लेकिन कभी-कभी गुस्सा और मन दोनों को शांत करने के लिए आपको किसी को पंच मारना पड़ता है। लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आप किसी जीवित चीज को पंच दे मारें। बॉक्सिंग ग्लास उठाएं और थोड़ी बॉक्सिंग प्रेक्टिस कर डालें। आप और भी कोई ताकत लगने वाला खेल खेल करते हैं।

**पर्वतारोहण:** शांती प्रदान करने के लिए सबसे बेहतरीन जगह प्रकृति की गोद ही होती है। तो मन की उलझनों को निकाल फैंकने के लिए बस थोड़ा समय निकालें, अपना ट्रेवल बैग उठाएं और निकल पड़े पहाड़ों पर पर्वतारोहण के लिए।

## ट्रिप के दौरान बचें ठगों से



कम से कम साल में एक बार तो आप ट्रिप प्लान करती ही होंगी. अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रही हैं तो जरा इन ठगों से बचकर रहें.

**टैक्सी ड्राइवर:** रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट से निकलते ही आपको ढेरों टैक्सी/ऑटो ड्राइवर मिलते हैं, जो आपको करीबी और अच्छे होटल तक पहुंचाने की बात कहते हैं. इन ड्राइवर्स को होटल की तरफ से कमिशन मिलता है, जो कि होटल किसी न किसी रूप में आपसे वसूलता है. बेहतर है कि अपने लिए होटल पहले से बुक करके डेस्टिनेशन पर जाएं.

**नकली पुलिस अधिकारी:** यह पुलिस अधिकारी अक्सर आपसे नियम न फॉलो करने और यह कहकर कि यहां के नियम अलग हैं, आपका चालान काटते हैं और इस तरह आपसे पैसे ऐंठ लेते हैं. ऐसा नहीं है कि मिलने वाले सभी पुलिस अधिकारी नकली होते हैं, लेकिन इस तरह ठगने के मामले भी सामने आए हैं.

**होटेल रूम सिक्यॉरिटी:** यह लोगों को लूटने का नया तरीका है. इसमें कई बार जब आप होटेल से बाहर होते हैं, तो आपको फोन करके कोई सिक्यॉरिटी के नाम पर होटेल रूम की चेकिंग के लिए पूछता है और होटेल रूम में हिडन कैमरा लगा दिया जाता है।

**ध्यान भटकाना:** टूरिस्टों से सामान छीनने का यह सबसे आसान तरीका है. इसमें कोई व्यक्ति या बच्चा आपसे ऐड्रेस या डायरेक्शन पूछता है और जैसे ही आपका ध्यान बच्चे की तरफ जाता है, तभी दूसरा आदमी आपका सामान चोरी कर लेता है या छीनकर भाग जाता है इसलिए अपने सामान को हमेशा अपने हाथ में टाइट पकड़कर रखें.

जानकारी

# शहद एक और इसके फायदे अनेक



शहद एक मीठा और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ है, जो रसोई के अलावा औषधि के रूप में सालों से प्रयोग किया जाता है. इसे खाने और लगाने से त्वचा में निखार आ जाता है, साथ ही शरीर पर हुए किसी जख्म और जलन पर लगाने से यह प्राकृतिक रूप से घाव भर देता है. विज्ञान भी इसकी गुणवत्ता को मानता है। आज के दौर में शहद वैज्ञानिकों के लिए शोध का विषय है और पिछले कई सालों से शहद में विद्यमान एंटी माइक्रोबियल,एंटी ओक्सीडेंट और एंटी इन्फ्लेमेटरी आदि गुणों पर अनुसंधान चल रहा है,जिसके द्वारा कई प्रकार के कैंसर और दिल की बिमारियों को कुछ हद तक काबू में किया जा सकता है.

- प्राचीन काल में एथलीट्स खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए शहद का सेवन करते थे, क्योंकि यह शरीर में ग्लाइकोजन के स्तर को सामान्य बनाये रखने सहायक होता है.
- शहद त्वचा के लिए नमी और क्लींजर का काम करता है, इसे नियमित खाने और लगाने से त्वचा मुलायम और चमकदार रहती है.
- जई (ओट्स) में मिलाकर इसे लगाने से यह एक्सफोलिएशन का काम करती है, यह मृत कोशिकाओं को आसानी से साफ कर नई कोशिकाओं को पैदा होने में मदद करती है.
- शहद के नियमित इस्तेमाल से एक्जिमा की रोकथाम होने में सहायता मिलती है,
- यह क्षतिग्रस्त त्वचा को भी बहुत हद तक ठीक कर सकती है.
- शहद में एंटी ओक्सिडेंट बहुत अधिक मात्रा में होता है, इसलिए इसका नियमित सेवन करने से त्वचा को यूवी किरणों से बचाया जा सकता है.
- शहद रुसी के लिए सबसे अच्छा घरेलू उपचार है. यह सूखे बालों को पोषण प्रदान कर उन्हें चमकदार और मुलायम बनाता है.
- ठंड के दिनों में गरम दूध में एक चम्मच शहद मिलाकर पीने से अनिद्रा कम हो जाती है.
- वर्कआउट या व्यायाम के बाद इसे पीने से तुरंत ऊर्जा मिलती है.
- मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी शहद एक दवा के रूप में काम करता है, खासकर वृद्धावस्था में यह उनके मानसिक स्वास्थ्य को सही रखता है, इसमें उपस्थित प्राकृतिक शर्करा याददाश्त और एकाग्रता को बढ़ाने में सहायक होता है.
- शहद एक प्राकृतिक कामोत्तेजक है और इसके नियमित सेवन से शरीर में लिपिडो को ब?ाने में मदद मिलती है.
- रोजाना शहद का सेवन करने से शरीर में कैल्शियम, पोटैशियम और विटामिन बी मिलता है, इसमें कोलेस्ट्राल की मात्रा नहीं होती.
- इसके अलावा इसमें ग्लूकोस, फक्टोस और अन्य लवण जैसे मैग्नेशियम, पोटेशियम, सल्फर, आयरन और फास्फेट होते है, जो काफी हद तक शरीर में जरुरी पोषक तत्व को बनाये रखने में कामयाब होते हैं.
- शहद शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है, साथ ही पाचन तंत्र में सुधार लाकर स्वस्थ बने रहने में सहायक होता है.
- चीनी के वजाय शहद से भी मिठाईयां बनाई जा सकती हैं, यह प्राकृतिक शर्करा है इसलिए इसे कौफी, चाय, बेक्ड व्यंजनों, स्मूदीज आदि सभी में प्रयोग किया जा सकता है.

# कम जगह में कैसे बढ़ाएं प्यार



परिवार एक एकल इकाई है, जहां पेरैंट्स और बच्चे एकसाथ रहते हैं. इन्हें प्रेम, करुणा, आनंद और शांति का भाव एकसूत्र में बांधता है. यही उन्हें जुड़ाव का एहसास प्रदान करता है. उन्हें मूल्यों की जानकारी बचपन से ही दी जाती है, जिस का पालन उन्हें ताउम्र करना पड़ता है. जो बच्चे संयुक्त परिवार के स्वस्थ और समरसतापूर्ण रिश्ते की अहमियत समझते हैं, वे काफी हद तक एकसाथ रहने में कामयाब हो जाते हैं.

## साथ रहने के फायदे

बच्चों के साथ जुड़ाव और बेहतरीन समय बिताने से हंसीठिठोली, लाड़प्यार और मनोरंजक गतिविधियों की संभावना काफी बढ़ जाती है. इस से न सिर्फ सुहानी यादें जन्म लेती हैं बल्कि एक स्वस्थ पारिवारिक विरासत का निर्माण भी होता है. इस का मतलब यह नहीं है कि हमेशा ही सबकुछ ठीक रहता है. एक से अधिक बच्चों वाले घर में भाईबहनों का प्यार और उन की प्रतिद्वंद्विता स्वाभाविक है. कई बार स्थितियां मातापिता को उलझन में डाल देती हैं और वे अपने स्तर पर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं तथा घर में शांतिपूर्ण स्थिति का माहौल बनाते हैं. कम जगह में आपसी प्यार बढ़ाने के खास टिप्स बता रही हैं शैमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल की फाउंडर डायरैक्टर मीनल अरोड़ा ।

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता की व्यवस्था

प्रत्येक बच्चे के लिए एक कमरे में व्यक्तिगत आजादी का प्रबंध करने से उन में व्यक्तिगत जुड़ाव की भावना का संचार होता है. प्रत्येक बच्चे के सामान यानी खिलौनों को उस के नाम से अलग रखें और उस की अनुमति के बिना कोई छू न सके. बच्चों में स्वामित्व की भावना परिवार से जुड़ने के लिए प्रेरित करती है जिस से अनेक सकारात्मक परिवर्तन होते हैं. कमरे को शेयर करने के विचार को दोनों के बीच आकर्षक बनाएं.

## नकारात्मक स्थितियों से बचाएं बच्चों को



भाईबहनों में दृष्टिकोण के अंतर के कारण आपस में झगड़े होते हैं. इस के कारण वे कुंठा को टालने में कठिनाई महसूस करते हैं और किसी भी स्थिति में नियंत्रण स्थापित करने के लिए झगड़ते रहते हैं, आप अपने बच्चों को ऐसे समय इस स्थिति से दूर रहने के लिए गाइड करें. हमें अपने बच्चों को झगड़े की स्थिति को पहचानने में सहायता करनी चाहिए और इसे शुरू होने के पहले ही समाप्त करने के तरीके बताने चाहिए.

## व्यक्तिगत सम्मान की शिक्षा दें

प्रत्येक व्यक्ति का अपना खुद का शारीरिक और भावनात्मक स्थान होता है, जिस की एक सीमा होती है, उस का सभी द्वारा सम्मान किया जाना चाहिए. बच्चों को समर्थन दे कर उन की सीमाओं को मजबूत करें.उन्हें दूसरे बच्चों की दिनचर्या और जीवनशैली का सम्मान करने की शिक्षा भी दें. यदि दोनों भाईबहन पहले से निर्धारित सीमाओं से संतुष्ट हैं तो उन के बीच पारस्परिक सौहार्द बना रहता है.

## क्षतिपूर्ति सुनिश्चित करें

कभी ऐसा भी समय आता है, जब एक बच्चा दूसरे बच्चे की किसी चीज को नुकसान पहुंचा देता है या उस से जबरन ले लेता है. ऐसे में पेरैंट्स को चाहिए कि जिस बच्चे की चीज ली गई है उस बच्चे की भावनाओं का खयाल कर उस के लिए नई वस्तु का प्रबंध करें और गलत काम करने वाले बच्चे को उस की गलती का एहसास करवाएं. इस से परिवार में अनुशासन और ईमानदारी सुनिश्चित होगी. इस से भाईबहनों को भी यह एहसास होता है कि पेरैंट्स उन का खयाल रखते हैं और घर में न्याय की महत्ता बरकरार है.

## चरित्र निर्माण में सहयोग

एकदूसरे के नजदीक रहने से दूसरे के आचारव्यवहार पर निगरानी बनी रहती है. किसी की अवांछनीय गतिविधि पर अंकुश लगा रहता है. यानी कि बच्चा चरित्रवान बना रहता है. किसी समस्या के समय दूसरे उस का साथ देते हैं. दूसरी और, सामूहिक दबाव भी पड़ता है और बच्चा गलत कार्य नहीं कर पाता. अत~ मौरल विकास अच्छा होता है.

## बच्चे की जागरूकता की प्रशंसा करें

यदि कोई बच्चा समस्या के समाधान की पहल करता है और नकारात्मक स्थिति से बाहर निकलने की कोशिश करता है तो उस की प्रशंसा करें. समस्या के समाधान के सकारात्मक नजरिए को सम्मान प्रदान करें, क्योंकि इस से उस का बेहतर विकास होगा और वह परिपक्वता की दिशा में आगे बढ़ेगा. प्रोत्साहन मिलने से हम अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं. इस से बच्चों को अपनी उपलब्धियों पर गर्व का एहसास होगा और वे इस स्वभाव को दीर्घकालिक रूप से आगे बढ़ाएंगे।

रेसिपी

## हेल्दी बेक्ड जुकीनी फ्राई



### सामग्री

4 जुकीनी, 1/2 कप परमेसन चीज,1/2 छोटा चम्मच सूखा थाइम , छोटा चम्मच ओरिगैनो, छोटा चम्मच सूखी बेसिल, 1/4 छोटा चम्मच लहसुन पाउडर, 2 बड़े चम्मच औलिव औयल, 2 बड़े चम्मच पार्सले कटी, नमक व कालीमिर्च स्वादानुसार

### विधि

जुकीनी को धो कर लंबे व छोटे टुकड़ों में काट लें. एक ग्रिल को बेकिंग ट्रे में लगाएं और नौनस्टिक स्प्रे लगा कर अलग रखें. एक बाउल में जुकीनी, औलिव औयल और पार्सले छोड़ कर बाकी सारी सामग्री मिलाएं। जुकीनी के टुकड़ों को बेकिंग ट्रे में लगाएं और ऊपर से तैयार मिश्रण व औलिव औयल डाल कर 180 डिग्री सैंटीग्रेड पर पहले से गरम ओवन में सुनहरा होने तक बेक करें. पार्सले से सजा कर तुरंत सर्व करें.

## मीठे में बनाएं चौकलेट संदेश



### सामग्री

1 किलोग्राम ताजा छेना, 250 ग्राम चीनी, 100 ग्राम लिक्विड चौकलेट, 30 ग्राम कोको पाउडर,30 ग्राम ड्रिंकिंग चौकलेट पाउडर

### विधि

छेना और चीनी को एकसाथ मिला कर कड़ाही में चढ़ा कर लगातार चलाते हुए इस का पूरा पानी सुखा लें. इसे एक ट्रे या थाली में निकाल लें और ठंडा होने दें. चौकलेट संदेश बनाने के लिए इस में लिक्विड चौकलेट और कोको पाउडर डाल कर अच्छी तरह गूंधते हुए मिला लें. एक चौकोर ट्रे में घी लगा कर मिश्रण को जमा दें. अब ड्रिंकिंग चौकलेट पाउडर ऊपर से एकसमान डाल कर अच्छी तरह फैला दें. फिर चौकोर आकार में काट लें.

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**